kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-348 ❑ गुरुवार, 22 जनवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



चरैवेति
चरैवेति चरन्वै मधु विन्दति। सूर्यास्य पश्य श्रेमाणं न मामार न जीर्यति? प्रधानमंत्री ने इसका भावार्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि जो निरंतर चलता रहता है, वही सफलता का मधु प्राप्त करता है। सूर्य के समान कर्मशील व्यक्ति न तो थकता है और न ही समय से पराजित होता है। **नरेन्द्र मोदी**

न्यू पार्लियामेंट-द वॉयस ऑफ़ भारत का लोकार्पण 11

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले को दी 538 करोड़ की सौगात 12

## संक्षेप

### उत्तर प्रदेश के 'राजभवन' का नाम बदलकर 'जन भवन' किया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास ''राजभवन'' का नाम परिवर्तित कर ''जन भवन' किया गया है। आज यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार 'गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नयी दिल्ली द्वारा राज्यपाल के आधिकारिक आवासों के नामकरण के मानकीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के आधिकारिक आवास का नाम परिवर्तन किया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार पूर्व में ''राज भवन'' के नाम से ज्ञात राज्यपाल के आधिकारिक आवास को अब ''जन भवन'' नाम दिया गया है। इस निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल का आधिकारिक आवास तत्काल प्रभाव से समस्त शासकीय एवं वैधानिक प्रयोजनों के लिए ''जन भवन'' के नाम से अभिहित एवं संबोधित किया जाएगा।

### महंत नृत्य गोपाल दास की तबियत बिगड़ी, मेदांता में भर्ती

**लखनऊ।** श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत अचानक फिर बिगड़ने पर बुधवार को इलाज के लिए उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर विशेषज्ञों की देख रेख में उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि महंत ने पिछले 36 घंटे से कुछ भी नहीं खाया है। उल्टी दस्त की समस्या के बाद महंत नृत्य गोपाल दास को लगातार कमजोरी महसूस होने पर चिकित्सक की निगरानी में रखा गया, लेकिन वह कुछ भी अन्न ग्रहण नहीं कर पा रहे हैं। अस्पताल के निदेशक डॉ. राकेश कपूर ने उनके भर्ती होने की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी आधे घण्टे पूर्व आये हैं। इमरजेंसी में महंत नृत्य गोपाल दास की जांच चल रही है। जांच के आधार पर इलाज की दिशा तय की जाएगी। उनके उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने बताया कि महंत जी की अभी जांच चल रही है। महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत खराब होने की खबर से संत समाज, रामभक्तों और श्रद्धालुओं में चिंता का माहौल है।

### कैबिनेट ने अटल पेंशन योजना को 2031 तक जारी रखने को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने का फैसला किया तथा इसके प्रचार, विकासात्मक गतिविधियों और अंतर वित्तपोषण के लिए सरकारी सहायता बढ़ाने को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये इस निर्णय से असंगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों को वृद्धावस्था में नियमित आय सुरक्षा सुनिश्चित होगी। कैबिनेट के फैसले के अनुसार योजना को 2030-31 तक जारी रखा जाएगा। इसके अंतर्गत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तक योजना की पहुंच बढ़ाने के लिए जनजागरूकता, क्षमता निर्माण जैसी प्रचार एवं विकासात्मक गतिविधियों के लिए सहायता दी जाएगी।

# सदन समग्र विकास का मंच : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत दुनिया के लोकतंत्र की जननी है और यहां प्राचीन काल गांवों में पंच की व्यवस्था लोकतंत्र का हिस्सा थी और आज देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था भारतीय संसद दुनिया के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को न्याय देने के लिए कानून भी विधायिका बनाती है और विकास की योजनाएं भी इसी सदन में बनती हैं। इसलिए सदन समग्र विकास का मंच होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित तीन दिवसीय 86वें पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समापन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह मंचस्थ रहे।

समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन की मेजबानी का मौका उत्तर प्रदेश विधानसभा को देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सदन समग्र विकास का मंच होते हैं और इस मंच का उपयोग कैसे और कहां करना है, यह पीठ को तय करना है । भारतीय संविधान की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत है और दुनिया में सबसे पुराना लोकतंत्र भारत का है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वराज की अवधारणा गांवों की इसी व्यवस्था में निहित है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने संसद के नियम और परिनियम समझ लिए तो उसे विधानसभा चलाने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। संसद में कैसे सवाल आते हैं और किस प्रकार से जवाब दिए जाते हैं। यह सब आसानी से सीखा जा सकता है। अपने सांसद के कार्यकाल को याद करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने बहुत सीखा है और उससे कार्य करने में बड़ी मदद मिली है। उत्तर प्रदेश की विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह बहुत ही अच्छे तरीके से सदन चलाते हैं। विपक्ष को भरपूर मौका मिलता है। यहां सदन का समय बर्बाद नहीं होता है और विपक्ष को पूरा समय मिलता है और मंत्री और प्रश्नकर्ता भी पूरी तैयार से आते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले के मुकाबले अब तरह तरह की चुनौतियां आ रही हैं। इन्हीं चुनौतियों के बीच हमें तकनीक को अपनाते हुए सदन चलाना होगा। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि उत्तर प्रदेश विधानसभा और परिषद में पेपरलेस है। कैबिनेट भी पेपरलेस और बजट तक पेपरलेस है। इस पेपरलेस व्यवस्था से हजारों वनस्पतियां कटने से बची और प्रकृति का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में सदन की न्यूनतम 30 दिन की बैठकें आयोजित करने के प्रस्ताव की सराहना की। उन्होंने कहा कि सदन में समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज उठनी चाहिए। समाज के कल्याणकारी योजनाओं बननी चाहिए और जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि वे ज्वलंत मुद्दों को उठाएं और उनका निराकरण कराएं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद में चर्चा के लिए होड़ लगी रहती है। यहां विकसित भारत को ● शेष पेज 11 पर

### 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन संपन्न




❑ देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था भारतीय संसद दुनिया के लिए प्रेरणा

### विधान मंडलों में न्यूनतम 30 दिन बैठकें होनी चाहिए: बिरला

**लखनऊ।** लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राज्य के विधान मंडलों में न्यूनतम 30 दिन बैठकें होनी चाहिए। इन बैठकों में सत्ता पक्ष व विपक्ष समेत सभी दलों के प्रतिनिधियों की बातें आनी चाहिए। जनता चाहती है कि उनके प्रतिनिधि विधानसभा में उनकी समस्याओं को उठाएं और सरकार उनका समाधान करे। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुए 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह कोसंबोधित कर रहे थे। तीन दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप सभापति हरिवंश सिंह, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समापन समारोह में ● शेष पेज 11 पर

# जनभागीदारी से और भव्य होगा उत्तर प्रदेश दिवस : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे यूपी दिवस-2026 के मुख्य अतिथि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सक्रिय सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता और विकास की साझा चेतना के साथ उत्तर प्रदेश दिवस-2026 इस वर्ष एक भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 24 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को जनभागीदारी के माध्यम से एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश दिवस को जनोत्सव के रूप में आयोजित किया जाए, जिसमें प्रदेश की आत्मा हर स्तर पर दिखाई दे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की गरिमामयी उपस्थिति आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान प्रदान करेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं गरिमा, अनुशासन एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में किया जाएगा, ताकि उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव एक साथ पूरे प्रदेश में मनाया जा सके।

बैठक में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की थीम पर आधारित विशेष प्रदर्शनी और शिल्प मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की विकास यात्रा, नवाचार, बुनियादी ढांचे, उद्योग, कृषि, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस वर्ष 'एक जनपद-एक व्यंजन' को आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। इसके अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद के पारंपरिक और विशिष्ट व्यंजन एक ही परिसर में उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि आगंतुक उत्तर प्रदेश के विविध स्वाद, खान-पान परंपराओं और स्थानीय पहचान से परिचित हो सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को उत्तर प्रदेश दिवस से प्रभावी रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि 'हमारी संस्कृति-हमारी पहचान' की भावना के अनुरूप लोक, शास्त्रीय एवं समकालीन कला रूपों को मंच प्रदान किया जाए तथा कलाकारों एवं आगंतुकों के लिए समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 24 जनवरी को आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी जनपदों के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाए, ताकि प्रदेश की सामूहिक उपलब्धियों का सम्मान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को ऐसा आयोजन बनाया जाए, जो ● शेष पेज 11 पर

# वायुसेना का ट्रेनी विमान तालाब में गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार दोपहर भारतीय वायुसेना का एक ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बमरौली एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान हवा में असंतुलित हुआ और शहर के बीचों-बीच स्थित एक तालाब में गिर गया। राहत की बात यह रही कि दो सीटों वाले इस विमान में सवार दोनों पायलट समय रहते पैराशूट के जरिए बाहर निकलने में सफल रहे और उनकी जान बच गई।

यह हादसा दोपहर करीब 12 बजे केपी कॉलेज के पीछे स्थित इलाके में हुआ, जहां स्कूल, रिहायशी कॉलोनियां और सार्वजनिक संस्थान आसपास मौजूद हैं। दुर्घटनास्थल माघ मेले से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, विमान पहले डगमगाया, फिर तेज आवाज के साथ नीचे की ओर गिरता दिखा। कुछ ही सेकंड में पैराशूट खुले और



दोनों पायलट तालाब में आ गिरे। वायुसेना के डिफेंस विंग के प्रवक्ता विंग कमांडर देबार्थो धर ने बताया कि यह माइक्रोलाइट ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट तकनीकी खराबी का शिकार हुआ था। उन्होंने कहा कि पायलटों ने स्थिति को भांपते हुए विमान को आबादी से दूर एक खाली क्षेत्र की ओर मोड़ने की कोशिश की, जिससे किसी नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचा। घटना के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने दलदल में फंसे पायलटों को बाहर निकालने में मदद की। दोनों पायलटों को ● शेष पेज 11 पर

# मतदाता सूची का शुद्ध होना लोकतंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण : सीईसी

एजेंसी

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह बात बुधवार को भारत मंडपम में आयोजित लोकतांत्रिक देशों के निर्वाचन निकायों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कही।

चुनाव आयोग की ओर से अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन (आईआईसीडीईएमऽ2026) का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीईसी ने भारत की चुनाव व्यवस्था की सफलता साझा की। उन्होंने बताया कि हाल ही में बिहार में कराए गए विधानसभा चुनाव के दौरान लगभग साढ़े सात करोड़ मतदाताओं की सूची का व्यापक स्तर पर अद्यतन किया गया, जिसके खिलाफ एक भी अपील दर्ज नहीं हुई। साथ ही करीब




एक लाख मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ और कहीं भी पुनर्मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है, जिसकी परंपरा 600 ईसा पूर्व तक जाती है। उन्होंने अशोक स्तंभ और अथर्ववेद के संस्कृत मंत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राचीन ग्राम सभाएं और समितियां भारत की सुदृढ़ लोकतांत्रिक सोच को दर्शाती हैं। इससे पहले एक स्वागत समारोह में सीईसी ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी के साथ लगभग 60 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत किया। सम्मेलन में करीब एक हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 42 निर्वाचन प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि, 27 देशों के राजदूत व उच्चायुक्त, 70 से अधिक राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ, भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी और देशभर से आए 36 मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल हैं। सम्मेलन ● शेष पेज 11 पर

# गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली समेत प्रमुख शहर 'हाई अलर्ट' पर

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस से पहले देश की खुफिया एजेंसियों ने खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी समूहों से संभावित खतरों के मद्देनजर 'हाई अलर्ट' जारी किया है।

अलर्ट के मुताबिक दिल्ली और देश में कई अन्य प्रमुख शहर संभावित निशाने पर हो सकते हैं। इस इनपुट के बाद सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और संवेदनशील इलाकों में निगरानी तेज कर दी गई है। खुफिया सूत्रों से पता चला है कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर कथित तौर पर खालिस्तानी और अन्य कट्टरपंथी विदेशी आकाओं के लिए 'फुट सोल्जर' के रूप में काम कर रहे हैं। आरोप है कि विदेश में बैठे ये आका देश की आंतरिक सुरक्षा को बिगाड़ने और अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए इन आपराधिक नेटवर्कों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में सक्रिय हैं तथा खालिस्तानी आतंकवादी तत्वों के साथ उनके संबंध धीरे-धीरे मजबूत हो रहे हैं, ● शेष पेज 11 पर

# संयुक्त राष्ट्र प्रभावी होता तो 'बोर्ड ऑफ पीस' की जरूरत न पड़ती : ट्रंप

एजेंसी

न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र ने ''कभी भी अपनी क्षमता के अनुसार काम नहीं किया'' और यदि उसने प्रभावी भूमिका निभायी होती तो गाजा के लिए गठित 'बोर्ड ऑफ पीस' की जरूरत ही ना पड़ती।

ट्रंप ने संकेत दिए कि नवगठित 'बोर्ड ऑफ पीस' संयुक्त राष्ट्र का स्थान ले सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में 'बोर्ड ऑफ पीस' का गठन किया है जिसका उद्देश्य गाजा के पुनर्निर्माण में सहायता करना है। ट्रंप से जब एक संवाददाता सम्मेलन में सवाल किया गया कि क्या वह चाहते हैं कि 'बोर्ड ऑफ पीस' संयुक्त राष्ट्र का स्थान ले तो ट्रंप ने कहा, ''यह हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र बहुत मददगार साबित नहीं हुआ है। मैं संयुक्त राष्ट्र की क्षमताओं का बड़ा समर्थक हूं, लेकिन यह कभी अपनी पूरी



क्षमता के अनुसार काम नहीं कर पाया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ पर मंगलवार को व्हाइट हाउस के एक प्रेसवार्ता में पत्रकारों से रूबरू हुए और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए। यह प्रेसवार्ता करीब 105 मिनट तक चली। ट्रंप ने कहा, ''अमेरिका ने हाल ही में 'बोर्ड ऑफ पीस' का गठन किया है और मुझे लगता है कि यह वाकई शानदार साबित होने जा रहा है। अगर संयुक्त राष्ट्र ने अधिक कदम उठाए होते तो शायद इसकी जरूरत नहीं होती। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने अपने ● शेष पेज 11 पर

### खुफिया चेतावनी के बाद सुरक्षा के लिए उठाया ऐहतियाती कदम, उग्रवादी तत्वों के सक्रिय होने की आशंका


# बंगलादेश से वापस आयेंगे राजनयिकों के परिवार

एजेंसी

नयी दिल्ली। बंगलादेश में अपने राजनयिकों तथा उनके परिवारों पर संभावित आतंकवादी खतरे की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद भारत ने वहां से राजनयिकों के परिजनों को वापस लाने का निर्णय लिया है, हालांकि इस बारे में औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गयी है।

उच्च पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कदम एक एहतियाती उपाय है और यह इस बात का संकेत भी है कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बंगलादेश की सरकार के कारण द्विपक्षीय संबंध खराब हो रहे हैं।

खुफिया जानकारी के अनुसार अगस्त 2024 में छात्रों के विद्रोह के बाद बड़ी संख्या में रिहा किये गये उग्रवादियों के कई संगठन बंगलादेश में फिर से संगठित हो गये हैं और वहां उन्हें एक तरह की मान्यता भी मिल रही है। खुफिया आकलन में कहा गया है कि ये तत्व भारतीय राजनयिकों और उनके परिवारों को निशाना बना सकते हैं। इस संभावित खतरे के मद्देनजर सरकार ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए बंगलादेश में तैनात भारतीय राजनयिकों के परिवारों को ऐहतियात के तौर पर स्वदेश बुलाने का निर्णय लिया है। भारत की रणनीतिक व्यवस्था को बंगलादेश में उग्रवादी ताकतों के पुनरुत्थान और इस्लामवादी आतंकवादी संगठनों द्वारा भारत के खिलाफ



बढ़ती कटु भाषा और शत्रुतापूर्ण रुख को लेकर बढ़ती चिंता है। अधिकारियों का मानना है कि यह सुरक्षा परिदृश्य पिछले दशक में दोनों देशों के बीच निरंतर आतंकवाद-रोधी सहयोग से हासिल की गयी स्थिरता की तुलना में काफी बिगड़ गया है। इस महीने की शुरुआत में 'एक एजेंसी' को दिये एक साक्षात्कार में मॉरीशस सरकार के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी शांतनु मुखर्जी ने कहा था कि देश की पूर्वी सीमा के पार हाल के घटनाक्रम से यह संकेत मिलते हैं कि उग्रवादियों को रिहा किये जाने से आतंकवाद के खिलाफ मिली सफलता पर विपरीत असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि कट्टरपंथी आतंकवादी कैदियों को जेल से रिहा कर फिर से संगठित होने दिया जा रहा है, जिससे बंगलादेश फिर से 'जिहादी' नेटवर्कों के लिए आधार बन सकता है, जैसा कि 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में हुआ करता था। श्री मुखर्जी ने चेतावनी दी, इन उग्रवादियों का पिछले साल रिहा होने के बाद फिर से संगठित होना बेहद चिंताजनक है। इससे न केवल बंगलादेश के अंदर हिंसा का खतरा बढ़ा है, बल्कि भारत के लिए भी सीमा पार से खतरे की आशंका बढ़ गयी है। भारतीय अधिकारी इस बात को लेकर विशेष रूप से चिंतित हैं कि बंगलादेशी आतंकवादी समूह पाकिस्तान और पश्चिम एशिया के कट्टरपंथी संगठनों के साथ फिर से संबंध स्थापित कर रहे हैं, जिससे पुराने क्षेत्रीय आतंकवादी नेटवर्क फिर से सक्रिय हो सकते हैं, जिन्हें पिछले वर्षों में काफी हद तक खत्म किया जा चुका था। सूत्रों ने बताया कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारत बंगलादेश में अपने आधिकारिक कार्यक्रम और बैठकें कम धूमधाम से करेगा। बंगलादेश में भारतीय मिशनों को सुरक्षा का ज़्यादा खतरा है, खासकर दिसंबर 2025 में इस्लामी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद से। ढाका में भारतीय उच्चायोग में हिंसक प्रदर्शन हुए हैं, जबकि सहायक उच्चायोगों पर पत्थर फेंकने की घटनाएं भी घटी हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियां इन हमलों को 'सोची-समझी साजिश' मान रही हैं, क्योंकि ऐसी अफवाहें फैली थीं कि हादी की हत्या में शामिल शूटर भारत भाग गये थे। बाद में हालांकि आरोपियों में से एक ने वीडियो जारी कर दावा किया कि वह उस समय कहीं और था। अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना सरकार गिरने के बाद मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से भारत ने बंगलादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर भी चिंता जतायी है। इस महीने की शुरुआत में, भारत ने बंगलादेश से सांप्रदायिक घटनाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आह्वान किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था, हम चरमपंथियों द्वारा अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनके घरों और व्यवसायों पर बार-बार होने वाले हमलों का एक परेशान करने वाला पैटर्न देख रहे हैं। मानवाधिकार समूह राइट्स एंड रिस्क एनालिसिस ग्रुप के अनुसार, बंगलादेश में एक दिसंबर 2025 और 15 जनवरी 2026 के बीच अल्पसंख्यक समुदायों के कम से कम 15 लोगों की हत्या की गयी है।

# ब्राज़ील के मेयर ने की लखनऊ नगर निगम के विकास कार्यों की सराहना

❒ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ के मॉडल में बढ़ी रुचि, रोमिन्हो बोले 'मुस्कुराइए हम लखनऊ में हैं'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ नगर निगम और उत्तर प्रदेश के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा, जब ब्राज़ील के साओ पाओलो राज्य के पिकेटे (Piquete) शहर के मेयर रोमिन्हो अपने उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ लखनऊ पहुंचे। यह प्रतिनिधिमंडल लखनऊ नगर निगम द्वारा किए जा रहे नवाचार पूर्ण और सतत विकास कार्यों का अध्ययन करने के उद्देश्य से भारत आया था।

ब्राज़ील से आए प्रतिनिधि मंडल का स्वागत स्मार्ट सिटी कार्यालय, लालबाग में सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के कई जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। स्वागत कार्यक्रम में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चरनजीत गांधी , उपनेता पार्षद दल भाजपा सुशील तिवारी 'पम्मी' , कार्यकारिणी सदस्य, पार्षद गौरी सांवरिया , पार्षद सौरभ सिंह 'मोनू' , रीता राय जी सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे। नगर निगम प्रशासन की ओर से अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान सहित अनेक अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## भारत-ब्राज़ील सहयोग को मिली नई दिशा

ब्राज़ील के प्रतिनिधिमंडल के साथ Indo-Brazilian Chamber of Commerce के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पाउलो अज़ेवेदो, पिकेटे सिटी कॉर्पोरेशन के सिटी काउंसलर कार्लोस पोर्टो तथा एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी जूलियो एनकार्नासाओ भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का नगर निगम की ओर से पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया।

## पिकेटे के विकास मॉडल की प्रस्तुति, ब्राजील आने का दिया आमंत्रण

कार्यक्रम के दौरान मेयर रोमिन्हो ने अपने शहर पिकेटे में कराए गए विकास कार्यों, स्मार्ट सिटी पहल और आधुनिक तकनीकों की प्रस्तुति दी। उन्होंने माननीय महापौर सुषमा खर्कवाल को लखनऊ नगर निगम की टीम के साथ ब्राज़ील आने का औपचारिक आमंत्रण भी दिया, ताकि दोनों शहर एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकें।

## लखनऊ नगर निगम की उपलब्धियों की झलक

इसके बाद लखनऊ नगर निगम द्वारा किए गए विकास कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई। फिल्म में यूपी दर्शन पार्क, प्रेरणा स्थल, शिवरी प्लांट, सीएनडी वेस्ट प्लांट, पीसीटीएस-एफसीटीएस प्रणाली तथा वेंडिंग जोन जैसी प्रमुख परियोजनाओं की जानकारी दी गई, जिसे देखकर प्रतिनिधिमंडल काफी प्रभावित नजर आया।

## यूपी दर्शन पार्क और प्रेरणा स्थल का भ्रमण

ब्राज़ील के प्रतिनिधिमंडल को यूपी दर्शन पार्क का भ्रमण कराया गया। यहां झांसी का किला, ताजमहल, बांके बिहारी मंदिर और राम मंदिर के भव्य प्रतिरूपों को देखकर अतिथियों ने प्रशंसा की। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने प्रेरणा स्थल का अवलोकन किया। यह जानकर वे आश्चर्यचकित रह गए कि जहां आज प्रेरणा स्थल बना है, वहां कभी कूड़े का पहाड़ हुआ करता था। म्यूजियम में लगी स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरों और लघु फिल्म ने अतिथियों को विशेष रूप से प्रभावित किया।

## शिवरी प्लांट में कूड़ा निस्तारण की आधुनिक व्यवस्था

दौरे के अंतिम चरण में प्रतिनिधिमंडल ने शिवरी प्लांट का निरीक्षण किया। यहां नगर निगम प्रशासन और प्लांट प्रबंधन द्वारा कूड़ा निस्तारण की पूरी प्रक्रिया का प्रेजेंटेशन दिया गया और आधुनिक तकनीक से हो रहे अपशिष्ट प्रबंधन को प्रत्यक्ष रूप से दिखाया गया।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत बिजली विभाग से जुड़े लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट प्रयागराज के संगम सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने की।

बैठक में जनपद के सभी डिस्कॉम के अधिकारी उपस्थित रहे और योजना की प्रगति, लंबित आवेदनों तथा उपभोक्ताओं को आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने बिजली विभाग को निर्देशित किया कि जनपद के सभी विद्युत वितरण खंडों में एक समान प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की असमानता न रहे। उन्होंने कहा कि सरल और पारदर्शी प्राविधान सुनिश्चित किए जाएं, जिससे उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ प्राप्त करने में किसी भी तरह की परेशानी न हो। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कर योजना को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग सौर ऊर्जा के माध्यम से मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठा सकें।

## प्रयागराज की एषा सिंह को गणतंत्र दिवस परेड -2026 में 'वॉटर वॉरियर' के रूप में विशेष आमंत्रण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (गख्रएक्व) द्वारा गणतंत्र दिवस परेडऽ2026 के अवसर पर देशभर से चयनित 'वॉटर वॉरियर्स' को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में प्रयागराज की जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) सुश्री एषा सिंह का नाम शामिल किया गया है।सुश्री एषा सिंह विगत कई वर्षों से गंगा नदी के संरक्षण, पुनर्जीवन एवं स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने गंगा तटवर्ती ग्रामों में युवाओं को प्रशिक्षण देकर जल संरक्षण और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया तथा नमामि गंगे परियोजना को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया। उनके प्रयासों में महिलाओं, युवाओं एवं ट्रांसजेंडर समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।जिला स्तर पर विद्यालयों में चित्रकला, क्विज़, नुक्कड़ नाटक, रैलियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और घाटों पर स्वच्छता अभियानों के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। महाकुंभऽ2025 के दौरान उनके नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शनी और जागरूकता अभियानों ने लाखों श्रद्धालुओं को गंगा संरक्षण के प्रति प्रेरित किया।उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें पूर्व में 'वॉटर डाइजेस्ट वर्ल्ड वॉटर वॉरियर अवार्ड' और राज्य स्तर पर 'गंगा सम्मान' से नवाजा जा चुका है। गणतंत्र दिवस परेडऽ2026 में विशेष अतिथि के रूप में चयन उनके समर्पित कार्यों की बड़ी उपलब्धि है।

## प्रयागराज माघ मेला: सेवा आश्रम में आग, तीन लाख रुपये जल गए

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** बमाघ मेले के दौरान पराकुश वैष्णव सेवा आश्रम के शिविर में अचानक भीषण आग लग गई। आग में आश्रम में रखा लगभग तीन लाख रुपये कैश पूरी तरह जल गया। स्थानीय लोगों और आश्रम के कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। घटना के समय कोई हताहत नहीं हुआ। आश्रम प्रशासन और मेले में पहुंचे पर्यटक आग की वजह और क्षति का आकलन करने में जुट गए हैं। घटना से प्रशासन और श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया।

## नगर निगम की कार्रवाई पर सवाल, मानवता शर्मसार होने का आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** एजी ऑफिस के पास नगर निगम की कार्रवाई को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर निगम कर्मचारियों ने गरीबों के साथ मारपीट की, जिससे मानवता शर्मसार हुई है। आरोप है कि कार्रवाई के दौरान नियमों की अनदेखी करते हुए बल प्रयोग किया गया। इस घटना से नगर निगम के इंस्पेक्टर दीप सिंह की छवि भी प्रभावित हो रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गरीब परिवारों को हटाने के नाम पर अमानवीय व्यवहार किया गया। मामले को लेकर लोगों में आक्रोश है और निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

## शहर के बीचों-बीच तालाब में गिरा प्रशिक्षण विमान, बड़ा हादसा टला

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** शहर के बीचों-बीच केपी ग्राउंड के पीछे एक अंडर ट्रेनिंग विमान तालाब में गिर गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि दलदल होने के कारण विमान पूरी तरह क्षतिग्रस्त नहीं हुआ, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहा। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू कर दी गई है। अचानक हुए इस हादसे से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## पीएम सूर्य घर योजना को लेकर कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** संगम सभागार, कलेक्ट्रेट प्रयागराज में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिजली विभाग से जुड़े लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर चर्चा की गई, जिसमें सभी डिस्कॉम के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के सभी विद्युत वितरण खंडों में एक समान और सरल व्यवस्था लागू की जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए।

## नगर निगम में निविदा व्यवस्था को लेकर उठे सवाल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** नगर निगम प्रयागराज में निविदा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार निविदा की जिम्मेदारी बृजेश से हटाकर रजनीश पाल को सौंप दी गई है। आरोप है कि रजनीश पाल द्वारा अनैतिक लाभ के उद्देश्य से कुछ चुनिंदा लोगों को निविदा प्रक्रिया में लाभ पहुंचाया जा रहा है। साथ ही कई नियमित समाचार पत्रों की अनदेखी किए जाने की भी चर्चा है। इस मामले को लेकर निगम प्रशासन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं और जांच की मांग उठ रही है।

## ई-श्रम कार्ड धारक प्रधानमंत्री मानधन पेंशन योजनाओं का उठाएं लाभ

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए विकसित ई-श्रम पोर्टल (www.eshram.gov.in) के माध्यम से राष्ट्रीय डाटाबेस तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य असंगठित कर्मकारों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित करना है।इसी क्रम में असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (PM-SYM) एवं प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना (NPS-Traders) संचालित की जा रही है। इन योजनाओं में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे कामगार शामिल हो सकते हैं, जो असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हों और जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से अधिक न हो। पंजीयन के लिए ई-श्रम कार्ड, आधार कार्ड एवं बैंक खाता विवरण आवश्यक है।योजना के अंतर्गत पात्र कर्मकार 60 वर्ष की आयु के बाद प्रतिमाह 3000 की पेंशन प्राप्त कर सकते हैं। नामांकन के दौरान आयु के अनुसार नाममात्र का अंशदान जमा करना होगा, जिसके बराबर राशि केंद्र सरकार द्वारा भी जमा की जाएगी। नामांकन के बाद लाभार्थी को संबंधित योजना का कार्ड प्रदान किया जाएगा।मंडल प्रयागराज के ई-श्रम कार्ड धारक एवं अन्य असंगठित कर्मकार अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र (एट्टए) अथवा श्रम विभाग प्रयागराज द्वारा आयोजित शिविरों के माध्यम से इन पेंशन योजनाओं में पंजीयन कर लाभ उठा सकते हैं।

## ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कांदिल के नेतृत्व में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज द्वारा पैरासेलिंग एडवेंचर एक्टिविटी का भव्य शुभारंभ

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय प्रयागराज के तत्वावधान में 17 यूपी बटालियन एनसीसी, प्रयागराज द्वारा पाँच दिवसीय पैरासेलिंग एडवेंचर एक्टिविटी कैंप का आयोजन फाफामऊ वायु सेना क्षेत्र स्थित पंडिला महादेव जी हवाई पट्टी, प्रयागराज में किया जा रहा है। यह शिविर युवाओं में साहस, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।इस साहसिक शिविर का नेतृत्व एनसीसी ग्रुप कमांडर, प्रयागराज ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कांदिल एवं लेफ्टिनेंट कर्नल अरविन्द सिंह द्वारा किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर ब्रिगेडियर उपेन्द्र सिंह कांदिल ने स्वयं पैरासेलिंग बैलून के माध्यम से उड़ान भरकर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया और साहसिक प्रशिक्षण के महत्व को व्यवहारिक रूप से प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एडवेंचर प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर, अनुशासनबद्ध एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाता है, जो भविष्य के नेतृत्व निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## प्रशासन द्वारा हटाया गया अतिक्रमण

**डलमऊ,, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मार्ग दुर्घटना में एक माह के अंदर लगभग आधा दर्जन से अधिक हुई मौत के प्रशासन अब सख़्त कार्यवाही करने में जुट गया है।एक तरफ लालगंज रोड पर लगने वाले साप्ताहिक बाजार अब डलमऊ रोड पर लगने लगी है जिसमें मुराई बाग में लगने वाले जाम से लोगो को काफी हद तक जाम से निजात मिलेगी। बुधवार दोपहर लगभग 2 बजे से मुराई बाग चौराहे पर अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन द्वारा सघन अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डलमऊ तहसीलदार मंजरी सिंह ने किया। इस दौरान डलमऊ कोतवाल राघवन सिंह, गदागंज थाना प्रभारी दयानंद तिवारी, नगर पंचायत डलमऊ के लिपिक सोहराब अली, सदर लेखपाल हरिओम त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। अभियान की शुरुआत होते ही कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपनी दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटा लिया, जबकि कुछ स्थानों पर प्रशासन की सख्ती के चलते अतिक्रमण हटवाया गया। कार्रवाई के दौरान मुराई बाग चौराहे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।प्रशासन ने मुराई बाग क्षेत्र के रायबरेली रोड, प्रयागराज रोड, लालगंज रोड एवं डलमऊ रोड पर दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को हटाया।अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**डलमऊ,, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उन्नाव रेलवे मार्ग पर स्थित भीमगज रेलवे क्रॉसिंग के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार शाम करीब 8:30 बजे प्रयागराज से चलकर कानपुर को जा रही इंटर सिटी एक्सप्रेस चपेट में आने से एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। घटना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी । जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया। बुधवार को मामले की जानकारी मिलते ही परिजनो ने पुलिस को बताया कि अखिलेश 30 वर्ष विनोद कुमार निवासी सबिस्तापुर मजरे तेरुखा थाना डलमऊ का रहने वाला है वह रेल कोच में प्राइवेट नौकरी करता है सोमवार को मृतक अखिलेश अपने खेत मे रखवाली करने के लिए निकला था तभी से लापता है। इस संबंध में डलमऊ कोतवाल राघवन सिंह बताया कि इस मामले में अभी तक किसी भी प्रकार की कोई भी तहरीर नही दी गई है।अगर शिकायती पत्र मिलता है

# प्रयागराज में जिलास्तरीय जनगणना समन्वय समिति की प्रथम बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । आगामी जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर बुधवार को संगम सभागार में जिलास्तरीय जनगणना समन्वय समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की। बैठक में जनगणना कार्य को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 का संपूर्ण कार्य मोबाइल ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप में संपन्न कराया जाएगा, जिसके लिए सभी अधिकारियों को तकनीक के उपयोग में सतर्क और दक्ष रहने के निर्देश दिए गए।उन्होंने जानकारी दी कि जनगणना के प्रथम चरण का कार्य 22 मई से 20 जून 2026 के मध्य कराया जाएगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की सूची पूर्व से डिजिटल रूप में संधारित करने के निर्देश दिए गए, ताकि सीएमएम पोर्टल पर डाटाबेस अपलोड की प्रक्रिया सुगम हो सके। बैठक में जनगणना निदेशालय की टीम द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं सभी चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में जिलास्तरीय जनगणना समन्वय समिति की प्रथम बैठक संपन्न

प्रयागराज । जनपद प्रयागराज में आगामी जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर बुधवार को संगम सभागार में जिलास्तरीय जनगणना समन्वय समिति की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने की। बैठक में बताया गया कि जनगणना-2027 का संपूर्ण कार्य मोबाइल ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप में संपन्न कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को तकनीक के बेहतर उपयोग के साथ समयबद्ध व त्रुटिहीन कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने अवगत कराया कि जनगणना का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 के मध्य पूरा किया जाएगा। इसके लिए मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की सूची पहले से डिजिटल रूप में संधारित करने के निर्देश दिए गए, ताकि सीएमएम पोर्टल पर डाटाबेस अपलोड की प्रक्रिया सुगम हो सके। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/जिला जनगणना अधिकारी ने किया। इस दौरान जनगणना निदेशालय की टीम द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।

# आगामी महापर्वों को लेकर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सक्रिय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। काशी में आगामी वसंत पंचमी व महाशिवरात्रि के महापर्वों को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। सिगरा स्थित वाराणसी स्मार्ट सिटी सभागार में बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में अल्टीमेटम दिया कि त्योहारों से पहले शहर की सूरत बदली हुई नजर आनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं में किसी भी स्तर पर कोताही अक्षम्य होगी। वसंत पंचमी पर आयोजित होने वाले सरस्वती पूजा उत्सव को लेकर महापौर ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों के आसपास सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए और नियमित रूप से चूने का छिड़काव सुनिश्चित हो। इसके साथ ही पूजा समितियों और संचालकों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा गया है ताकि किसी भी क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो या गंदगी की समस्या न रहे। महापौर ने मां सरस्वती की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अस्थायी कुंडों का निर्माण व जो कुंड पहले से बने हुए हैं, उनकी तत्काल सफाई कराकर उनमें पर्याप्त पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि विसर्जन के समय भक्तों को असुविधा न हो और गंगा नदी को प्रदूषण से बचाया जा सके।महाशिवरात्रि से पहले सुधरेंगे मार्गमहाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा विश्वनाथ के दरबार सहित शहर के सभी प्रमुख शिवालयों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए महापौर ने मार्गों को दुरुस्त करने का आदेश दिया। उन्होंने मुख्य अभियंता को निर्देशित किया कि शिव भक्तों के आवागमन वाले सभी मार्गों की मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था को समय रहते ठीक कर लिया जाए। बैठक में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य पूरा करने को कहा। इस दौरान अपर नगर आयुक्त सविता यादव, सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसके चौधरी, जलकल के महाप्रबंधक अनूप सिंह और मुख्य अभियंता आरके सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## पुलिस ने बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**महराजगंज,रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डीपीआर के पब्लिक स्कूल रामपुर हलोर में मिशन शक्ति के तहत स्थानीय पुलिस ने बालिकाओं को जागरूक किया। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति एक अभियान है जिसका उद्देश्य स्कूलों कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान और सशक्तिकरण करना है जिसमें पुलिस टीम जागरूकता कार्यक्रम चलाती हैं जिसके क्रम में थाना महाराजगंज की पुलिस टीम रामपुर हलोर में स्थित डीपीआरके पब्लिक स्कूल में पहुंचकर बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में बताया तथा सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1090 पुलिस हेल्पलाइन 112 के बारे में जानकारी दिया और बताया कि आपात स्थिति में इनका उपयोग बेझिझक करें पुलिस सहायता तुरंत मिलेगी एंटी रोमियो स्क्वाड प्रमुख स्थानों पर गस्त करती है और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है क्योंकि सरकार का उद्देश्य है महिलाओ बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण देना उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है महिला सुरक्षा से जुड़े कानून और सरकारी सहायता की जानकारी साझा किया यह अभियान 2020 से शुरू हुआ और अब तक कई चरणों जैसे मिशन शक्ति 5.0 में संचालित किया जा रहा है जिसमें सरकार और पुलिस मिलकर काम कर रहे हैं मिशन शक्ति स्कूलों और समाज में महिलाओं को सुरक्षा और सशक्तिकरण प्रदान करने का एक व्यापक सरकारी अभियान है। पुलिस टीम में एसआई टी एन तिवारी, राधे श्याम, नेहा राठौर, संगीता पाल ज्ञानेंद्र तिवारी सहित विद्यालय स्टाफ मनोज त्रिवेदी, सुनीता पांडेय, अल्पना सिंह, रागिनी तिवारी, हेमा गुप्ता, वैभवी पांडेय अवंतिका मिश्रा, निशा, आराधना सहित अन्य मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार लोधी के नेतृत्व में कंबल वितरित



महराजगंज,**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारायणपुर गांव में ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार लोधी के नेतृत्व में आयोजित विशाल खिचड़ी भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम सामाजिक समरसता, सेवा और जनकल्याण का अनुपम उदाहरण बन गया। कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति ने ऐतिहासिक बना दिया। इस भव्य आयोजन में ग्राम सभा के तीन सौ से अधिक जरूरतमंद परिवारों को ठंड से राहत देने हेतु कंबल वितरित किए गए, जिससे गरीब एवं असहाय परिवारों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। प्रधान प्रदीप कुमार लोधी द्वारा एक ही स्थान पर सभी वर्गों को एकत्र कर समरसता भोज आयोजित करना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। कार्यक्रम जो व्यक्ति जनता के सुख-दुख में सहभागी बनता है, वही सच्चा जनसेवक होता है।ङ्क प्रधान प्रदीप कुमार लोधी ने बताया कि ग्राम सभा में हर वर्ष कंबल वितरण की परंपरा रही है, ताकि कोई भी परिवार ठंड से पीड़ित न रहे।
कार्यक्रम में ग्राम सभा के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने इस आयोजन की सफलता में योगदान दिया। इस मौके पर मुकेश कुमार,देशराज,श्यामलाल,दिनेश कुमार दीनदयाल,रावत,राममिलन,संजय,रामकुमार,मनोज कुमार,रामप्रसाद रोहित त्यागी गुड्डू गुरुप्रसाद रामदीन रामखेलावन राजकरन अखिलेश अरविंद रामराज संतराम मौजूद रहे।

# लखनऊ में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का सघन अभियान, कई स्थानों से अवैध कब्जे हटाए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । शहर में लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण और यातायात अवरोधों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम लखनऊ ने बुधवार को एक व्यापक और बहुस्तरीय अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया।

यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर नागरिकों को सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है। नगर निगम के जोन-1 क्षेत्र में जोनल अधिकारी ओ.पी. सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन विभाग की टीम ने सघन अभियान चलाया। यह अभियान चारबाग से बार्लिंगटन चौराहा होते हुए बापू भवन तक तथा परिवर्तन चौक, शनिदेव मंदिर, मोती महल और सहारागंज स्थित जल निगम कार्यालय तक संचालित किया गया। अभियान के दौरान सड़कों और फुटपाथों पर अवैध रूप से रखे गए सामान को हटाया गया, जिसमें एक ट्रक सामान जब्त किया गया। इस कार्रवाई से प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखा गया।इसी क्रम में नगर निगम जोन-05 क्षेत्र में भी व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। मवैया रेलवे छत्ता पुल से चारबाग मेट्रो स्टेशन के नीचे होते हुए के.के.सी. तक तथा वार्ड गीतापल्ली स्थित ईको गार्डन के पास बने शेल्टर होम के बाहर गेट पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अस्थायी अवैध कब्जों को हटाया गया। इस दौरान ठेला, ठेलिया, खुमचा, गुमटी और काउंटर जैसे अतिक्रमण हटाए गए। कुल 15 ठेले, 6 गुमटी और 4 काउंटर हटाए गए। साथ ही संबंधित अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान स्वच्छता नियमों के उल्लंघन और पॉलीथीन के प्रयोग के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई, जिसमें 4,000 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। यह अभियान जोनल अधिकारी जोन-05 विनीत कुमार सिंह के नेतृत्व में कर अधीक्षक सभाजीत सिंह, जोनल सेनेटरी अधिकारी सचिन सक्सेना, राजस्व निरीक्षक पियूष तिवारी, राजस्व निरीक्षक रुचि यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुभाष चौधरी, प्रवर्तन दल और पुलिस बल की संयुक्त मौजूदगी में संपन्न हुआ।

# कुढ़ा ग्राम पंचायत बना प्रदेश का दूसरा 'जल अर्पण गांव', पेयजल की कमान अब ग्रामीणों के हाथ

❒ बुधवार को आयोजित जल अर्पण दिवस समारोह में प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह विधायक अमरेश रवत साथ ग्राम प्रधान अमरीश कुमार को प्रतीक स्वरूप जल कलश सौंपकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया




**कैनविज टाइम्स संवाददात**

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र की कुढ़ा ग्राम पंचायत ने प्रदेश में एक नई पहल की मिसाल कायम करते हुए उत्तर प्रदेश का दूसरा 'जल अर्पण गांव' बनने का गौरव हासिल किया है। बुधवार को आयोजित जल अर्पण दिवस समारोह में प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह विधायक अमरेश रवत ने ग्राम प्रधान अमरीश कुमार को प्रतीक स्वरूप जल कलश सौंपकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जल अर्पण गांव बनने के बाद अब कुढ़ा में पेयजल आपूर्ति की पूरी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत और ग्रामीणों के हाथों में होगी। ग्राम प्रधान के नेतृत्व में गांव के लोग स्वयं जलापूर्ति व्यवस्था का संचालन, रखरखाव और निगरानी करेंगे। इस पहल से गांव में न केवल स्वच्छ पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर जवाबदेही और सहभागिता भी मजबूत होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'हर घर जल' योजना गांवों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है।

उन्होंने जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पानी का सदुपयोग करना हर नागरिक का दायित्व है और जल स्रोतों की रक्षा के बिना भविष्य सुरक्षित नहीं रह सकता।मंत्री ने बताया कि 2 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना के तहत गांव के 550 परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मंत्री और अधिकारियों ने नल से पानी पीकर उसकी गुणवत्ता भी परखी और व्यवस्था पर संतोष जताया।कार्यक्रम से पूर्व स्कूली बच्चों ने प्रभात फ़ेरी निकालकर जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। बच्चों की रैली ने ग्रामीणों को पानी बचाने और स्वच्छ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। योजना के तहत कार्यदायी संस्था अगले 10 वर्षों तक संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी निभाएगी, जिससे व्यवस्था की निरंतरता बनी रहेगी।स्थानीय ग्रामीणों ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि जल अर्पण गांव बनने से गांव आत्मनिर्भर बनेगा और शुद्ध पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# कंटेनर के केबिन में संदिग्ध हालात में मिला चालक का शव , चेहरे पर चोट के निशान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बीकेटी, लखनऊ। बीकेटी थाना अंतर्गत किसान पथ इंदौराबाग मोड़ के निकट सर्विस रोड़ पर यूपी 81बीटी9234 कंटेनर में हरिद्वार से गाज़ीपुर जनपद दो पहिया वाहन लेकर जा रहे कंटेनर चालक का केबिन में शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।चालक के चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान मिलने से यह मामला अब केवल संदिग्ध नहीं,बल्कि सुनियोजित हत्या की ओर इशारा कर रहा है।घटना के बाद से पुलिस महकमे में भी हड़कंप मचा हुआ है।मृतक की पहचान राममूर्ति पुत्र छोटेलाल ग्राम-नन्सोहा,इन्दापुर इन्दौली,थाना-रामकोट,जनपद सीतापुर के रूप में हुई।वही थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पीआरवी पुलिस कर्मियों को मंगलवार रात्रि लगभग ग्यारह बजे गश्त के दौरान थाना अंतर्गत इंदौराबाग मोड़ के पास एक कंटेनर काफी देर से सड़क किनारे खड़ा था और उसके केबिन का दरवाज़ा खुला हुआ था,कुछ देर तक अंदर से कोई हलचल नहीं दिखी तो संदेह होने पर जब केबिन में जाकर देखा तो अंदर का नज़ारा देख पुलिसकर्मी सन्न रह गए,ड्राइवर के बगल वाली सीट पर अचेत अवस्था में ड्राइवर पड़ा हुआ था और चेहरे पर चोट के निशान थे,उसको तत्काल अस्पताल भिजवाया गया,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मृतक के शव का उनके परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था।घटना के संबंध में आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किये जा रहे हैं।परिजनों द्वारा दी ग़ैबतहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत कर अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।सूत्रों के मुताबिक प्रारंभिक जांच में यह मामला प्राकृतिक मौत या हादसे का नहीं लग रहा है।आशंका जताई जा रही है कि चालक के साथ पहले मारपीट की गई और फिर उसकी हत्या कर शव को केबिन में छोड़ दिया गया।वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का खुलासा होगा,जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर हुई तोड़फोड़ के विरोध में सपा ने दिया ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट पर चबूतरे के चारों तरफ देवी-देवताओं की मूर्तियों के अलावा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की भी मूर्ति को बुलडोजर द्वारा तोड़े जाने के विरोध में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय कैसरबाग, लखनऊ की समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ सभा के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी, लखनऊ को सौंपा गया।

इस मौके पर समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी से जुड़े करोड़ों लोगों की भावनायें आहत हुई हैं। इस घटना का समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ लखनऊ पुरजोर विरोध करती है। इस मामले की गहनता से निष्पक्ष जांच की जाये और भविष्य में दोबारा ऐसी घटना न हो व घाट के साथ ही लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा का पुनः निर्माण कराया जाय एवं दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, प्रदेश सचिव त्रिवेणी प्रसाद पाल, एड0 विपिन पाल, रामसेवक पाल, जिला उपाध्यक्ष रामनरेष पाल, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा अंजनी प्रकाष यादव, गुरू प्रसाद पाल, आशीष पाल 'मोनू', हरिप्रसाद लोधी, ज्ञानेन्द्र कुमार 'ज्ञानू', रामबरन पाल, लालजी यादव, जी0एच0 जैदी, वीरेन्द्र यादव, मोहित पाल के साथ सैकड़ों पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रतिबंधित पॉलीथीन और गंदगी के विरुद्ध नगर निगम का अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । शहर को स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम लखनऊ द्वारा बुधवार को जोन-7 क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथीन और गंदगी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई।

अभियान का नेतृत्व जोनल सेनेटरी अधिकारी अजीत कुमार राय ने किया।जोन 7 में चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत अरविन्दों पार्क के निकट, मुंशीपुलिया चौराहा, सेक्टर-12 एवं सेक्टर-13 इंदिरा नगर क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में सघन निरीक्षण किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी रोक लगाना, गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई करना तथा नागरिकों और व्यापारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन का उपयोग पाया गया। जिन दुकानों और प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, उनमें मेडिसीन सेंटर, कृष्णा फूड एंड कैफ़े, दुर्गा कचौड़ी भंडार तथा श्री भोजनालय प्रमुख रूप से शामिल हैं। मौके पर दुकानों के अंदर प्रतिबंधित प्लास्टिक पाए जाने पर संबंधित सामग्री को जब्त किया गया और नियमों के अनुसार जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान गंदगी फैलाने के मामलों में कुल 22,000 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह नगर निगम के नियमों का भी उल्लंघन है। ऐसे मामलों में आगे और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक रूपेन्द्र भास्कर, संचिता मिश्रा, प्रवर्तन दल (296) की टीम तथा अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। टीम ने दुकानदारों और आम नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालने तथा प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग पूरी तरह बंद करने की अपील की।

## बीकेटी में ओटी टेक्निशियन का कोर्स कर रही युवती ने किया सुसाइड



**बीकेटी,लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** बीकेटी थाना अंतर्गत एक निजी नर्सिंग कॉलेज से ओटी टेक्निशियन का कोर्स कर रही छात्रा ने कमरे में छत में लगे पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वही घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना के साक्ष्यों को संकलित कर शव को पोस्टमार्टम के भेजकर अन्य विधिक कार्यवाही में लगी हुई थी,वही घटना से मृतका छात्रा के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।प्राप्त जानकारी के अनुसार लखीमपुर जनपद के साधुराम वर्मा की पुत्री प्रियांशी वर्मा(19) अपनी छोटी बहन के साथ लखनऊ जनपद के बीकेटी थाना अंतर्गत बरगदी गांव में किराए का कमरा लेकर एक निजी नर्सिंग कॉलेज से ओटी टेक्निशियन का कोर्स कर रही थी,वही बुधवार सुबह ग्यारह बजे घटना की सूचना पर थाना प्रभारी बीकेटी संजय कुमार सिंह ने मौक़े पर पहुंचकर फ़ील्ड यूनिट को बुलाकर घटना का निरीक्षण कर साक्ष्यों को संकलित कर शव को नीचे उतरवाकर परिजनों की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अन्य विधिक कार्यवाही में लगी हुई थी।

## ब्लॉक प्रमुख की पुत्री के जन्मदिन पर कंबल वितरण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख की पुत्री का जन्म दिन मनाया गया। इस मौक पर कंबल वितरण का काम किया गया। यह कार्य विनय वर्मा डिंपल की ओर से ब्लॉक कार्यालय परिसर में स्थित मीटिंग हाल में संपन्न हुआ।ब्लॉक प्रजमुख के अनुसार उनकी छोटी सी बिटिया शानवी सिंह ने इच्छा जाहिर की थी कि उसके जन्मदिन पर निर्बल वर्ग के लोगों को कंबल वितरित किए जाए। बच्ची की इच्छा का सम्मान करते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमेठी मंडल अध्यक्ष पंकज नयन ने कियाइस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल मौजूद रहे । इसके अतिरिक्त अयोध्या के ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा, अमेठी मंडल अध्यक्ष पंकज नयन, वरिष्ठ नेता विजयपाल सिंह, अपना दल नेता पोनू पटेल,खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह, भाकियू अराजनैतिक नेता महेश प्रधान, ज्ञानू, प्रदीप सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट: बाबा बारूदी ने आशु इलेवन को 35 रन से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां टोल प्लाजा के समीप आयोजित भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल में बाबा बारूदी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आशु इलेवन को 35 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बाबा बारूदी ने 15 ओवर में 7 विकेट पर 199 रन बनाए। संदीप नी ने 25 गेंदों में 83 रनों की विस्फोटक पारी खेली और एक विकेट भी हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आशु इलैवन की टीम 15 ओवर में 8 विकेट पर 165 रन ही बना सकी। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए संदीप सैंडी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान श्री राजपूत करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह,पूर्व प्रधान निगोहा सुरेन्द्र दीक्षित, दीनू वाजपेई समेत बड़ी संख्या में दर्शक और क्षेत्रीय गणमान्य मौजूद रहे। आयोजक अनमोल तिवारी ने बताया कि आगे के मुकाबले और भी रोमांचक होंगे।

## भारतेंदु नाट्य अकादमी के शीतकालीन कार्यशाला में 62 प्रशिक्षार्थी उतरेंगे मंच पर

**लखनऊ।** भारतेन्दु नाट्य अकादमी की ओर से आयोजित शीतकालीन कार्यशाला के तहत शहर के रंगमंच प्रेमियों को दो नाट्य प्रस्तुतियाँ देखने को मिलेंगी। अकादमी परिसर में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षित 62 विद्यार्थियों को दो समूहों में विभाजित किया गया है, जो अलग-अलग तिथियों पर अपने नाटकों का मंचन करेंगे। कार्यक्रम के तहत कालिदास रचित ''अभिज्ञान शाकुंतलम्'' का मंचन 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में किया जाएगा। वहीं दूसरा नाटक ''गैजेट'' 29 जनवरी को कला मंडपम ऑडिटोरियम में प्रस्तुत किया जाएगा।
कार्यशाला के निदेशक एवं फैकल्टी सदस्य प्रविन्द्र सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला में किशोर उम्र से लेकर 50 वर्ष से अधिक आयु के रंगमंच प्रेमियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि नाटकों की पटकथा के अनुसार प्रतिभागियों को दो समूहों में बाँटा गया है। अधिकांश प्रतिभागी पहली बार मंच पर प्रस्तुति दे रहे हैं और उनका प्रदर्शन सराहनीय है। ''अभिज्ञान शाकुंतलम्'' का निर्देशन अकादमी की 1999 बैच की पूर्व छात्रा रोज़ी मिश्रा कर रही हैं। उन्होंने बताया कि मूल रूप से संस्कृत में लिखे इस नाटक को हिंदी में रूपांतरित किया गया है और इसका मंचन प्राचीन भरतनाट्यशास्त्र के सिद्धांतों के अनुरूप किया जा रहा है। नाटक में संवाद, मुद्राएँ, गायन और नृत्य प्रमुख तत्व हैं, जबकि वेशभूषा भी उसी कालखंड के अनुसार तैयार की गई है।

# प्रार्थना सभा में बच्चों को फाइलेरिया के बारे में बताएंगे शिक्षक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 21 जिलों के 64 ब्लॉकों में आगामी सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान को सफल बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग सक्रिय भूमिका निभाएगा।

अभियान को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) और खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) ने संकल्प लिया कि वे विद्यालयों की प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया (हाथीपांव) के बारे में जागरूक करेंगे, ताकि बच्चे यह संदेश घर-घर तक पहुंचा सकें।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. ए.के. चौधरी ने 21 जिलों के बीएसए व बीईओ के साथ आयोजित वर्चुअल बैठक में कहा कि स्कूलों के माध्यम से समुदाय में जागरूकता बढ़ाना सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि बच्चों को इतनी जानकारी दी जाए कि वे अपने परिवार के सदस्यों से फाइलेरिया और दवा सेवन की आवश्यकता पर चर्चा करें। उन्होंने शिक्षक-शिक्षिकाओं से अपील की कि वे ग्रामीणों को दवा खाने के लिए प्रेरित करें और स्वयं तथा बच्चों को अपने सामने दवा खिलाकर भरोसा पैदा करें कि दवा सुरक्षित है।

उन्होंने बताया कि 10 फरवरी से शुरू होने वाले आईडीए अभियान में लोगों को तीन दवाएं दी जाएंगी। अभियान से पहले विद्यालयों में वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण और पेंटिंग प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि अभियान के दो दिन पहले जनजागरूकता रैली भी निकाली जाए, जिससे छात्रों के साथ-साथ अभिभावक भी जागरूक हों। बैठक में निर्देश दिया गया कि 10 फरवरी को विद्यालय परिसर में दवा सेवन कराया जाए, अभियान की तिथियों को स्कूलों के ब्लैक बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचनात्मक वीडियो साझा किए जाएं।

# सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच और आदर्श प्रेस क्लब के साझा तत्वाधान में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बंथरा, लखनऊ । इलाके के दरोगा खेड़ा स्थित एक निजी होटल में सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच की संगठनात्मक बैठक आदर्श प्रेस क्लब के बीच आयोजित की गई। बैठक में मंच की सामाजिक, शैक्षिक और राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न मांगों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में मंच के पदाधिकारियों ने सरकार से राजधानी दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सरदार पटेल संस्थान की स्थापना, देश के किसी एक राष्ट्रीय राजमार्ग को ह्लसरदार पटेल राष्ट्रीय मार्ग का नाम देने, तथा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किसी प्रमुख मार्ग का नाम सरदार पटेल मार्ग किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसी बैठक में आदर्श प्रेस क्लब के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने पत्रकारों के हितों, सुरक्षा और संगठन की भूमिका पर अपने विचार रखे। इसी क्रम में आमंत्रित पत्रकार गुलाब सिंह राठौड़, मोनू सिंह एवं अभिलाष मिश्रा का सभी पदाधिकारियों ने स्वागत किया।कार्यक्रम में आदर्श प्रेस क्लब के संरक्षक योगेन्द्र सचान एवं राव अजीत सिंह का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकार साथियों को ट्रैकसूट, कंबल, डायरी सहित अन्य सामग्री से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन रीना त्रिपाठी द्वारा किया गया।बैठक में सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. क्षेत्रपाल गंगवार, महामंत्री जगदीश शरण गंगवार, संस्थापक संरक्षक अरुण कुमार सिन्हा (पूर्व आईएएस), कार्यकारी अध्यक्ष बी. आर. वर्मा, संगठन मंत्री योगेन्द्र सचान सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में दर्दनाक मौतों से व्यथित डॉ. राजेश्वर सिंह की सरोजनीनगर में हेलमेट अभियान की घोषणा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के बच्चों की असमय मृत्यु से अत्यंत दुःखी होकर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोकने हेतु एक सशक्त सड़क-सुरक्षा पहल की घोषणा की है।

भाजपा बूथ अध्यक्ष गुड़िया गौतम के 18 वर्षीय पुत्र मात्र एक किलोमीटर दूर दूध लेने मोटरसाइकिल से गए थे। घने कोहरे के कारण उनकी मोटरसाइकिल पेड़ से टकरा गई। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मृत्यु हो गई। इसी प्रकार महिला मंडल प्रभारी प्रियंका सिंह के 18 वर्षीय भतीजे पास की दुकान से समोसा लेने गए थे। सड़क दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट के कारण उनकी भी मृत्यु हो गई। इन मासूम और युवा जीवनों की क्षति ने पार्टी कार्यकर्ताओं सहित डॉ. राजेश्वर सिंह को व्यक्तिगत रूप से अत्यंत व्यथित किया है।शोक व्यक्त करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने घोषणा की कि एट्ट के माध्यम से 1,000 हेलमेट इसी सप्ताह सरोजनीनगर के सभी बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों को वितरित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य यह है कि पार्टी कार्यकर्ता स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करें और अपने बच्चों को छोटी दूरी के लिए भी मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। डॉ. सिंह ने कहा, ह्लकुछ क्षणों की लापरवाही जीवन भर का दर्द बन जाती है। ये मौतें रोकी जा सकती थीं। बच्चों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है।ङ्कडॉ. सिंह ने अन्य दुखद घटनाओं पर भी शोक व्यक्त किया, जिनमें गलत दिशा से आ रहे डंपर से कुचलकर धीरज शुक्ला के पुत्र की मृत्यु तथा बंथरा में स्कॉर्पियो वाहन से कुचलकर अर्पित त्रिवेदी की मृत्यु शामिल है, जिसमें आरोपी बलवीर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उसी घटना में युवती काजल की भी मृत्यु हुई, जो तेज और लापरवाह ड्राइविंग का भयावह परिणाम है।यह भी उल्लेखनीय है कि मंगलवार को डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र में पिछले एक माह के दौरान स्वास्थ्य कारणों एवं दुर्घटनाओं में अपने प्रियजनों को खोने वाले 13 से अधिक शोकसंतप्त परिवारों से व्यक्तिगत रूप से भेंट की, उनका दुःख साझा किया और उन्हें सांत्वना प्रदान की।

# पिता की डांट से आहत बेटों ने की पिता की हत्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ बेटों नें ई-रिक्शा पलटकर हादसे का रूप देने की कोशिश

मलिहाबाद, लखनऊ। मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र के खड़ता गांव में नहर किनारे मिले ई-रिक्शा चालक अर्जुन पाल 50 वर्ष की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस लगभग खुलासे के करीब पहुंच गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि पिता की डांट और मारपीट से नाराज होकर उनके दोनों बेटों ने मिलकर हत्या की और बाद में इसे दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार सोमवार रात घर में हुए विवाद के दौरान अर्जुन पाल ने अपने दोनों बेटों की पिटाई की थी।

इससे आहत और नाराज बेटों ने गुस्से में फावड़े से पिता के सिर और चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद दोनों बेटों ने शव को ई-रिक्शा में लादकर खड़ता गांव से नबीनगर नहर पुलिया तक ले जाकर नहर किनारे फेंक दिया। घटना को हादसा दिखाने के लिए ई-रिक्शा को शव के ऊपर पलट दिया गया।मंगलवार सुबह नहर किनारे शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और पुलिस को पहले यह मामला दुर्घटना का प्रतीत हुआ, लेकिन मृतक के चेहरे, हाथ और पैरों पर मिले गहरे जख्मों ने संदेह पैदा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक पूछताछ और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर यह पुष्टि हुई कि अर्जुन पाल की मौत दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या थी। पूछताछ के दौरान दोनों बेटों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। जांच में यह भी चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि मृतक अर्जुन पाल पर करीब 30 वर्ष पूर्व अपने पिता डोरी लाल की हत्या कर शव को कुएं में फेंकने का संदेह रहा है। उस समय मामले की जानकारी पुलिस तक नहीं पहुंच सकी थी और परिजनों ने डोरी लाल का अंतिम संस्कार कर दिया था। इस पूरे मामले का खुलासा मृतक की पत्नी शिवरानी की तहरीर के आधार पर हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पति को शराब पिलाकर घर से बाहर ले जाया गया और सुबह उनका शव नहर किनारे मिला। उन्होंने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है। सभी साक्ष्यों और आरोपियों के बयानों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। इस घटना के बाद खड़ता गांव और आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और जांच में सहयोग करने की अपील की है।

# इलेक्ट्रिकल एण्ड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का दो दिवसीय धरना कार्यक्रम शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। इलेक्ट्रिकल एण्ड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ सिंचाई विभाग, उतार प्रदेश के सदस्यों का अपनी लम्बित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना कार्यक्रम अधिशासी अभियन्ता नलकूप खंड सीतापुर सदस्य के समक्ष प्रारम्भ हो गया। ई. विनय कुमार नेतृत्व में सभी धरने पर बैठे।

संघ के जनपद अध्यक्ष इं0 विनय कुमार ने बताया कि सदस्यों की लम्बित सेवा सम्बन्धी समस्याओं के निस्तारण में विभाग की कोई रूचि नहीं है। फलस्वरूप जूनियर इंजीनियर के स्थाईकरण वरिष्ठता सूची का प्रकाशन, वर्ष 2024-25 एवं वर्ष 2025-26 की रिक्तियों के सापेक्ष जू0ई0 से स0अ0 पद पर प्रोन्नति, वर्ष 2015 में लोक सेवा आयोग से चयनित जूनियर इंजीनियर्स को 10 की सेवा पर प्रथम ए.सी.पी. प्रोन्नत सहायक अभियन्ता व जू0 इंजी0 को 16 वर्ष की सेवा पर द्वितीय ए.सी.पी. का लाभ, सेवानिवृत्त सदस्यों के देयकों का भुगतान, जूनियर इंजीनियर्स के मध्य कार्यों का समान वितरण, निष्प्रयोज्य टी.एण्ड पी. के निस्तारण, अधिशासी अभियन्ताओं द्वारा जू0ई0 पर नियम विरुद्ध कार्य कराने का दवाद बनाया जा रहा है।

प्रशान्त कुमार मौर्य संघ के जनपद सचिव इं0 ने अवगत कराया कि मध्य सत्र में जूनियर इंजीनियर्स के पटल परिवर्तन, जू0३0 की गोपनीय चरित्र पंजियों को मानव सम्पदा पोर्टल पर अपलोड किया जाना, खण्डों में फास्ट मूविंग पार्दत व वाहनों की समुचित व्यवस्या न होना, अनुरक्षण एवं मरम्मत मद की शाख-सीमा का अन्य मदों में व्यय करते हुए बलकूपों के अनुत्क्षण एवं मरम्मत सुचारू रूप से न हो पाना एवं अन्य जनपद / मण्डल/ परिक्षेत्र स्तर की समस्यायें आदि समस्यायें आज भी लम्बित है, जिसके कारण पात्र सदस्यों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इं0 मो0 सलीम असारीक अवगत कराया कि यह दो दिवसीय धरना कार्यक्रम के उपरान्त केन्द्र स्तर पर इसकी समीक्षा करते हुए प्रमुख अभियन्ता कार्यालय पर धरने का नोटिस प्रेषित किया जायेगा एवं सदस्यों की लम्बित समस्याओं के निस्तारण न होने तक संघर्ष कार्यक्रम जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त धरना स्थल पर सम्पन्न सभा को समस्त सदस्यों ने सम्बोधित किया।

## शार्ट शर्किट से घर में लगी आग, आर्थिक सहायता की मांग



शाहजहांपुर। बीती रात करीब 11 बजे थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मक्कू बजरिया में रहने वाली दिव्यांग विधवा महिला मीनू मिश्रा के घर में विद्युत शार्ट शर्किट से आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया और घर के अंदर बेहोश उसके पुत्र को बाहर निकाला। इस संबंध में मीनू मिश्रा ने डीएम को पत्र सौंपकर आर्थिक सहायता की मांग की है।पत्र में कहा गया कि 20 जनवरी की रात करीब 11 बजे उसके घर में विद्युत शार्ट शर्किट से आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया और घर के अंदर बेहोश उसके पुत्र को बाहर निकाला। कहा गया कि घर में लगी आग से करीब पांच लाख रूपए का नुकसान हुआ है। जिसकी पूर्ति करना उसके लिए संभेव नहीं है। पत्र में सरकार से आपदा राहत के तहत आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की गई।

# महापौर ने नव-निर्मित अंडरग्राउंड डस्टबिन परियोजना का किया शुभारम्भ




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। महापौर अर्चना वर्मा ने चिनौर में नव-निर्मित अंडरग्राउंड डस्टबिन परियोजना का शुभारम्भ फीता काटकर किया और कहा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि आम जनमानस को गंदगी से मुक्ति दिलाई जा सके।

उन्होंने कहा कि चिनौर क्षेत्र में काफी समय से ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित स्थान को अब अंडरग्राउंड डस्टबिन एवं ब्यूटीफिकेशन के माध्यम से सुव्यवस्थित किया गया है। इससे स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ वातावरण प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि अंडरग्राउंड डस्टबिन की स्थापना से खुले में कचरा फैलने की समस्या समाप्त होगी तथा स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। यह पहल न केवल स्वच्छ शाहजहांपुर के संकल्प को मजबूती देती है, बल्कि शहर को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास है। इस दौरान नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# गुप्त नवरात्रि में सीतापुर पहुंचीं साध्वी प्राची मां बगलामुखी के दर पर टेका माथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । हिन्दू नेत्री साध्वी प्राची मंगलवार को जनपद सीतापुर पहुँचीं। वहां खैराबाद स्थित बड़ी संगत उदासीन अखाड़ा के आश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने आश्रम के महंत बजरंगमुनि से शिष्टाचार भेंट की। गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर साध्वी प्राची ने मां बगलामुखी (महामाई) का विधिवत पूजन-अर्चन किया।

इस दौरान आश्रम परिसर में आध्यात्मिक माहौल बना रहा। पूजन उपरांत साध्वी प्राची और महंत बजरंगमुनि के बीच विभिन्न समसामयिक एवं सामाजिक मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। महंत बजरंगमुनि ने बताया कि साध्वी प्राची अपने निजी कार्यक्रम से लौटते समय खैराबाद आश्रम पहुंची थीं और गुप्त नवरात्रि के अवसर पर उन्होंने महामाई का पूजन किया।भेंट के दौरान एक रोचक और चर्चा का विषय बनने वाला प्रसंग भी सामने आया, जब महंत बजरंगमुनि ने साध्वी प्राची को कुरआन भेंट की। कुरआन भेंट किए जाने पर साध्वी प्राची कुछ क्षणों के लिए आश्चर्यचकित हो गईं। उन्होंने कहा कि यह पहला अवसर है जब किसी संत ने उन्हें कुरआन भेंट की है। इस अनोखी भेंट को लेकर आश्रम में मौजूद लोगों के बीच भी चर्चा होती रही।पूजन और जलपान के बाद साध्वी प्राची आश्रम से वापस अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गईं। साध्वी प्राची की इस संक्षिप्त लेकिन चर्चित यात्रा को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चाओं का माहौल बना

## एक के बाद एक घटना को अंजाम दे रहे बेखौफ चोर

कमलापुर, सीतापुर। ग्राम सरौरा खुर्द निवासी बनवारी लाल द्वारा अपने घर के बाहर खड़े सोनालिका ट्रैक्टर से बैटरी चोरी हो जाने की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक सीतापुर को प्रार्थना-पत्र देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने तथा चोरी का खुलासा कराने की मांग की गई है।बताया गया कि 19 जनवरी की रात ट्रैक्टर से बैटरी चोरी की गई, जिसकी जानकारी अगली सुबह हुई। घटना के समय परिवार के अधिकांश सदस्य अस्पतालों में थे, क्योंकि बनवारी लाल का बड़ा पुत्र अमित कुमार और भतीजा लवलेश कुमार 17 जनवरी को एल.टी. ग्रेड परीक्षा हेतु शाहजहांपुर जाते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। दुर्घटना में घायल लवलेश कुमार को के.जी.एम.यू. (ड्रामा सेंटर) लखनऊ में भर्ती किया गया था, जबकि अमित कुमार पी.जी.आई. लखनऊ में गंभीर स्थिति में उपचाराधीन है।पीड़ित परिवार ने इस परिस्थिति को ह्लगंभीर मानसिक एवं आर्थिक संकट का समयह्न बताते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में चोरी की घटना न केवल पीड़ादायक है बल्कि कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह भी खड़ा करती है।

# मां का हत्यारोपी पुत्र गिरफ्तार, भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । थाना तिलहर पुलिस ने मां की डंडे-लाठी से पीटकर हत्या करने वाले आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 16 जनवरी को थाना तिलहर क्षेत्र के गांव जोधपुर में महाराज सिंह के पुत्र हरिसुमिरन का अपनी मां माया देवी से जानवर निकालने के रास्ते को लेकर विवाद हो गया था। इसी दौरान हरसुमिरन के पिता महाराज सिंह आ गए।

पिता-पुत्र ने माया देवी को लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी। मृतका के भाई ने महाराज सिंह और उसके पिता के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। 18 जनवरी को पुलिस ने पत्नी के हत्यारोपी महाराज सिंह को आलाकत्ल डंडे के साथ गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया था। इस मामले में मृतका का पुत्र हरिसुमिरन फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शहीद कुटी के पास से हत्यारोपी हरिसुमिरन को गिरफ्तार किया। जिसकी निशादेही पर पुलिस आलाकत्ल लाठी भी बरामद की। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त हरिसुमिरन को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के क्राइम इंस्पेक्टर सुनील कुमार यादव के साथ हेड कांस्टेवल भारतमणि मौजूद रहे।

## इण्डियन रेडक्रास सोसायटी ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

शाहजहांपुर। इण्डियन रेडक्रास सोसायटी ने जरूरतमंदों को कम्बल बांटे। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डा. विजय जौहरी ने बताया कि सीएमओ कार्यालय प्रांगण में स्थित इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के कार्यालय में सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीण क्षेत्र दिव्यांगजनों और विधवाओं को 100 कम्बल वितरित किए। कहा कि सरकार के दिशा-निर्देश एवं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रेडक्रॉस सोसायटी मानव सेवा में सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि जिस जरूरतमंद दिव्यांगजन को कम्बल की आवश्यकता है, तो सोमवार को वह रेडक्रास कार्यालय में आकर अपना नाम सूचीबद्ध करा दे। ताकि उसे कम्बल उपलबध कराया जा सके। कम्बल वितरण का कार्यक्रम में सेहरामऊ के चिकित्साधिकारी डॉ. उस्मान अली, डॉ. मसरूर अहमद, डॉ. अय्यूब अंसारी आदि मौजूद रहे।

# तहसील धौरहरा में विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




धौरहरा खीरी । उत्तर प्रदेश राज्य विधि सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मंगलवार 21 जनवरी 2026 को तहसील धौरहरा के सभागार कक्ष में विधिक साक्षरता शिविर का सफल एवं सराहनीय आयोजन किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं आम नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा सरकारी योजनाओं से अवगत कराना रहा, जिससे समाज में न्याय तक आसान पहुंच सुनिश्चित की जा सके।शिविर के दौरान उपस्थित न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने आम जनता को विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। इसमें केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण कानून, बाल संरक्षण कानून, वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण एवं भरण-पोषण से जुड़े प्रावधानों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही लोक अदालत की उपयोगिता, त्वरित न्याय प्रक्रिया, मध्यस्थता अभियान-02 के माध्यम से आपसी विवादों के समाधान तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया।अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत और मध्यस्थता के माध्यम से बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के विवादों का निस्तारण संभव है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है। वहीं नालसा हेल्पलाइन 15100 के जरिए जरूरतमंद व्यक्ति कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी धौरहरा शशिकांत मणि, तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल सहित अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सरल और सहज भाषा में कानून से जुड़ी जानकारियां दीं तथा लोगों की समस्याओं और प्रश्नों का समाधान भी किया।विधिक साक्षरता शिविर में क्षेत्र के लगभग 55 लोगों ने सक्रिय सहभागिता की और कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर लाभ उठाया। कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों ने कहा कि ह्लकानून की जानकारी ही सशक्त समाज की पहचान हैह्न और आमजन से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें तथा ऐसे शिविरों के माध्यम से दूसरों को भी जागरूक करें।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरा एक एकड़ गन्ना जलकर राख

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। मैगलगंज क्षेत्र के हैरमखेड़ा गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव निवासी मुलायम के खेत में हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर गिर गया। तार गिरते ही उसमें से निकली तेज चिंगारी और करंट के कारण खेत में खड़ी गन्ने की फसल में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के खेतों तक फैलने का खतरा पैदा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही किसान मुलायम और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक लगभग एक एकड़ गन्ने की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थी।घटना की सूचना बिजली विभाग और प्रशासन को दे दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हाईटेंशन लाइन काफी पुरानी और जर्जर अवस्था में थी, जिसकी शिकायत पहले भी की जा चुकी थी, लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई। किसानों ने बिजली विभाग से नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।फसल जलने से किसान मुलायम को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## घर में निकला जहरीला रसल वाइपर, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निघासन निघासन क्षेत्र के सिसैया क्रेसर के पास उस समय हड़कंप मच गया, जब राम नरेश यादव के घर के अंदर अचानक एक बेहद जहरीला साँप दिखाई दिया। साँप की पहचान रसल वाइपर के रूप में की गई, जिसे भारत के सबसे खतरनाक और घातक विषैले साँपों में शामिल किया जाता है। जैसे ही घर में साँप निकलने की जानकारी मिली, परिवार के सदस्यों में दहशत फैल गई और आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए।ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम बिना देरी किए मौके पर पहुँची। वन दरोगा शुभम और अक्षय मौर्या के नेतृत्व में टीम ने पूरे एहतियात और सुरक्षा उपायों के साथ रेस्क्यू अभियान शुरू किया। घर के भीतर सीमित जगह और साँप की आक्रामक प्रवृत्ति के बावजूद टीम ने संयम और अनुभव का परिचय देते हुए कड़ी मशक्कत के बाद जहरीले रसल वाइपर को सुरक्षित रूप से काबू में कर लिया।रेस्क्यू के दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों की सांसें थमी रहीं, लेकिन जैसे ही साँप को सुरक्षित पकड़ लिया गया, लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद वन विभाग की टीम साँप को विशेष वाहन में रखकर गाँव अदलाबाद के जंगल में ले गई और उसे उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया।वन विभाग के अधिकारियों ने इस अवसर पर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि रसल वाइपर अत्यंत विषैला होता है और इसके काटने से जान का गंभीर खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की स्थिति में घबराने या स्वयं साँप को पकड़ने का प्रयास न करें, बल्कि तुरंत वन विभाग या प्रशासन को सूचना दें। समय पर की गई कार्रवाई और वन विभाग की तत्परता से एक बड़ा हादसा होने से टल गया, जिसकी स्थानीय लोगों ने जमकर सराहना की।

## गुप्त नवरात्रि में सीतापुर पहुंचीं साध्वी प्राची, मां बगलामुखी के दर पर टेका माथा

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हिन्दू नेत्री साध्वी प्राची मंगलवार को जनपद सीतापुर पहुँचीं। वहा खैराबाद स्थित बड़ी संगत उदासीन अखाड़ा के आश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने आश्रम के महंत बजरंगमुनि से शिष्टाचार भेंट की। गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर साध्वी प्राची ने मां बगलामुखी (महामाई) का विधिवत पूजन–अर्चन किया।इस दौरान आश्रम परिसर में आध्यात्मिक माहौल बना रहा। पूजन उपरांत साध्वी प्राची और महंत बजरंगमुनि के बीच विभिन्न समसामयिक एवं सामाजिक मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। महंत बजरंगमुनि ने बताया कि साध्वी प्राची अपने निजी कार्यक्रम से लौटते समय खैराबाद आश्रम पहुंची थीं और गुप्त नवरात्रि के अवसर पर उन्होंने महामाई का पूजन किया।भेंट के दौरान एक रोचक और चर्चा का विषय बनने वाला प्रसंग भी सामने आया, जब महंत बजरंगमुनि ने साध्वी प्राची को कुरआन भेंट की। कुरआन भेंट किए जाने पर साध्वी प्राची कुछ क्षणों के लिए आश्चर्यचकित हो गईं। उन्होंने कहा कि यह पहला अवसर है जब किसी संत ने उन्हें कुरआन भेंट की है। इस अनोखी भेंट को लेकर आश्रम में मौजूद लोगों के बीच भी चर्चा होती रही।पूजन और जलपान के बाद साध्वी प्राची आश्रम से वापस अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गईं। साध्वी प्राची की इस संक्षिप्त लेकिन चर्चित यात्रा को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चाओं का माहौल बना।

## बीडीओ सकरन ने टीकाकरण शिविर का किया निरीक्षण



**बिसवां, सीतापुर ।** खंड विकास अधिकारी सकरन श्रीश गुप्ता ने बुधवार को सांडा के शत प्रतिशत अनुसूचित जाति के गाँव देवरी में आयोजित टीकाकरण शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 6 माह के दो बच्चों का अन्नप्राशन तथा एक गर्भधात्री महिला की गोद भराई भी कराई। टीकाकरण शिविर में 17 बच्चों का टीकाकरण हुआ। इस दौरान 6 गर्भधात्री महिलाओं की नियमित जांच के साथ टीकाकरण भी किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूनम सैनी के द्वारा बच्चों तथा गर्भधात्री महिलाओं का वजन करने के साथ पोषाहार का वितरण भी किया गया। टीकाकरण का कार्य एएनएम रंजीता राय ने किया। सांडा में देखा विकास कार्यबीडीओ श्रीश गुप्ता ने सांडा में नवनिर्मित पंचायत भवन, सीएचसी सांडा का नवनिर्मित प्रवेश द्वार, सामुदायिक शौचालय व अस्पताल जाने वाली सड़क का निरीक्षण किया। अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर जिम्मेदारों को निर्देश दिए।

# डीएम ने किसानों की सुनी समस्याएं निस्तारण के दिये निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में किया गया। इस दौरान डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में डीएम ने कृषि उपनिदेशक से विगत किसान दिवस की बैठक में किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निस्तारण की जानकारी ली। बैठक में उपस्थित किसानों ने कहा कि उनके द्वारा पराली न जलाने के लिए क्षेत्रीय किसानों को प्रेरित किया गया। जिससे जनपद में पराली की कम घटनाएं देखने को मिली, इसलिए उन्हें सम्मानित किया जाए। जिस पर डीएम ने उन्हें आश्वासन दिया कि आगामी कृषक सम्मान समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बैठक में कृषि वैज्ञानिक द्वारा तकनीकी जानकारी दी गई। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्र, एलडीएम आरआर तिवारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. इन्द्रजीत सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र से वैज्ञानिक डा. एनपी गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व किसान मौजद रहे।

# डीएम-एसपी की बड़ी बैठक, नो मैन्स लैंड व जीरो लाइन से अवैध कब्जा हटाने का एलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। भारत-नेपाल सीमा से सटे लखीमपुर खीरी जनपद के संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है।

इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नो मैन्स लैंड, जीरो लाइन तथा भारत की ओर 15 किलोमीटर के दायरे में फैले अतिक्रमण को हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और ठोस रणनीति तैयार की गई।बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर अवैध खेती, अस्थायी निर्माण और अन्य प्रकार के अतिक्रमण सामने आए हैं, जो न केवल कानून व्यवस्था बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी गंभीर विषय हैं। इस पर डीएमऽएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं होगा और सभी कार्रवाई पूरी तरह नियमानुसार की जाएगी।निर्णय लिया गया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) और जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों द्वारा की जाएगी। संयुक्त टीमें पहले चरण में चिन्हित क्षेत्रों का मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगी, संबंधित अभिलेखों व दस्तावेजों का सत्यापन करेंगी और उसके बाद अवैध पाए जाने पर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कार्रवाई के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने और किसी निर्दोष व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न करने के निर्देश भी दिए गए।डीएमऽएसपी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सीमावर्ती इलाकों में नियमित गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही स्थानीय स्तर पर जागरूकता बढ़ाकर लोगों को नियमों की जानकारी दी जाए।बैठक में यह भी कहा गया कि अतिक्रमण करने वालों को नियमानुसार स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया जाएगा, लेकिन तय समयसीमा के बाद सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसडीएम, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, एसएसबी के अधिकारी और राजस्व विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे।प्रशासन की इस सख्त पहल से सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ-साथ अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है।

# संघर्ष से शिखर तकः संभल की अनुपमा ने रची नई इबारत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ उद्यमी बन खड़ा किया 25 लाख का साम्राज्य,गोबर से बदला भाग्य, 500 महिलाओं की 'मसीहा' बनीं अनुपमा

❑ संभल की 'लखपति दीदी' गणतंत्र दिवस पर साझा करेंगी कामयाबी का मंत्र,1 लाख के कर्ज से शुरू हुआ सफर अब दिल्ली के राष्ट्रीय मंच तक पहुँचा

संभल,चंदौसी। सफलता कभी भी चांदी की तश्तरी में सजकर नहीं आती, उसे अपने पसीने और फौलादी इरादों से छीनना पड़ता है। संभल जिले के बनियाखेड़ा गांव की 48 वर्षीय अनुपमा सिंह की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। एक समय था जब वह घर की तंगहाली दूर करने के लिए प्राइमरी स्कूल में शिक्षक की नौकरी करती थीं, लेकिन आज वह एक सफल उद्यमी हैं जिनका सालाना टर्न ओवर 25 लाख तक पहुंच गया है।

आगामी 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को जब अनुपमा दिल्ली के राष्ट्रीय मंच पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ खड़ी होंगी, तो वह सिर्फ उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही होंगी, बल्कि उन करोड़ों महिलाओं की आवाज होंगी जो विपरीत परिस्थितियों से लड़कर आगे बढ़ना चाहती हैं।

### अपनों का विरोध और तानों की आग में कुंदन बनीं अनुपमा

अनुपमा का यह सफर फूलों की सेज नहीं था। जब एक साधारण गृहिणी ने घर की दहलीज लांघकर 'बिजनेस' की दुनिया में कदम रखा, तो गांव के कुछ असामाजिक तत्वों को यह रास नहीं आया। उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, डराया गया और उनके काम में अड़ंगे डालने की हर मुमकिन कोशिश की गई। लेकिन अनुपमा ने हार मानने के बजाय इन चुनौतियों को ही अपनी ताकत बना लिया। जब विरोध बढ़ा, तो उनकी सत्यनिष्ठा और लगन को देखकर जिला प्रशासन और पुलिस उनके लिए 'कवच' बनकर खड़े हो गए। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा स्वयं आगे खड़े होकर उनके उत्पादों को आगे बढ़वाया गया तथा धीरे धीरे इनके उत्पादों में जनता की रुचि बढ़ने लगी तथा उनके उत्पादों की बिक्री में बढ़ोत्तरी होने लगी।

### 1 लाख के कर्ज से 500 महिलाओं के रोजगार तक का सफर

बदलाव की शुरुआत साल 2020 में हुई, जब अनुपमा ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की एक चौपाल देखी। योगी सरकार की योजनाओं से प्रेरित होकर वो 'जानकी स्वयं सहायता समूह' का हिस्सा बनी और ?1 लाख का ऋण लेकर एक छोटा ब्यूटी पार्लर खोला। उनकी ईमानदारी और मेहनत ऐसी थी कि मात्र 10 महीने में उन्होंने पूरा कर्ज चुका दिया।

### मिट्टी से सोना बनाने का हुनरः 'गोमय उत्पादों' की धूम

अनुपमा की आंखों में कुछ बड़ा करने का सपना था। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में उन्होंने नागपुर और फिरोजाबाद में विशेष प्रशिक्षण लिया और गोबर (गोमय) से ऐसी कलाकृतियां बनानी शुरू कीं कि लोग देखते रह गए। आज उनके द्वारा बनाए गए गोबर के मोबाइल स्टैंड, मूर्तियां और थालियां दिल्ली और मुरादाबाद के बाजारों की शान बढ़ा रहे हैं। दिवाली और होली जैसे त्योहारों पर वह 70 से ज्यादा महिलाओं को काम देती हैं। यही नहीं, अब वह मोटे अनाज (मिलेट्स) के लड्डू, बिस्किट और रसगुल्ले बनाकर स्वास्थ्य और स्वरोजगार को एक साथ जोड़ रही हैं।

### प्रशासन का साथः अब कचहरी में महकेंगे अनुपमा के रेस्टोरेंट

अनुपमा की लगन का ही परिणाम है कि वर्ष 2026 में जिलाधिकारी ने उन्हें एक नई पहचान दी है। चंदौसी कचहरी के पास उन्हें 5 रेस्टोरेंट खोलने की अनुमति और जगह मिली है। इस नए उपक्रम से गांव की 15 और महिलाओं को स्थायी रोजगार मिलेगा, जिससे उनके घरों में भी खुशहाली आएगी।

### 18 राज्यों की 'लखपति दीदियों' को पीछे छोड़ बनीं मिसाल

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने देश भर से केवल 14 'लखपति दीदियों' का चयन किया है। अनुपमा ने अपनी मेहनत से 18 राज्यों की महिलाओं को पीछे छोड़ते हुए इस सूची में अपनी जगह बनाई। वह क्लस्टर अध्यक्ष और बैंक सखी के रूप में अब तक 59 समूहों को लोन दिलाकर उन्हें पशुपालन से जोड़ चुकी हैं।

### भविष्य का संकल्पः सैनिटरी पैड और अचार-पापड़ उद्योग

अनुपमा यहीं रुकने वाली नहीं हैं। उनका अगला लक्ष्य गांव में ही सैनिटरी पैड यूनिट लगाना और अचार-पापड़ के बड़े स्तर पर उत्पादन के जरिए जिले की हर गरीब महिला को 'लखपति दीदी' बनाना है। उन्होंने अब तक 59 स्वयं सहायता समूहों को बैंक लोन दिलवाकर भैंस और बकरी पालन समेत अन्य रोजगार से जोड़ा है, जबकि 42 अन्य समूहों को रोजगार से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है।

### योगी सरकार की योजनाओं का मिला 'कवच'

अनुपमा की सफलता में प्रदेश सरकार की नीतियों का बड़ा हाथ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार ने स्टार्टअप फंड को 15,000 से बढ़ाकर ?1.5 लाख कर दिया है, जो ग्रामीण महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस योजना के तहत उन्हें ट्रेड शो (नोएडा और मुरादाबाद) में अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिला, जिससे उनका सामान देश के कोने-कोने तक पहुंच रहा है। समूह के माध्यम से उन्होंने अब तक 1.5 लाख, 3 लाख और 6 लाख रुपये के सीसीएल (कैश क्रेडिट लिमिट) कराए हैं। इसके साथ ही एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत नोएडा और मुरादाबाद में आयोजित ट्रेड शो से जुड़ाव ने उनके उत्पादों को नया बाजार दिया है। अब ये उत्पाद सिर्फ जिले या प्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि देश के अलग-अलग कोनों तक पहुंच रहे हैं। उनके कार्यों को देखते हुए अनुपमा को क्लस्टर अध्यक्ष और बैंक सखी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

अनुपमा सिंह, सफल उद्यमी (लखपति दीदी) ने बताया कि इंसान जब अपनी विपरीत परिस्थितियों से थक जाता है, तभी वह अपने परिवार के लिए बड़ा जोखिम लेने का साहस जुटाता है। बस एक कदम आगे बढ़ाने की ज़रूरत है, सरकार और प्रशासन आपका हाथ थामने के लिए तैयार खड़ा है।

## आशा वर्कर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल को 37 दिन पूरे

बदायूं। मालवीय मैदान में डटी रहीं आशा कर्मी, 22 जनवरी को अंबेडकर प्रतिमा तक मार्च का ऐलान उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को आज 37 दिन पूरे हो गए। मालवीय मैदान में आशा कर्मियों का धरना लगातार जारी है। आंदोलन के समर्थन में कई सामाजिक संगठनों ने धरना स्थल पर पहुंचकर एकजुटता दिखाई। धरने को संबोधित करते हुए, जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि सरकार आंदोलन तोड़ने की साजिश के अलावा कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। बिना मांगों का समाधान किए आंदोलन खत्म नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आशा कर्मी अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर रही हैं और बापू के बताए रास्ते पर संवेदनहीन सरकार से संघर्ष कर रही हैं। धरना स्थल पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट ने मांग पत्र प्राप्त कर सरकार द्वारा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। जौली वैश्य ने ऐलान किया कि 22 जनवरी को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक मार्च निकालकर सरकार को संविधान की प्रस्तावना की याद दिलाई जाएगी। उन्होंने आशा कर्मियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की।

# अधिवक्ता परिषद ने चंदौसी में राष्ट्रीय युवा दिवस का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंदौसी, सम्भल। अधिवक्ता परिषद बृज इकाई जनपद सम्भल के तत्वावधान में स्थानीय बार रूम, चंदौसी में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के उपलक्ष्य में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के क्षेत्रीय संयोजक श्री विपिन त्यागी एवं मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश मंत्री श्री विचित्र शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद बृज (सम्भल) के अध्यक्ष श्री राजीव शर्मा ने की। मंच पर वरिष्ठ अधिवक्ता श्री श्रीगोपाल शर्मा एवं बार एसोसिएशन चंदौसी के अध्यक्ष श्री विनोद सिंह व विष्णु कुमार शर्मा वरिष्ठ अधिवक्ता दीवानी भी मंचासीन रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण और न्याय व्यवस्था की मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया गया। वंशिका अग्रवाल ने स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों को कानून के क्षेत्र में उतारने पर बल दिया। अमन कुमार ने युवा अधिवक्ताओं की भूमिका और न्यायपालिका में उनकी जिम्मेदारी पर अपने विचार व्यक्त किए।

### नवीन अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवीन अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह रहा। अधिवक्ता परिषद बृज इकाई ने हाल ही में AIBE 20 (All India Bar Examination 20) उत्तीर्ण करने वाले जनपद के नवीन अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि युवाओं का यह उत्साह न्याय जगत के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण गुप्ता व विक्रम चौहान ने किया इस मौके पर विकास कुमार मिश्रा, रखी, रजनी, शर्मा, नीलम वार्ष्णेय, आस्था राघव, निगेश रावत, संध्या, शिवानी, निखिल, विनीत, शिव कुमार, प्रेमशंकर, जीवन सिंह, गोपाल बाबू, रितेश कुमार, रामवीर, अमित, भीमरत्न, सचिन कुमार, जितेन्द्र, राहुल, अंकित, प्रदेश, शिवम्, हर्षित, अजय, राम खिलाड़ी, आदि

इस अवसर पर भारी संख्या में अधिवक्तागण और परिषद के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने युवा शक्ति के इस उत्सव में बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

चंदौसी। खातियान मोहल्ला स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल चंदौसी में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को ताइक्वांडो की मूल तकनीकों का अभ्यास कराया गया तथा आत्मविश्वास, अनुशासन और साहस के महत्व को समझाया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दुर्गा टंडन ने कहा, सशक्त बेटी ही सुरक्षित और सशक्त समाज की आधारशिला है।आज की बेटियां यदि शिक्षित होने के साथ आत्मरक्षा में दक्ष हों, तो वे हर परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं।वहीं ताइक्वांडो प्रशिक्षक कोच सुरेश जी ने कहा ताइक्वांडो केवल खेल नहीं, बल्कि आत्मबल, संयम और आत्मविश्वास का माध्यम है।

# मुढ़ा पुख्ता पुल निर्माण को लेकर कांग्रेस का आंदोलन तय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मुढ़ा पुख्ता पुल के निर्माण समेत विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कांग्रेस ने आंदोलन का ऐलान किया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने बताया कि 26 जनवरी को समरेर से पदयात्रा निकाली जाएगी तथा 4 फरवरी से मुढ़ा पुख्ता पुल पर सत्याग्रह शुरू होगा। बुधवार को दातागंज तहसील परिसर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी दातागंज से वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल में दातागंज विधानसभा प्रभारी कुंवर पाल सिंह, जिला सचिव गिरीश चंद्र, वेद प्रकाश, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विजय बहादुर, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष नवनीत यादव, विजय वीर, सुरेंद्र सिंह सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने अधूरे पड़े मुढ़ा पुख्ता पुल का निर्माण शीघ्र शुरू कराने, आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा, समरेर में मुढ़ा गांव के पास गौशाला निर्माण, भूमिहीनों को एक-एकड़ कृषि भूमि का पट्टा, पात्र लाभार्थियों के राशन कार्ड व वृद्धा-विधवा पेंशन, निर्माण मजदूरों के पंजीकरण तथा रीयल टाइम खतौनी में त्रुटियों के सुधार जैसे मुद्दे उठाए। उपजिलाधिकारी ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। वार्ता के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार दस वर्षों में भी मुढ़ा पुख्ता पुल के दो पिलर तक नहीं बना सकी। रामगंगा में बाढ़ के कारण पुल का एप्रोच मार्ग कट जाने से समरेर व दातागंज क्षेत्र के हजारों लोगों को फरीदपुर और बरेली आने-जाने में रोज परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि जब तक पुल का निर्माण शुरू नहीं होता, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि रामगंगा किनारे सैकड़ों गांवों में हजारों बीघा भूमि खाली पड़ी होने के बावजूद भूमिहीनों को पट्टा नहीं दिया गया। कांग्रेस हर भूमिहीन को एक एकड़ कृषि भूमि दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। साथ ही उन्होंने राशन कार्डों में यूनिट दर्ज न होने की समस्या भी उठाई। कांग्रेस जिला सचिव गिरीश चंद्र ने कहा कि दातागंज क्षेत्र में जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा और अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। वहीं विधानसभा प्रभारी केपी सिंह ने कहा कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में राजमिस्त्री, बेलदार, लोहार, बढ़ई जैसे भवन निर्माण मजदूर हैं, लेकिन उनका श्रम विभाग में पंजीकरण नहीं हो सका, जिससे वे सरकारी योजनाओं से वंचित हैं।

## प्रधानाचार्य का किया गया स्वागत

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसौली-क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया में सरवस्ती विद्या मन्दिर इंटर कालेज बिसोली के प्रधानाचार्य डॉ संजीव कुमार यादव का विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा व कालेज के उप-प्रबन्धक पण्डित श्याम पाल पाठक ने शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने प्रधानाचार्य डॉ संजीव यादव की प्रशासनिक दक्षता को और शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा सुधार व छात्र- छात्राओं को दी जा रही शैक्षिक गुणवत्ता की प्रशंसा । इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के उप-प्रबन्धक पण्डित श्याम पाल पाठक,कालेज के शिक्षक नीरज चौहान,विपलव भारती, प्रेम प्रकाश शर्मा,शिशु मंदिर शरह बरौलिया प्रधानाचार्य संजय उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## बीमारी से विवाहिता की मौत, मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों की पिटाई

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उसहैत में 25 वर्षीय विवाहिता प्रगति की बीमारी से दिल्ली के एक अस्पताल में सोमवार को मौत हो गई। परिवार के लोग मायके पक्ष को सूचना देकर शव लेकर घर के लिए रवाना हो गए। शव पहुंचने से पहले मायके पक्ष के लोग कस्बे में पहुंच गए। जहां मोहल्ले के लोगों ने हंगामा करते हुए मायके पक्ष के लोगों के साथ मारपीट कर दी। सूचना पर पुलिस ने शव जिला मुख्यालय भेजकर मामले की जांच शुरू की है। शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव गंगुरिया के रहने वाले चेतराम ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी प्रगति की शादी नवंबर 2024 में उसैहत कस्बा के वार्ड नंबर एक के रहने वाले शिवकुमार पुत्र रविंद्र के साथ की थी। तीन महीने पहले प्रगति ने एक पुत्री को जन्म दिया। उसके बाद वह बुखार से पीड़ित रहने लगी। परिवार वालों ने उसका हर जगह उपचार कराया, लेकिन कहीं लाभ नहीं मिला। ससुराल पक्ष के लोग दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज करा रहे थे, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई। भाई राजीव ने बताया कि बहन की मौत की सूचना पर वह परिवार के साथ उसहैत पहुंचे तो मोहल्ले के कुछ लोगों ने विवाद शुरू कर दिया। हंगामा करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार का कहना है कि मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। विवाहिता की मौत हुई थी तो उसका पोस्टमॉर्टम कराया गया है। विवाहिता की बीमारी से मौत होने की पुष्टि हुई है।

## नेपाल से दिल्ली जा रहा 38 लाख रुपये का रिफाइंड लदा ट्रक लापता, चालक फरार

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नेपाल से रिफाइंड तेल लादकर दिल्ली जा रहा ट्रक रास्ते में लापता हो गया। ट्रक में लगे जीपीएस सिस्टम और चालक के मोबाइल की आखिरी लोकेशन बदायूं-मेरठ हाईवे पर सहसवान में पहलवान ढाबे की थी। तलाश के बाद भी चालक और ट्रक का कोई पता नहीं चलने पर फर्म की ओर से चालक पर शक जाहिर करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रोहिणी दिल्ली के 22 नंबर मॉडर्न अपार्टमेंट, सेक्टर-15 निवासी अजय मैनी ने शिकायतीपत्र दिया है। उनका कहना है कि उनकी कंपनी के एक ट्रक को महोटा गढ़िया रंगीन जिला शाहजहांपुर निवासी मोरपाल पुत्र बालक राम चलाता है। यह ट्रक 12 जनवरी को शिव शक्ति घी उद्योग प्राइवेट लिमिटेड जीतपुर बारा नेपाल से रिफाइंड तेल के 1750 टिन लादकर काल्का एग्रो फूड्स इंडिया दिल्ली के लिए चला था। 16 जनवरी को सहसवान में थी लोकेशन ट्रक में लदे तेल की कीमत 37 लाख 97 हजार 344 रुपये है। ट्रक में जीपीएस सिस्टम लगा है। 16 जनवरी को रात करीब 12 बजे ट्रक की आखिरी लोकेशन सहसवान में बदायूं-मेरठ हाईवे पर पहलवान ढाबे की है। उसके बाद से जीपीएस सिस्टम और चालक का मोबाइल बंद हो गया। तलाश के बाद भी ट्रक और चालक का कोई पता नहीं चला। फर्म स्वामी ने चालक पर ट्रक और रिफाइंड तेल बेचने का शक जाहिर करते हुए पुलिस को शिकायतीपत्र दिया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। ट्रक और चालक की तलाश की जा रही है। जल्दी गिरफ्तारी कर खुलासा किया जाएगा।

## गांधी विद्यालय की भूमि पर कब्ज़ाः राजस्व विभाग की शरण में दबंगाई

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उबल रहा है जनाक्रोश शिक्षा की जमीन पर 'कब्जों का राज' नहीं चलेगासंवाद न्यूज एजेंसी बछरावां गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज बछरावां की जमीन पर दबंगों द्वारा किया गया कब्ज़ा अब केवल एक राजस्व विवाद नहीं रहा। यह पूरे क्षेत्र की जनता के सम्मान और अधिकार का सवाल बन गया है। लेखपाल व कानूनगो की भूमिका पर उठते सवालों ने इस मामले को नया रूप दे दिया है। जनता पूछ रही क्या सरकारी जमीन अब कागज़ों से नहीं, दबंगाई से बंटेगी?ङ्कविद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के बीच आक्रोश साफ दिखाई दे रहा है। शिक्षा की जमीन पर कब्ज़ा। यह बात अपने आप में इतनी शर्मनाक है कि किसी जागरूक समाज में इस पर आंदोलन स्वतः शुरू हो जाता। यहाँ तो उल्टा सवाल पूछा जा रहा है कि कब्जा किसका और संरक्षण किसका।जनता का आरोप है कि राजस्व विभाग की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा कब्जा असंभव है। लोग बछरावां के बाजारों और चौराहों पर खुलेआम बोल रहे हैं। लेखपाल-पटवारी से लेकर कानूनगो तक, सबको पता था, पर सब चुप थे!ङ्कजब शिक्षा की जमीन पर कब्जा हो जाये तो समझिए मुद्दा निजी नहीं, पीढ़ियों का हो जाता है।आज गांधी विद्यालय की जमीन गई तो कल किसी और स्कूल की, और उसके बाद किसी अस्पताल या तालाब की बारी बछरावां में यह चर्चा फैल चुकी है।ल्लप्रणाली अगर जनता की न हो सके, तो जनता आंदोलन बनकर खड़ी हो जाती है।ङ्कस्थानीय लोगों का कहना है कि अब समय आ गया है जब प्रशासन को जवाब देना ही पड़ेगाभूमि दबंगों की है या शासन का।स्कूल की जमीन कब्जे से बंटेगी या कानून से और सबसे बड़ा सवालल्लक्या बछरावां दबंग शासन में बदल गया ।यदि प्रशासन अब भी चुप रहता है तो यह मामला केवल शिकायत भर नहीं रहेगा यह जनता बनाम सरकारी मौन की लड़ाई बन जायेगा।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति के तहत समस्त छात्र/छात्राओं का डाटा समय-सारिणी के अनुसार किया जाए अग्रसारितः मोहन त्रिपाठी

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी महोन त्रिपाठी ने समस्त प्रचार्य/निदेशक महाविद्यालय एवं तकनीकी संस्थानों से कहा है कि उ0प्र0 शासन पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2 द्वारा वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोडकर) दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11 व 12 का छोड़कर) योजनान्तर्गत समस्त छात्र/छात्राओं का डाटा तृतीय चरण की समय सारिणी निर्गत की गयी है। जिसके अनुसार शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 27 जनवरी, 2026 निर्धारित है।
विश्वविद्यालय/एफ़िलिएटिंग एजेंसी द्वारा रिजल्ट अपलोड किया जाना तथा सम्बन्धित शिक्षण संस्थानों द्वारा पाठ्यक्रम व अनुमोदित सीटों के सापेक्ष संस्थान द्वारा अग्रसारित छात्र संख्या को सत्यापित कर लॉक करने की अन्तिम तिथि 07 फरवरी, 2026 निर्धारित है। उन्होंने कहा है कि निर्धारित समय सारिणी के अनुसार समस्त प्रक्रियात्मक कार्यवाही निर्धारित तिथि तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा है कि संस्थान स्तर से ऑनलाइन आवेदन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 27 जनवरी 2026 के उपरान्त आपकी लॉगिन पर कोई भी छात्रवृत्ति डाटा लम्बित न रह जाये, यदि निर्धारित समय सीमा के उपरान्त आपकी लॉगिन पर कोई भी डाटा अवशेष रहता है और पात्र छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति से वंचित रहता है, तो सम्पूर्ण जिम्मेदारी शिक्षण संस्थान की होगी।

# निर्यात तैयारी सूचकांक-2024 में उत्तर प्रदेश की बड़ी छलांग,चौथे स्थान पर पहुंचा उत्तर प्रदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश आज न केवल तेजी से उभरता निर्यातक राज्य बन रहा है, बल्कि निर्यात को रोजगार, निवेश, क्षेत्रीय संतुलन और समावेशी विकास से जोड़ते हुए नए राष्ट्रीय मॉडल के रूप में भी उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इसका ताजा उदाहरण नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 की रैंकिंग है। 14 जनवरी, 2026 को जारी इस रैंकिंग में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज करते हुए ओवरऑल चौथा स्थान तथा भू-आबद्ध राज्यों में प्रथम स्थान हासिल किया है। वर्ष 2022 की रैंकिंग में उत्तर प्रदेश ओवरऑल सातवें स्थान पर और भू-आबद्ध राज्यों में दूसरे स्थान पर था। केवल दो वर्षों में यह बड़ी छलांग राज्य के निर्यात क्षेत्र में हुए व्यापक सुधारों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार की निर्यात-प्रोत्साहन नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश में निर्यात अवसंरचना को सुदृढ़ करने, लागत प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, विविध उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और कारोबारी माहौल को सुगम बनाने पर विशेष बल दिया गया। उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति, एक जिला-एक उत्पाद योजना, कॉमन फैसिलिटी सेंटर, लॉजिस्टिक्स सुधार, रोड-कनेक्टिविटी और ड्राई पोर्ट जैसी पहल निर्यात तत्परता को गति देने में महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। सरकार द्वारा माल भाड़ा व्यय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मेलों/प्रदर्शनियों में भागीदारी, गुणवत्ता प्रमाणीकरण, ई-कॉमर्स ऑनबोर्डिंग शुल्क, कुरियर एवं एयर-फ्रेट व्यय तथा निर्यात क्रेडिट गारंटी पर प्रतिपूर्ति जैसी सुविधाओं ने निर्यातकों का लागत बोझ कम किया है और उन्हें वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाया है। पिछले तीन वर्षों से आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो ने राज्य के निर्यातकों के लिए महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म का कार्य किया है। इसके माध्यम से यूपी के एमएसएमई और पारंपरिक कारीगरों को अंतरराष्ट्रीय बायर्स से सीधा संपर्क मिला, जिससे नए बाजारों में प्रवेश और निर्यात ऑर्डरों में वृद्धि दर्ज की गई। इससे प्रदेश के हथकरघा, हस्तशिल्प, खाद्य-प्रसंस्करण, चमड़ा, फार्मा और एग्री-बेस्ड उत्पादों को नई पहचान मिली है। नीति आयोग ने ईपीआई-2024 रैंकिंग तैयार करते समय चार प्रमुख स्तंभ-निर्यात अवसंरचना, बिजनेस इकोसिस्टम, नीति एवं सुशासन और निर्यात प्रदर्शन के साथ 13 उप-स्तंभों के 70 संकेतकों के आधार पर राज्यों का मूल्यांकन किया। इन विभिन्न मानकों पर उत्तर प्रदेश ने व्यापक सुधार दर्ज कराए हैं।

# मंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❑ मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद अमरोहा एवं बिजनौर सहित अन्य जिलों के साथ सम्भल जिले के प्रतियोगियों द्वारा प्रतिभाग किया गया

सम्भल , बहजोई। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत आज जनपद के कलाकारों द्वारा सभा भवन मैथोडिस्ट गर्ल्स इण्टर कॉलेज मुरादाबाद में हुई मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद अमरोहा एवं बिजनौर सहित अन्य जिलों के साथ सम्भल जिले के प्रतियोगियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। लोक कला संयोजक (मेरठ प्रांत) की श्रीमती ममता राजपूत द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तर पर हुईं प्रतियोगिता में विजयी कलाकारों द्वारा मण्डल स्तर पर हुई इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें सम्भल जिले के उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप का समूह लोक नृत्य में प्रथम स्थान पर रहा । जनपद के अन्य कलाकार एकल नृत्य में धेड़ीया नृत्य प्रस्तुत किया सरस्वती माध्यमिक उच्चतम विद्यालय की छात्रा कु.नंदीनी कुशवाहा, एसएम कॉलेज की छात्रा कु. शिवानी गायन प्रतियोगिता में प्रथम रहीं। यह सभी कलाकार राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में लखनऊ के लिए चयनित किए गए हैं। विजयी कलाकारों द्वारा कलक्ट्रेट सभागार पर जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया से मुलाकात की जिलाधिकारी द्वारा सभी विजयी कलाकारों को शुभकामनाएं दीं एवं राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में विजयी होने के लिए प्रेरित किया। जारी जिला सूचना कार्यालय सम्भल।

# प्रभातफ़ेरी रोकने के मामले में इंस्पेक्टर समेत चार लाइन हाजिर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। इस्लामनगर के गांव ब्यौर कासिमाबाद में प्रभात फ़ेरी रोकने वाले इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। एसपी सिटी ने इस मामले की जांच रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद तेजतर्रार एसएसपी ने मंगलवार को देर रात यह बड़ी कार्रवाई की। आपको बता दें कि पूरा मामला इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव ब्यौर कासिमाबाद में प्रभातफ़ेरी निकाल रहे ग्रामीणों पर लाठीचार्ज के मामले में तेजतर्रार एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने मंगलवार देर रात इंस्पेक्टर नरेश कुमार समेत चार लोगों को लाइन हाजिर किया है।इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव ब्यौर कासिमाबाद के ग्रामीण करीब 50 वर्षों से माघ महीने में प्रभातभातफ़ेरी निकालते आ रहे हैं। 16 जनवरी को निकाली जा रही प्रभातफ़ेरी को पुलिस ने गैर समुदाय के लोगों की शिकायत पर विवादित रास्ता बताते हुए रोक दिया था। जब ग्रामीण तीन घंटे तक प्रभातफ़ेरी निर्धारित रूट पर ही ले जाने को डटे रहे तो पुलिस ने जमकर लाठियां फटकारी थीं। इसमें आठ से दस महिलाएं व युवक घायल हो गए। ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर तीन थानों की पुलिस के अलावा पीएसी को मौके पर बुलाना पड़ा। बाद में बजरंग दल समेत अन्य संगठन के पदाधिकारियों ने थाने का घेराव कर दोषी पुलिस वालों पर कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। एडीएम व एसपी देहात ने दोनों पक्षों से वार्ता कर करीब 12 घंटे के बाद मामले को शांत कराया। एसपी सिटी ने एसएसपी को सौंपी जांच रिपोर्ट पुलिस ने माना कि लोग अपने सही रूट पर ही प्रभातफ़ेरी निकाल रहे थे। पुलिस ने किसके इशारे पर प्रभातफ़ेरी को रोका। इसकी जांच एसपी सिटी को दी गई थी। इसके बाद मामले की जांच रिपोर्ट सोमवार रात ही एसएसपी को सौंपी गई।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस पर 23 जनवरी को बहजोई में आयोजित होगा ब्लैक आउट मॉक ड्रिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल। जनपद में हवाई हमले से क्षेत्र के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान, आवास, सड़क तथा जनपदवासियों को सुरक्षित रखने हेतु उनके स्थानों की विद्युत (बिजली) बन्द रखना प्रकाश प्रतिबन्ध (ब्लैक आउट) कहलाता है।

नीतू रानी प्रभारी उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा ने बताया कि इस परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर 23 जनवरी 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित की जायेगी, जिसमें बचाव सम्बन्धी आपात कालीन विधियों का अभ्यास एवं प्रदर्शन किया जायेगा। आस-पास के समस्त प्रतिष्ठान तथा कार्यालय एवं क्षेत्र की जनता से अपील है कि 23 जनवरी, 2026 को सायं 6 बजे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों की लाईटों एवं इन्वर्टर को पूर्ण रूप से बन्द कर दें, जिससे बाहर प्रकाश दिखाई ना दें। ब्लैक आउट में क्या करें क्या न करें। सभी लाईटों को बन्द कर दें। सायरन बजने पर शांतिपूर्वक अपने घरों सुरक्षित स्थान पर रहें। साथ ही कृपया बाहर कोई माचिस, लाईट व टॉर्च एवं मोबाईल का प्रयोग न करें। यदि कहीं पर कोई लाईट निकल रही हो तो वहाँ पर काला कागज चिपकायें। घर से कोई भी लाईट बाहरन निकलने पाये। ध्यान से चले, भागें नहीं एवं धूम्रपान न करें। यह केवल एक मॉक ड्रिल है जो कि जागरूकता फैलाने के लिए की जा रही है। कृपया सहयोग देते हुए भविष्य में हवाई हमले (युद्ध) जैसी विषम परिस्थितियों में होने वाले ब्लैक आउट केप्रति जागरूक रहें। अफवाहों से बचे और प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करें। स्वंयसेवको व स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें। मॉक ड्रिल को गम्भीरता से लें ताकि आपात स्थिति में जान माल की हानि को कम किया जा सके। घबरायें नहीं, बच्चों एवं पूरे परिवार को जागरूक करें तथा मोबाईल या रेडियो पर सरकारी एलर्ट सुनें। चिन्हित शरण स्थल तक जल्दी से पहुँचने का रास्ता पहले से तय करें। जरूरी वस्तुएँ तैयार रखें, जैसे पीने का पानी, सूखा भोजन, बिस्किट आदि। प्राथमिक चिकित्सा किट, टार्च एवं एक्स्ट्रा सेल रखें। जरूरी दस्तावेज जैसे आईडी, मेडिकल रिपोर्ट आदि सुरक्षित रखें। खिड़कियों पर मोटे पर्दे काले कागज लगायें तथा शीशे से दूर रहे, जमीन पर लेट जायें। हवाई हमले के बाद बाहर तभी निकलें जब सरकारी निर्देश मिलें।18. यदि रोड पर हों तो वाहन किनारे खड़ा कर वाहन की लाईट ऑफ कर दें और घबरायें नहीं व समय-समय पर जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों / ट्रैफिक नियमों और पुलिस के निर्देशोंका पालन करें। यह अभ्यास आपकी सुरक्षा के लिए है। इसलिए इसे गम्भीरता से लें और सहयोग करें। हवाई हमले का रेड सिग्नल 02 मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में सायरन बजाया जाता है तथा खतरा टलने की सूचना 02 मिनट तक सायरन को एक ही आवाज मे बजाकर दी जाती है, ताकि बचाव एवं राहत की कार्यवाही तुरन्त की जा सके।

# नाबालिग किशोरी के अपहरण पर पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीड़ित पिता ने पुलिस उपमहानिरीक्षक देवी पाटन मण्डल से लगाई न्याय की गुहार

गोंडा । जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र से एक नाबालिग किशोरी के कथित अपहरण का गंभी र मामला सामने आया है।पीड़ित पिता ने कटरा बाजार पुलिस पर लापरवाही और प्रभावशाली आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए उप-महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल, गोंडा को प्रार्थना पत्र देकर अपनी बेटी की सकुशल बरा मदगी और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।प्राप्त प्रार्थना पत्र के अनुसार आवेदक ओंका रनाथ पुत्र शिवप्रसाद थाना कटराबाजार ने बता या कि उनकी नाबालिग पुत्री को अभियुक्त सु जीत कुमार द्वारा दिनांक 13 जनवरी 2026 को सुबह करीब दस बजे बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया। पीड़ित पिता का कहना है कि उनकी पुत्री नाबालिग है और उसे जबरन अपने साथ ले जाया गया है। घटना के अगले दिन




14 जनवरी 2026 को पीड़ित द्वारा थाना कटरा बाजार में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसका एफआईआर संख्या 10/2026 है। पीड़ित का आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आज तक पुलिस द्वारा न तो अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई और न ही उसकी नाबालिग बेटी का कोई सुराग लगाया जा सका है।पीड़ित परिवार ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की लेकिन कोई ठोस जान कारी नहीं मिल सकी।प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि अभियुक्त सुजीत कुमार और उसके परिजन क्षेत्र के प्रभावशाली लोग हैं, जिसके चलते पुलिस कार्रवाई से बचती नजर आ रही है।जब पीड़ित ने अभियु क्त के घरवालों से संपर्क कर अपनी बेटी को वापस लाने की बात कही, तो उल्टा उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी गई।इससे पीड़ित परिवार भय और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर है। पीड़ित पिता ने गंभीर आशंका जताई है कि उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी भी हो सकती है। उनका आरोप है कि स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता और अभियुक्त से कथित सांठगांठ के कारण मामला दबाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पीड़ित अपने बयान में बताया कि यदि उसकी लड़की जल्द से जल्द पुलिस द्वारा बरामद नहीं की जाती है तो पूरे परिवार के साथ पेट्रोल डालकर थाना कटरा बाजार गेट के सामने आत्महत्या कर लेगा

अंत में पीड़ित ने डीआईजी देवीपाटन मंडल से मांग की है कि प्रार्थना पत्र पर संज्ञान लेते हुए नाबालिग किशोरी पूजा की शीघ्र बरामदगी कराई जाए, अभियुक्त सुजीत कुमार को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह मामला न केवल कानून-व्यवस्था बल्कि नाबालिगों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।अब देखना यह है कि उच्च पुलिस अधिकारी इस प्रकरण में क्या कदम उठाते हैं और पीड़ित परिवार को कब न्याय मिलता है।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास कार्यों के योजनाओं के रैंकिंग की डीएम व सीडीओ ने की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने सीएम डैश बोर्ड के माध्यम से जिले में चल रही विकास कार्यक्रमों के योजनाओं के रैंकिंग की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली।उन्होंने एनआरएलएम विभाग, जल निगम विभाग, फैमिली आईडी, पंचायत विभाग, विद्युत विभाग, पर्यटन विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग,माध्यमिक शिक्षा विभाग, पशुपा लन विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोवेशन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग आदि विभागों की समीक्षा बैठक की।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रहे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कार्यों का शतप्रतिशत कार्य करते हुए फीडिंग कराकर रैंकिंग में सुधार लायें। समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों/ योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा है कि निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और अपने विभागों के योजनाओं के क्रियान्व यन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समय अवधि में निस्तारण करें। कहा कि संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, उपनिदेशक कृषि, डीपीआरओ, जिला प्रोवेशन अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, डीसी उद्योग बाबूराम, सहायक पर्यटन अधिकारी सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीगण, समस्त बीडीओ, समस्त एडीओ पंचायतगण, नेडा विभाग उपस्थित रहे।

## कानपुर सपा की टीम ने अखिलेश से भेंट कर सौंपी रिपोर्ट

कानपुर । समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव 'मिन्टू' के साथ बुधवार को लखनऊ पहुंचकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को महानगर के पांचों विधानसभा क्षेत्रों—गोविंदनगर, आर्यनगर, सीसामऊ, किदवई नगर एवं कैंट—की एसआईआर रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में बताया गया कि पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सपा कार्यकर्ताओं एवं बीएलए द्वारा गहन संपर्क अभियान चलाकर गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा कराए गए हैं। साथ ही वर्ष 2003 की मतदाता सूची के आधार पर व्यापक पड़ताल कर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़वाए गए हैं, जिससे किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से न कटने पाए। महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने बताया कि सपा टीम एवं कार्यकर्ता इंटर व डिग्री कॉलेजों के छात्रों से व्यापक संपर्क कर नवयुवकों के फार्म-6 प्राथमिकता के साथ भरवाने का अभियान चला रहे हैं, ताकि कोई भी वाजिब मतदाता छूटने न पाए।

# विकास भवन में अफसरों से मिलना बना टेढ़ी खीर फरियादी परेशान

## विकास विभाग के अधिकारियों का सीयूजी नंबर बना खिलौना,नहीं रिसीव होते फोन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा।जनपद में फरियादियों की समस्याएं सुनने के लिए शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा भी प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है।विकास भवन में कई जिम्मेदार अधिकारियों के कक्ष अक्सर बंद रहते हैं। हैरत की बात यह है कि कई बार मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) के मौजूद रहने के बाव जूद फरियादियों से नहीं मिलना चाहती हैं जिससे दूर-दराज से आए फरियादियों को मायूस होकर लौटना पड़ता है।शिकायत लेकर पहुंचे लोगों का आरोप है कि तय समय पर अधिकारी उपलब्ध नहीं रहते।विकास भवन स्थित मुख्य विकास अधिकारी के गेट पर तैनात कर्मचारी फरियादियों से सहयोग करने के बजाय उनसे दो-चार करने पर उतारू रहते हैं।कई बार तो गेट से ही




अंदर प्रवेश नहीं दिया जाता,जिससे पीड़ित अपनी बात जिम्मेदार अधिकारियों तक नहीं पहुंचा पाते।फरियादियों का यह भी कहना है कि शासन द्वारा अधिका रियों को आमजन की सुविधा के लिए दिए गए सीयूजी क्लोज्ड यूजर ग्रुप नंबर महज औपचा रिकता बनकर रह गए हैं।आरोप है कि ये नंबर अधिकारियों के लिए खिलौना बन चुके हैं, जि न्हें किसी भी हालत में रिसीव नहीं किया जाता। इससे न केवल आमजन की समस्याएं अनसुनी हो रही हैं,बल्कि मुख्यमंत्री की जनसुनवाई और जवाबदेही की छवि भी धूमिल होती नजर आ रही है।जनपदवासियों का कहना है कि यदि अधिकारी समय पर कार्यालय में मौजूद रहें और सीयूजी नंबरों पर कॉल रिसीव करें तो फरियादियों को काफी राहत मिल सकती है। लोगों ने शासन से लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि प्रशासन पर जनता का भरोसा बना रह सके।

# यूपी स्थापना दिवस को लेकर तैयारी शुरू, 24 से 26 जनवरी तक होगा आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस इस बार विशेष तरीके से मनाया जाएगा तीन दिव सीय कार्यक्रम के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं, जिसमें विभिन्न विभाग सहयोग कर रहे हैं। प्रदे श की सांस्कृतिक, सामाजिक और विकासात्म क उपलब्धियों को जन - जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह त्रिदिवसीय आयोजन 24 से 26 जनवरी, 2026 तक किया जाएगा। कार्यक्रम शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉले ज मैदान में व्यापक जनसहभागिता के साथ संपन्न होगा। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शेष बची तैयारी को जल्द से जल्द पूरा करने के जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है।विभिन्न कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारि यों की तैनाती कर उनके दायित्व निर्धारित किए गए हैं।स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि,उद्या न पशुपालन,स्वास्थ्य,शिक्षा,मिशन शक्ति,खादी, माटीकला, ग्रामोद्योग, ओडीओपी और पंचायती राज सहित कई विभागों की प्रदर्शनियां और स्टॉल लगाए जाएंगे।एक जनपद एक व्यंजन' योजना के तहत स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।इन प्रदर्शनियों के माध्य म से आमजन को सरकार की जनकल्याण का री योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। चौबीस जनवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्व लन और स्वागत गीत के साथ होगा।इसी दिन राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। छात्र-छात्राओं द्वारा नाट्य प्रस्तुतियां, स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक गायन-वादन और कठपु तली शो का आयोजन होगा।विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र औ र टूल किट का वितरण भी किया जाएगा। 25 जनवरी को स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली औ र पेंटिंग प्रतियोगिताएं,मतदाता जागरूकता रै ली तथा राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर सां स्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम के समापन पर खेलकूद और अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।जि ला प्रशासन ने आमजन से इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## बरेली में बुजुर्ग ने की एसएसपी आफिस के बाहर आत्मदाह की कोशिश, इंस्पेक्टर समेत दो लोगों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

बरेली । उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली के एसएसपी कार्यालय के बाहर बुधवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक बुजुर्ग ने आत्मदाह करने की कोशिश की। हालांकि मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया और बुजुर्ग की जान बचा ली गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए एसएसपी कार्यालय परिसर में हड़कंप की स्थिति बनी रही। थाना किला क्षेत्र की गढ़ी चौकी निवासी श्रवण शिकायत पत्र लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचे थे। वह काफी परेशान और उत्तेजित थे। उनके हाथ में पेट्रोल से भरी बोतल थी। जैसे ही उन्होंने बोतल खोलकर अपने ऊपर पेट्रोल डालने का प्रयास किया, ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्काल स्थिति को भांपते हुए उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने बुजुर्ग को सुरक्षित रूप से काबू में लेकर कोतवाली थाने पहुंचाया, जहां कोतवाल सुरेश चंद्र गौतम ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान श्रवण ने एक इंस्पेक्टर समेत दो लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि इन लोगों की मिलीभगत से वह लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा है और शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। बुजुर्ग ने बताया कि लगातार मानसिक उत्पीड़न से वह टूट चुका था, इसी कारण उसने यह कदम उठाया। एसएसपी अनुराग आर्य का कहना है कि लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाथरस में कट बंद करने में लापरवाही हो सकती है जानलेवा, लोगों ने कार्य पर उठाए सवाल

हाथरस । उत्तर प्रदेश के जनपद हाथरस कस्बे में एनएच पर डिवाइडर के कट बंद करने के कार्य में लापरवाही बरतने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। पिछले दिनों जिलाधिकारी अतुल वत्स ने हाईवे का निरीक्षण कर ब्रजभूमि एक्सप्रेसवे के अधिकारियों को इन कटों को तत्काल बंद करने के निर्देश दिए थे ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# जिला महिला अस्पताल में आशा बहुओं के प्रवेश पर रोक का विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के झझरी विकासखंड के अंतर्गत महिला अस्पताल की आशा बहुओ ने मुख्य चि कित्सा अधिकारी डॉ.संत लाल पटेल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन आशा कार्यकर्ता उर्मिला दुबे के नेतृत्व में सीएमओ ऑफिस में दिया गया आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि मरीजों को अस्प ताल लाने के बाद उन्हें परिसर में प्रवेश नहीं दि या जा रहा है।इसके साथ ही उनके साथ अभद्र टिप्पणी भी की जा रही है, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आशा उर्मिला दुबे ने बताया कि यदि उनकी समस्या ओं का



समाधान नहीं किया गया, तो वे कार्य का बहिष्कार करेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि इसके बाद गोंडा जनपद में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा एक बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

## संभल के सीजेएम विभांशु सुधीर के तबादले से अधिवक्ताओं में आक्रोश, जिला न्यायालय में किया प्रदर्शन

संभल । उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के सीजेएम विभांशु सुधीर के तबादले के बाद जिला न्यायालय में आज वकीलों ने प्रदर्शन कर स्थानांतरण रद्द करने की मांग की है। संभल हिंसा मामले में तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी और कोतवाली प्रभारी समेत 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ आदेश देने वाले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर के तबादले के बाद वकील भड़क गए। बुधवार को वकीलों ने चंदौसी कोतवाली के पास सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। वकीलों ने सरकार और पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जज के ट्रांसफर पर कहा कि अच्छे जज को डिमोट जा रहा है। वकीलों का कहना है कि सीजेएम विभांशु सुधीर ने संभल हिंसा के दौरान एक युवक आलम को गोली लगने के मामले में उसके पिता की याचिका पर पुलिसकर्मियों पर एफआईआर के आदेश दिए थे। वकीलों का आरोप है कि इसी फैसले के बाद जज का तबादला किया गया। इस मामले में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा जज विभांशु जिले में न्याय व्यवस्था के लिए बेहतरीन काम कर रहे थे। उनके कार्यकाल में 8-8 दिन में फैसले हुए हैं। पुलिस और सीओ अनुज चौधरी के खिलाफ आदेश देने पर उनका ट्रांसफर किया गया। उनका ट्रांसफर रद्द होना चाहिए और उन्हें संभल जनपद में वापस बुलाना चाहिए।

## साइबर सेल ने पीड़ित के खाते में लौटाए 15 हजार रुपये

मीरजापुर। थाना कछवां की साइबर सेल ने गलती से अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हुई 15 हजार रुपये की धनराशि वापस कराकर पीड़ित को राहत पहुंचाई हैं। साइबर सेल के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बुधवार को बताया कि रामापुर निवासी मिथलेश कुमार मौर्या ने 26 अक्टूबर 2025 को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी कि उनसे भूलवश 15 हजार रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गए हैं। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना कछवां की साइबर सेल टीम ने तत्काल जांच शुरू की।

# किसान दिवस पर किसानों की समस्याएं सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । शासन की मंशा के अनुरूप तहसील गौरीगंज सभागार में माह के तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार किसान दिवस का आयोजन जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। किसान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों द्वारा अधिक विद्युत बिल, आवारा पशुओं द्वारा फसल नष्ट करने, डॉक्टर द्वारा फोन ना उठाए जाने, पशु बीमा, टीकाकरण, कृषक भ्रमण की सूचना समस्त किसानों को उपलब्ध न कराए जाने, धान खरीद तथा नियमानुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने संबंधी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से उठाया गया, जिनको लेकर मौके पर ही उनके समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। कार्यक्रम के



दौरान किसानों को शासन द्वारा संचालित नंदिनी योजना, मुख्यमंत्री कोष संवर्धन योजना के साथ-साथ विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों के साथ ही उर्वरक रसायन, खरपतवार नियंत्रण, कीटनाशक के प्रयोग के साथ ही कृषक जिज्ञासाओं तथा अन्य विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। उन्हें जैविक व प्राकृतिक खेती के लाभों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उन्नत खेती करने के सुझाव भी दिए गए। कृषि विज्ञान केंद्र कठौरा के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को फसल सुरक्षा, कीट एवं चूहे नियंत्रण, तथा फसल उत्पादन बढ़ाने के उपायों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद के प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेकर खेती में नवाचार किया और अच्छा लाभ अर्जित किया। उन्होंने अन्य किसानों से भी इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। किसान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जीके शुक्ला, जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई, नलकूप, विद्युत विभाग के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

# विंध्याचल आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा 'मां के नाम एक पेड़' का प्रसाद, बसंत पंचमी से होगा पौध वितरण

मीरजापुर। विंध्याचल धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बसंत पंचमी से एक नई पहल शुरू होने जा रही है। हरित क्रांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर उद्यान विभाग श्रद्धालुओं को 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत निःशुल्क पौध वितरित करेगा। यह वितरण गेट नंबर चार, कोतवाली रोड स्थित मुख्य द्वार पर लगाए गए काउंटर से अनवरत किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बुधवार को बताया कि प्रदेश और जनपद को हरा-भरा बनाए रखने की दिशा में यह पहल की गई है, जिसमें श्रद्धालुओं को मां के प्रसाद के रूप में औषधीय और सुगंधित फूलों के पौधे दिए जाएंगे। उप निदेशक उद्यान के अनुसार, बसंत पंचमी से दो पालियों में सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक और दोपहर दो बजे से रात दस बजे तक पौध वितरण किया जाएगा, जिसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर दी गई है।

इसके बाद जिलाधिकारी ने विंध्याचल



कॉरिडोर और मां विंध्यवासिनी मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने सेफ हाउस समेत अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था को बासंतिक नवरात्र से पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट अविनाश कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका गोवा लाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### किसानों की समस्याओं को सुना अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के दिए निर्देश

पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस गांधी सभागार में सम्पन्न हुआ आयोजित किसान दिवस में कृषकों एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया किसान दिवस में वर्तमान में एग्री स्टैक योजनान्तर्गत चल रही फार्मर रजिस्ट्री के लाभ के बारे में कृषकों को बताया गया और कृषकों से अपेक्षा की गई अधिक से अधिक किसान भाई जन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से शीघ्र फार्मर रजिस्ट्री करा लें, ताकि पी0एम0 किसान की आगामी किस्त उनके खातों में पहुँच सके। गुरदीप सिंह, प्रतिनिधि भारतीय किसान यूनियन द्वारा अवगत कराया गया माला जंगल से होकर निगोही ब्रान्च नहर गुजर रही है उसमें बहुत अधिक मात्रा में सिल्ट भरी हुई है, जिसकी शीघ्र सफाई करायी जाये बलराम सिंह काहलो, जिला प्रभारी भारतीय किसान यूनियन पीलीभीत के द्वारा अवगत कराया गया कि ए0आर0टी0 पीलीभीत के द्वारा गन्ना किसानों की गन्ने से भरी ट्रालियां रोकी जाती है तथा सीज भी की जाती है, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाये वेदप्रकाश शर्मा जिलाध्यक्ष भाकियू ने अवगत कराया है कि नहरों की सफाई वर्ष में एक बार कराई जाती है, जिससे नहरों में सिल्ट आदि जमा हो जाता है नहरों की सफाई 1 वर्ष में दोबार कराई जाये जिलाधिकारी द्वारा किसान भाईयों से अपील की गई कि अपने अपने ग्रामों में 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित करें साथ ही जिलाधिकारी के द्वारा किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। किसान दिवस में कृषकों को विभिन्न विभिागों से आये अधिकारियों के द्वारा अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई उक्त किसान दिवस में राममिलन सिंह परिहार उप कृषि निदेशक,आशीष यादव अधिशासी अभियंता विद्युत,राजकुमार सेठ अग्रणी जिला प्रबन्धक, खुशीराम जिला गन्ना अधिकारी, नरेन्द्र पाल जिला कृषि अधिकारी, रोहित भारती जिला पंचायत राज अधिकारी, डा0 प्रदीप कुमार सिंह सहायक आयुक्त सहायक निबन्धक सहकारिता आदि अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया हैं।

# तहसील में एसआईआर फॉर्म, नोटिस के बाद उमड़ी भीड़, एसडीएम ने की सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा एसआईआर (ड्राफ्ट) फॉर्म न भरे जाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। तहसील प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए अब तक लगभग 18,400 ग्रामीणों को नोटिस जारी किए हैं। इन नोटिसों की सुनवाई बुधवार सुबह दस बजे से तहसील सभागार में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और तहसीलदार की मौजूदगी में शुरू की गई। नोटिस में संबंधित ग्रामीणों को सात दिन के भीतर अपना पक्ष रखने और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिया गया है। तहसील प्रशासन द्वारा प्रतिदिन लगभग 150 लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है, जिससे तहसील परिसर में रोजाना भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सुनवाई के दौरान ग्रामीण अपने साथ पहचान, निवास और अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर तहसील पहुंच रहे हैं। अधिकारियों द्वारा उनके अभिलेखों की जांच कर एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है, साथ ही जिन ग्रामीणों को किसी प्रकार की समस्या आ रही है, उसका मौके पर समाधान भी किया जा रहा है।एसडीएम व तहसीलदार ने बताया कि एसआईआर फॉर्म भरने के लिए कुल 12 प्रकार के दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से कम से कम एक वैध दस्तावेज फॉर्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। जिन लोगों के दस्तावेज अधूरे पाए गए हैं, उन्हें आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उनका फॉर्म पूर्ण किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के माध्यम से गांव-गांव जाकर एसआईआर फॉर्म भरवाने का अभियान चलाया गया था, लेकिन इसके बावजूद हजारों ग्रामीणों ने फॉर्म नहीं भरे। इसी कारण प्रशासन को नोटिस जारी करने की कार्रवाई करनी पड़ी। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि यह पूरी प्रक्रिया शासन के निर्देशों के अनुरूप की जा रही है और इसका उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। प्रशासन ने अपील की है कि जिन ग्रामीणों को नोटिस प्राप्त हुआ है, वे समय पर तहसील पहुंचकर अपने दस्तावेज प्रस्तुत करें, ताकि उनका मामला शीघ्र निस्तारित किया जा सके।

### सड़क हादसे में मृतकों की संख्या तीन, घायल युवक ने बरेली में तोड़ा दम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गढ़वाखेड़ा में 14 जनवरी को हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। हादसे में गंभीर रूप से घायल महुआ गुंदे गांव निवासी मिशन बाजपेई ने बरेली के भोजीपुरा अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वुधवार दोपहर एक बजे जानकारी के अनुसार पूरनपुरऽखुटार आसाम हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे गोलगप्पे की दुकान के पास चाट खा रहे लोगों को कुचल दिया था। इस हादसे में जोगराजपुर निवासी दो सगे भाई मोहम्मद वक्स और मोहम्मद अजीम की मौके पर ही मौत हो गई थी। मिशन बाजपेई गंभीर रूप से घायल थे, जिन्हें बरेली रेफर किया गया था। अब तीसरी मौत के बाद क्षेत्र में गहरा शोक है। लोग सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन से कड़े कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

### धनाराघाट हादसे के पीड़ित परिजनों को मिलेगा मुआवजा, सांसद जितिन प्रसाद सौंपेंगे चेक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के धनाराघाट शारदा नदी में 18 जनवरी को स्नान के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में जान गंवाने वाले एक किशोर व युवक के परिजनों को राहत देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस हादसे में चंदिया हजारा निवासी किशोर सौरभ मंडल, सुमित ढली तथा जेठापुर निवासी युवक अवधेश की शारदा नदी में डूबने से मौत हो गई थी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी। वुधवार एक बजे जानकारी के अनुसार हादसे के बाद सुमित ढली के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था, जबकि सौरभ मंडल और अवधेश के शवों का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया था। प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब सौरभ मंडल और अवधेश के परिजनों को आर्थिक सहायता मुआवजे के रूप में दिए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह मुआवजा राशि आपदा राहत कोष से प्रदान की जाएगी। दोनों पीड़ित परिवारों को यह सहायता राशि का चेक 22 जनवरी, गुरुवार को सौंपा जाएगा। इसी दिन पीलीभीत सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद एक दिवसीय दौरे पर जिले में पहुंच रहे हैं। उनके हाथों से ही मुआवजे के चेक दिलवाए जाने की तैयारी की गई है।

### केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद का पूरनपुर क्षेत्र मे होगा जन संवाद कार्यक्रम

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। केन्द्रीय मंत्री व सांसद जितिन प्रसाद जन संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा इस जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से सांसद सीधे आमजन से रूबरू होंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे तथा क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी स्पष्ट सोच और योजनाएं साझा करेंगे जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं केंद्रीय राज्य मंत्री विधायक जी के नवीन प्रतिष्ठान ''मनी फिलिंग'' स्टेशन का 11 बजे उद्घाटन करेंगे व 11:20 पर कढेर जनसंवाद कर जनता की सुनेंगे समस्याएं व 12:00 बजे ग्राम जेठापुर स्वर्गीय अवधेश पुत्र रामपाल के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे व 12:45 बजे ग्राम चंदिया हजारा स्वर्गीय सुमित पुत्र छोटू ढाली, एवं स्वर्गीय मिताई सरकार के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे व 1:15 बजे नवनिर्मित धनारघाट पुल का निरीक्षण एवं जनसंवाद करेंगे व 2:45 बजे ग्राम रमपुरा फकीरे में स्वर्गीय किशन राजपूत पुत्र नंदराम राजपूत के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे व जनसंवाद कर जनता की समस्याओं को सुनेंगे।

### देहली बाजार में पंजाब नेशनल बैंक की नई शाखा का शुभारंभ

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के देहली बाजार में बुधवार को पंजाब नेशनल बैंक की नई शाखा का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने पंजाब नेशनल बैंक के महाप्रबंधक (अंचल कार्यालय लखनऊ) मृत्युंजय तथा मंडल प्रमुख (अयोध्या) अवधेश कुमार तिवारी के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर शाखा का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि शिवकुमार सिंह ने कहा कि देहली बाजार में बैंक शाखा खुलने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग सुविधाएं सहजता से उपलब्ध होंगी। इससे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और उपभोक्ताओं को अब बैंकिंग कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक कृष्ण दीपक वर्मा, उप प्रबंधक अनुज कुमार, ग्राम प्रधान विपिन यादव, प्रधान प्रतिनिधि विक्रम प्रताप सिंह 'गोलू', अभय प्रताप सिंह अजमल खान, मो. जकी, अफरोज जमा पठान, ग्राम प्रधान शिव बहादुर (पीरो सरैया), विकास सिंह, करमजीत सिंह गोरे, इंद्र प्रताप सिंह (पूर्व उपनिरीक्षक), शेष नारायण श्रीवास्तव, शिव प्रताप सिंह (देवलपुर) सहित अन्य जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### चोरी के बारह ड्रम केमिकल के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा पिकअप पर लदे चोरी के बारह ड्रम केमिकल व एक तमंचा,एक जिंदा कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान एक पिकअप पर लदे चोरी के केमिकल से भरे बारह ड्रम, के साथ जितेन्द्र कुमार पुत्र राज कुमार चौहान निवासी रायपुर मजरे पलिया चंदापुर थाना मुसाफिरखाना, नीरज पाण्डेय पुत्र चन्द्र नारायण पाण्डेय निवासी जेनपुर थाना जामो को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में नीरज पाण्डेय के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बारह बोर बरामद हुआ। पिक अप वाहन यूपी 36 एटी 5209 के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि वह लोग डीजल चोरी का कार्य करते हैं एवं टैंकरों से डीजल चुराकर इस चोरी के केमिकल को उसमें मिला देते हैं। थाना जामो क्षेत्र के गांव रामपुर के एक युवक द्वारा मेन डीलिंग की जाती है उनके द्वारा ही केमिकल के ड्रम उपल्ध कराये गये थे तथा बताया गया था कि अन्डरपास के पास उनके आदमी मिलेंगे और वहीं टैंकर से डीजल उतारकर केमिकल डीजल में मिला दिया जायेगा।इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### विशेष अभियान के तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण की तिथियां घोषित

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के लिए विशेष अभियान की तिथिया इकतीस जनवरी एवं एक फरवरी निर्धारित की गई हैं। इसके अतिरिक्त, जिला निर्वाचन अधिकारियों को जनपद स्तर पर सुविधानुसार एक अतिरिक्त (चतुर्थ) विशेष अभियान तिथि निर्धारित करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद अमेठी में विशेष अभियान हेतु पांच फरवरी को चतुर्थ विशेष अभियान तिथि निर्धारित की गई है। इन सभी तिथियों में संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों,मंत्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को सूचित करते हुए निर्धारित विशेष अभियान तिथियों में संबंधित मतदेय स्थलों पर उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं के नाम सम्मिलित कराने हेतु नया नाम जोड़ने के लिए फार्म छह, नामों में त्रुटि सुधार हेतु फार्म आठ तथा गलत या अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फार्म सात भरवाने में सहयोग प्रदान करें, ताकि आयोग की मंशा के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# एसआईआर फार्म न भरने वाले 18796 मतदाताओं को नोटिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।तहसील क्षेत्र के गांवों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा एसआईआर फॉर्म न भरे जाने का मामला सामने आया है तहसील प्रशासन ने इस पर सख्ती दिखाते हुए अब तक लगभग 18,796 लोगों को नोटिस जारी किए हैं इन्हीं नोटिसों की सुनवाई तहसील सभागार में एआरओ उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह और तहसीलदार आशीष गुप्ता, नायब तहसीलदार और प्रशासनिक अधिकारीयो की मौजूदगी में की जा रही है नोटिस में 7 दिन का समय दिया गया है प्रशासन द्वारा प्रतिदिन लगभग 150 लोगों को सुनवाई के लिए 12 एआरओ कार्यालय पर बुलाया जा रहा है ताकि उनके अभिलेखों की जांच कर फॉर्म संबंधी प्रक्रिया पूरी कराई जा सके सुनवाई के दौरान ग्रामीण अपने-अपने दस्तावेज लेकर तहसील पहुंचे, जहां अधिकारियों ने उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तहसीलदार ने बताया कि एसआईआर फॉर्म भरने के लिए कुल 12 प्रकार के दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से कम से कम एक वैध प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से फॉर्म के साथ लगाया जा रहा है। जिन लोगों के दस्तावेज अपूर्ण पाए गए उन्हें आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इससे पूर्व बीएलओ के माध्यम से एसआईजआर फॉर्म भरवाए गए थे, लेकिन इसके बावजूद हजारों ग्रामीणों ने फॉर्म नहीं भरा, जिसके चलते प्रशासन को नोटिस जारी करने की कार्रवाई करनी पड़ी। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह शासन के निर्देशों के अनुरूप है और इसका उद्देश्य वोटर लिस्ट अभिलेखों को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है पात्र लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है प्रशासन ने अपील की है कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, वे समय पर तहसील पहुंचकर अपने दस्तावेज प्रस्तुत करें, ताकि उनका मामला शीघ्र निस्तारित किया जा सके और उनको मतदान देने का अधिकार सुनिश्चित हो सके ।

# अमृत सरोवर योजना की खुली पोल, कागजों में 29 लाख खर्च, जमीन पर अधूरा तालाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गांवों में जल संरक्षण को लेकर शुरू की गई अमृत सरोवर योजना की जमीनी हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में है। बल्दीराय विकास खंड की ग्राम पंचायत बरसांवां में स्थित शीतल बाबा अमृत सरोवर के निर्माण को लेकर लगाए गए सूचना बोर्ड ने कई चौंकाने वाले तथ्य उजागर किए हैं।अमृत सरोवर का निर्माण कार्य 5 अक्टूबर 2022 को शुरू हुआ था, जिसकी कुल लागत करीब 28.96 लाख खर्च हुए हैं। इसमें श्रमांश मद में 18.46 लाख रुपये और सामग्री मद में 10.49 लाख रुपये खर्च होना बताया गया है। हालांकि मौके पर पहुंचने पर हालात इससे बिल्कुल उलट नजर आते हैं।गांव निवासी सुल्तान बेग ने मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि तालाब में न तो पर्याप्त खुदाई कराई गई और न ही जल संरक्षण के मानकों का पालन किया गया। उनका कहना है कि कागजों में लाखों रुपये का कार्य दर्शा दिया गया, ।जबकि धरातल पर अमृत सरोवर की स्थिति बेहद निराशाजनक है। तालाब न तो पूरी तरह विकसित है और न ही उसमें पानी ठहरने की समुचित व्यवस्था है।शिकायतकर्ता ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### घर से परीक्षा देने निकली छात्रा के फरार होने पर मुकदमा दर्ज

तिलोई अमेठी,थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा तिलोई स्थित एक नामचीन डिग्री कालेज में परीक्षा देने पहुंची छात्रा के फरार हो जाने का मामला सामने आया है। छात्रा की मां ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये अभियोग दर्जकर लिया है और छात्रा की तलाश में जुट गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक उन्नीस वर्षीय छात्रा मंगलवार को अपने घर से तिलोई स्थित एक नामचीन डिग्री कालेज में परीक्षा देने निकली थी। कालेज में अनुपस्थित होने पर शिक्षक ने छात्रा के परिजन से जानकारी चाही तो मामला उजागर हुआ। छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर देकर एक मोबाइल नम्बर दर्ज कराते हुये आशंका जताई है कि इस नबर को चलाने वाले से उसकी बेटी की फोन और व्हाट्सएप चैटिंग से बातचीत होती थी।आरोप है उसने ही उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। छात्रा की मां की वार्ता सुनकर पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लिया और इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

# धर्म गुरुओं के अपमान पर सड़कों पर उतरी कांग्रेस, जुलूस निकालकर किया जोरदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। प्रयागराज के माघ मेले में ज्योतिपीठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के साथ प्रशासन द्वारा की गई कथित मारपीट व गाली-गलौज की घटना ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। सरकार की खुली संरक्षण में प्रशासन की बर्बरता के विरोध में बुधवार को कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जोरदार नारेबाजी की और प्रशासन को चेतावनी दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में कांग्रेसियों ने जुलूस निकालकर व नारेबाज़ी करके विरोध प्रदर्शन किया। कंाग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी कार्यालय के सामने सडक पर बैठकर घण्टों नारेबाजी की व दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल निलंबन औरपूरी घटना की न्यायिक जांच की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जगतगुरु शंकराचार्य श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी भगवान शंकर के आंशिक अवतार माने जाते हैं उनसे बड़ा कोई हिंदू धर्म में नहीं है ऐसे हमारे सम्मानित धर्मगुरु के साथ मारपीट और अपमान करना यह साबित करता है कि यह सरकार पूरी तरह तानाशाही पर उतर आई है। प्रशासन सत्ता के नशे में चूर होकर संतों पर भी लाठियां चला रहा है। कांग्रेस इस अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। वही उन्होंने सरकार पर सीधा हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार में न तो धर्म सुरक्षित है, न ही धर्मगुरु है।शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि धर्मगुरुओं का अपमान पूरे हिन्दू समाज का अपमान है, दोषी अधिकारियों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी। कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से जुलूस निकालकर लाल डिग्गी चौराहा, सुपर मार्केट बड़ा डाकखाना चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में सड़क पर बैठकर जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में सलाउद्दीन हाशमी, राजेश तिवारी, वरुण मिश्रा, सुब्रत सिंह सनी, ममनून आलम, आवेश अहमद,जफर खान, रणजीत सिंह सलूजा, सियाराम तिवारी, राहुल त्रिपाठी, शरद श्रीवास्तव, श्रीमती राम कुमारी,हमीद राइनी,अतहर नवाब,मो. कमर खान, अशोक सिंह, मनीष तिवारी, नंदलाल मोर्य, मोहित तिवारी, देवेंद्र तिवारी, संतोष वर्मा, मनीष तिवारी, मो. अतीक,मोहसिन सलीम, सियाराम वर्मा,दिनेश तिवारी, इन्द्रकेश शर्मा, सर्वेश सिंह सोनू, राहुल मिश्र, एजाजुद्दीन, राम लौट यादव आदि कांग्रेस नेता व पदाधिकारी शामिल रहे।

# हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए हुआ भव्य बाइक रैली का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर के रामलीला मैदान मे 27 जनवरी को आयोजित होने वाले हिन्दू सम्मेलन की सफलता के लिए बुधवार को श्री राम जानकी हिंदू सम्मेलन समिति के नेतृत्व में हिन्दू समाज के लोगों ने एक विशाल बाइक जागरुकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से प्रसिद्ध कथावाचक सुनील कौशल जी तथा राष्ट्रीय स्वयं स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक श्रीमान दुष्यंत जी ने भगवा पताका लहराकर किया यह विशाल बाइक रैली क्षेत्र के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करती हुई पुनः विधायक कार्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई रैली के दौरान हिन्दू समाज के लोगों से अधिक से अधिक की संख्या में 27 जनवरी को आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में भागीदारी की अपील की गई बाइक रैली में शामिल लोगों द्वारा भारत माता की जय, जय श्रीराम, जय हनुमान, गर्व से कहो हम हिन्दू हैं के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजता नजर आया आयोजन के सम्बन्ध में बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश के हर गांव कस्बों, शहर में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं पूरनपुर के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के पूर्व हिंदू बाइक रैली निकाली गई बाइक रैली के माध्यम से हिन्दू समाज के लोगों के बीच जन जागरूकता अभियान चलाया गया। रैली का स्वागत कई स्थानों पर पुष्प वर्षा करके किया गया बांग्लादेश में हिन्दू समाज के लोगों पर हो रहे अत्याचार को लेकर यहां लोगों में भारी आक्रोश है समाज के लोगों में एकजुटता की आवश्यकता है 27 जनवरी को यहां आयोजित हिन्दू सम्मेलन समाज के लोगों का उचित मार्गदर्शन करेगी रैली में शामिल युवा भगवा झंडे और धार्मिक प्रतीकों के साथ नगर के कोतवाली रोड,स्टेशन रोड, तिरंगा चौक, मैंन मार्किट, पकड़िया चौराहा सहित प्रमुख मार्गो से गुजरे पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे ।

# नफीसा खातून को मिला भारतेंदु हरिश्चंद्र अन्तर्राष्ट्रीय गौरव सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। हिंदी भाषा सेवा और सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर पहचान बनाने वाली नफीसा खातून को ञ्भारतेंदु हरिश्चंद्र अन्तर्राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2026ङ्क से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान हिंदी भाषा के संवर्धन, साहित्यिक योगदान और सामाजिक सक्रियता के लिए प्रदान किया गया।नफीसा खातून को जनपद सुल्तानपुर में भी अब तक कई सम्मान और पुरस्कारों से नवाज़ा जा चुका है। उनके कार्यों को न केवल साहित्यिक जगत ने सराहा है, बल्कि जनपद के नागरिकों और संस्थाओं ने भी लगातार सम्मानित किया है।यदि नफीसा खातून के व्यक्तित्व और कार्यों की बात करें तो वे सामाजिक मुद्दों, महिलाओं के सशक्तिकरण और जनहित से जुड़े विषयों पर हमेशा मुखर रही हैं। वे एक निडर और स्पष्टवादी महिला के रूप में जानी जाती हैं, जो विभिन्न मंचों तथा अधिकारियों के समक्ष महिलाओं तथा समाज से जुड़ी चुनौतियों को बेझिझक उठाती हैं।नफीसा खातून सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं और स्थानीय स्तर पर अनेक कार्यक्रमों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है। उनके कार्यों और योगदान ने उन्हें आज की युवा और महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में स्थापित किया है।उनकी यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि सुल्तानपुर जनपद का भी नाम रोशन करने वाली है।

## सम्पादकीय

# आर्थिक मोर्चे पर आत्मविश्वास से आगे बढ़ता भारत

दुनिया की अर्थव्यवस्था जब अनिश्चितताओं, राजनीतिक तनावों और सुस्त मांग के दौर से गुजर रही हो, तब भारत की तस्वीर निश्चित ही उत्साह से भर देती है। मजबूत घरेलू मांग, निवेश के प्रति सकारात्मक माहौल, बढ़ता औद्योगिक भरोसा जिसमें कि सुधारों की निरंतरता भी लगातार बनी हुई है, ये सभी कारण आज भारत को आर्थिक मोर्चे पर एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में स्थापित करते हैं। वस्तुतः भारतीय उद्योग परिसंघ यानी सीआईआई का ताजा बिजनेस आउटलुक सर्वे इसी सशक्त और आशाजनक परिदृश्य की पुष्टि कर रहा है। दरअसल, भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसका विशाल और गतिशील घरेलू बाजार है। देखा जाए तो इस वक्त वैश्विक स्तर पर निर्यात आधारित अर्थव्यवस्थाएं दबाव महसूस कर रही हैं, दूसरी ओर भारत है जहां आंतरिक मांग विकास का मजबूत आधार तैयार करती है। यही कारण है कि भारत में उद्योग जगत का भरोसा लगातार बढ़ रहा है और कंपनियां भविष्य को लेकर आशावादी नजर आती हैं। इसीलिए ही इस वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में सीआईआई का बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स बढ़कर 66.5 पर जा पहुंचा है। यह पिछले पांच तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। यहां उल्लेखित कर दें कि किसी भी सूचकांक में 50 से ऊपर का आंकड़ा इस दिशा में सकारात्मकता का संकेत है। ऐसे में 66.5 का स्तर इतना बताने के लिए पर्याप्त है कि भारतीय उद्योग सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके सामने आए आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में लगभग दो तिहाई कंपनियों ने मजबूत मांग दर्ज की। वहीं चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 72 प्रतिशत कंपनियों का मानना है कि आने वाले समय में मांग और बढ़ेगी। वहीं, सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में निवेश बढ़ना इस बात का प्रमाण है कि अर्थव्यवस्था में विश्वास का माहौल है। वस्तुतः सीआईआई सर्वे में यह बात भी सामने आई है कि कंपनियां अपनी हायरिंग और निवेश योजनाओं को आगे बढ़ाना इसलिए भी चाह रही हैं क्योंकि जहां एक ओर विश्व के कई देशों में आज ऊंची ब्याज दरों, महंगाई के दबाव और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाओं का सामना देखा जा रहा है। वहीं, भारत की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत स्थिर और मजबूत दिखाई देती है। यदि इसके पीछे के कारणों को देखें तो इसका प्रमुख कारण मजबूत घरेलू सुधार, नीतिगत स्थिरता और सरकार तथा उद्योग के बीच निरंतर संवाद का सतत प्रक्रिया के रूप में चलते रहना है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी भारत की विकास दर को लेकर सकारात्मक हैं और आने वाले वर्षों में भारत के 6 से 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। अभी इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने बोला भी कि भारत आज दुनिया के लिए एक प्रमुख ग्रोथ इंजन की तरह काम कर रहा है। आईएमएफ के कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट की डायरेक्टर जूली कोज़ैक का कहना है कि भारत की तीसरी तिमाही की आर्थिक ग्रोथ उम्मीद से कहीं ज्यादा मजबूत रही है। जब कई बड़े देश स्लो ग्रोथ या मंदी के खतरे से जूझ रहे हैं, तब भारत की अर्थव्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है। आईएमएफकी आर्टिकल आईवी स्टाफ रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.6 प्रतिशत रह सकती है। इस ग्रोथ का सबसे बड़ा कारण बताया गया है- मजबूत घरेलू खपत। सरल शब्दों में कहें तो भारत के लोग खर्च कर रहे हैं, बाजार चल रहे हैं, उद्योग सक्रिय हैं और यही अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रहा है। आईएमएफ अगले हफ्ते अपना विश्व आर्थिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) अपडेट जारी करने वाला है। इस रिपोर्ट में भारत की नई ग्रोथ दर, अन्य प्रमुख देशों की आर्थिक स्थिति और वैश्विक अर्थव्यवस्था की ताजा तस्वीर शामिल होगी।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी नियंत्रण के निहितार्थ

**जहां तक वेनेजुएला के प्राकृतिक तेल संसाधनों पर अमरीकी गिद्ध दृष्टि का प्रश्न है, तो यह भी एक सत्य है, किंतु यदि मादुरो ने अमरीका तक जाने वाले मादक पदार्थों पर प्रतिबंध हेतु कुछ गंभीर प्रयास किए होते तथा अमरीकी सलाह पर मादक पदार्थों के अंतरराष्ट्रीय तस्करों को दंडित करने की दिशा में कार्य किए होते, तो निश्चित था कि उनका पत्नी सहित अपहरण नहीं होता तथा उनके तेल संसाधन भी उनके नियंत्रण में होते। इस दिशा में वैश्विक मीडिया की रुचि नहीं है। इतना होने-करने के उपरांत भी अमेरिका मादक पदार्थों के दंश से ग्रस्त है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो तथा उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को अमेरिकी डेल्टा फोर्स के सैनिकों ने 3 जनवरी 2026 को प्रातःकाल में यूं ही बंदी नहीं बनाया। अमेरिका ने निकोलस मादुरौ को पकड़ने से पहले कई बार कठोर कार्रवाइयां कीं तथा चेतावनियां दी थीं। मार्च 2020 में अमेरिका ने आधिकारिक रूप में मादुरो पर 'नार्को-टेररिज्म' अर्थात मादक पदार्थ जनित आतंकवाद के आरोप लगाए थे। इसके लिए उन पर 15 मिलियन डॉलर का पुरस्कार रखा गया था, जिसे 2025 में 50 मिलियन कर दिया गया। अगस्त 2025 में ट्रंप प्रशासन ने एक गुप्त निर्देश देते हुए चेतावनी दी थी कि कार्टेल्स के विरुद्ध सैन्य शक्ति का उपयोग किया जाए। इसके बाद सितंबर 2025 में वेनेजुएला के तट के पास तस्करी में उपयोग की जाती रहीं नावों पर अमेरिका ने हमले किए।**

भिन्न-भिन्न मानव प्रजातियों द्वारा अनेक गत कालखंडों से कब्जाए गए देशों के सार्वजनिक जीवन का चालन-परिचालन व संचालन अब इस समय भी तत्समय की मानव प्रजातियों द्वारा स्थापित दृष्टिकोण के साथ ही होता है। भारत इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इस देश पर अंतिम कब्जाधारी थे अंग्रेज। ये ब्रिटेन अर्थात इंग्लैंड से आए थे। इनके कब्जे के आरंभिक दिनों से लेकर अब तक भी यह देश इनके द्वारा निर्धारित जीवन पद्धतियों से मुक्त नहीं हो पाया है। इन्होंने इस देश के वासियों को जीवन को देखने का जो दृष्टिकोण थमाया, वो अब भी यथावत है। जो अंग्रेजी भाषा सिखाई वो अब भी अग्रणी भाषा है। राजनीति, अर्थनीति, समाजनीति, संचारनीति, परिवारनीति तथा समग्र जीवननीति किंचित वही है, जो अंग्रेज सिखा गए। समग्र नीतियां किसी न किसी स्तर पर वही हैं, जो इस देश को लूटने आए लुटेरे यहां के लोगों को सिखा-पढ़ा गए। इसी का दुष्परिणाम रहा, जो यहां के लोग कल्पना में हिंदू जीवन दर्शन तथा व्यवहार में तरह-बेतरह का आयातित अभारतीय जीवन दर्शन जीते रहे। इसी कारणवश यहां हर विचार, भाव, आचार, व्यवहार तथा सरोकार विरोधाभासों से भर गया। इस स्थिति में अभी भी परिवर्तन नहीं आया है। हमारे देश में आजकल इसी कोण से वेनेजुएला की घटना पर सामाजिक, जनसंचारिक तथा व्यक्तिगत मंथन हो रहा है। अमेरिका का तिरस्कार हो रहा है, किंतु अमेरिका का वीजा प्राप्त करने तथा वहां बसने की महत्त्वाकांक्षाओं का त्याग नहीं हो रहा।

ट्रंप को दोषारोपी के नए-नए विशेषणों से संबोधित किया जा रहा है, किंतु उसकी दृष्टि में अच्छा होने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। देश हो अथवा विदेश वास्तव में कौन किसके पक्ष में या विपक्ष में है, ज्ञात ही नहीं हो पाता। हर घटना के मूल में स्थापित समस्या तक किसी की भी दृष्टि नहीं पहुंच पाती। वेनेजुएला के राष्ट्रपति के बलात अपहरण की घटना, अपहरणकर्ता अमेरिकी राष्ट्रपति को साधारण विचारदृष्टि में अपराधी समझती है, किंतु अमेरिका में बढ़ती जोंबियों की संख्या को ध्यान में रख वेनेजुएला-प्रकरण पर विचार होगा, तो अमेरिका व ट्रंप दोनों उचित प्रतीत होंगे। जैसे भारत में मादक पदार्थों एवं चिट्टे के प्रसार से युवापीढ़ी का जीवन विनाश की ओर अग्रसर है, किंचित उसी भांति वेनेजुएला से अमेरिका पहुंचने व पहुंचाए जाने वाले मादक पदर्थों द्वारा अधिसंख्य अमेरिकी युवा जोंबी बन स्वयं का जीवन नष्ट कर रहे हैं। प्रायः देखा जाता है कि युवक अति मदिर चेतनशून्य हो परित्यक्त अमेरिकी गलियों में जैसे-तैसे पड़े रहते हैं। वे दिनों-महीनों तक ऐसे यूं ही पड़े होते हैं। उन्हें मादक पदार्थों से दूर करने के लिए अनेक प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। उनके लिए मादकता मुक्ति केंद्र बनाए जा रहे हैं। उनके पुनर्वास की योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं। मादकता से मुक्ति हेतु संचालित इन सभी अमेरिकी व्यवस्थाओं पर विशाल धनराशि व्यय की जा रही है।

इतना होने-करने के उपरांत भी अमेरिका मादक पदार्थों के दंश से ग्रस्त है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो तथा उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को अमेरिकी डेल्टा फोर्स के सैनिकों ने 3 जनवरी 2026 को प्रातःकाल में यूं ही बंदी नहीं बनाया। अमेरिका ने निकोलस मादुरौ को पकड़ने से पहले कई बार कठोर कार्रवाइयां कीं तथा चेतावनियां दी थीं। मार्च 2020 में अमेरिका ने आधिकारिक रूप में मादुरो पर 'नार्को-टेररिज्म' अर्थात मादक पदार्थ जनित आतंकवाद के आरोप लगाए थे। इसके लिए उन पर 15 मिलियन डॉलर का पुरस्कार रखा गया था, जिसे 2025 में 50 मिलियन कर दिया गया। अगस्त 2025 में ट्रंप प्रशासन ने एक गुप्त निर्देश देते हुए चेतावनी दी थी कि कार्टेल्स के विरुद्ध सैन्य शक्ति का उपयोग किया जाए। इसके बाद सितंबर 2025 में वेनेजुएला के तट के पास तस्करी में उपयोग की जाती रहीं नावों पर अमेरिका ने हमले किए। इस प्रकार कई वर्षों के राजनयिक एवं आर्थिक प्रतिबंधों, जो संशोधनों के साथ 2017 से लगाए जा रहे थे, के बाद अंततः जनवरी 2026 के आरंभ में ही अमेरिकी विशेष बलों ने एक गुप्त अभियान के माध्यम से मादुरो को अभिरक्षा में लेकर न्यूयार्क के संघीय न्यायालय में



प्रस्तुत किया, जहां वे मादक पदार्थ जनित आतंकवाद एवं हथियारों के अवैध व्यापार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। न्यायालय में प्रस्तुत आरोप-पत्र में स्पष्ट है कि मार्च 2020 में अमेरिकी अनुमानों के अनुसार वेनेजुएला के माध्यम से वर्षभर में 200 से 250 मीट्रिक टन कोकीन की तस्करी की जाती थी। वर्ष 2024 में अमेरिका भेजी गई 24 प्रतिशत कोकीन के माध्यम से वेनेजुएला ने 8.2 बिलियन डॉलर की कुल आय अर्जित की। सीएनएन की 2019 की एक रिपोर्ट में स्पष्ट था कि वेनेजुएला से भेजी गई 240 टन कोकीन का मूल्य अमेरिका में लगभग 40 बिलियन डॉलर है। इन मादक पदार्थों के सेवन से प्रतिवर्ष हजारों-लाखों अमेरिकी युवा जोंबीज बन चुके हैं। ट्रंप से पहले के शासकों ने युवा पीढ़ी के जोंबी बनने के विषय को सामाजिक विषय भले बनाया तथा जोंबी के जीवन की भयावहता को देख कई फिल्में भी अमेरिका में बनीं, किंतु युवाओं को जोंबीज बनने के मूल तंत्र पर प्रहार करने का साहस पहले किसी ने नहीं दिखाया। इससे आहत ट्रंप ने 'मेजर ड्रग ट्रांजिट एंड इसिलिट ड्रग प्रोड्यूसिंग कंट्रीज' अर्थात प्रमुख मादक पदार्थ या अवैध मादक पदार्थ उत्पादक देश की सूची बनाई, जो संयुक्त राष्ट्र की यूएनओडीसी पर 'वल्ड ड्रग रिपोर्ट 2025' से लगभग मिलान करती थी। इसके अनुसार दुनिया के सर्वाधिक संकटजनित मादक पदार्थ तस्कर एवं उत्पादक देशों में अफगानिस्तान, म्यांमार, कोलंबिया, पेरू एवं बोलीविया हैं।

और तस्करी के पदार्थों को लाने-ले जाने वाले प्रमुख देशों में मेक्सिको, भारत, चीन, पाकिस्तान व इक्वाडोर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सितंबर 2025 में निर्गत 2026 वित्तीय वर्ष की सूची में कुल 23 देशों को प्रमुख मादक पदार्थ आवागमन या उत्पादक केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया। इनमें मध्य अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र के देशों में से बहामास, बेलीज, कोस्टा रिका, डोमिनिक रिपब्लिक, अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, हैती, होंडुरास, जमैका, निकारागुआ व पनामा तस्करी के केंद्र हैं। दक्षिण अमेरिका में वेनेजुएला व इक्वाडोर तथा एशिया में लाओस व थाईलैंड जैसे देश तस्करी में लिप्त हैं। जहां तक वेनेजुएला के प्राकृतिक तेल संसाधनों पर अमेरिकी गिद्ध दृष्टि का प्रश्न है, तो यह भी एक सत्य है, किंतु यदि मादुरो ने अमेरिका तक जाने वाले मादक पदार्थों पर प्रतिबंध हेतु कुछ गंभीर प्रयास किए होते तथा अमेरिकी सलाह पर मादक पदार्थों के अंतरराष्ट्रीय तस्करों को दंडित करने की दिशा में कार्य किए होते, तो निश्चित था कि उनका पत्नी सहित अपहरण नहीं होता तथा उनके तेल संसाधन भी उनके नियंत्रण में होते। इस दिशा में वैश्विक मीडिया की रुचि नहीं है। वह अमेरिकन जोंबीज पर बनने वाली फिल्मों की तो खूब सुंदर समीक्षा प्रस्तुत करता है तथा जोंबीज के नरक बनते जीवन पर भी चिंताभाव प्रकट करता है, किंतु युवाओं को जोंबीज बनने पे विवश करने वाले मादक पदार्थों के कारोबारियों-तस्करों पर अमेरिकी कार्रवाई की सराहना नहीं करता। इसके विपरीत वह अमेरिकी कार्रवाई को वेनेजुएला के तेल भंडारों पर अवैध नियंत्रण की योजना कहकर प्रचारित करता है।

**विकेश कुमार बडोला**

# भोजशाला विवाद और माँ वाग्देवी का प्रश्न

**सचिन दवे**

मध्य प्रदेश के धार जिला स्थित भोजशाला केवल पत्थरों से बनी प्राचीन इमारत भारत की उस जीवंत सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है, जहाँ इतिहास, आस्था, विद्या और राजनीति एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई दिखाई देती हैं। पिछले कई दशकों से भोजशाला विवाद भारतीय समाज के सामने एक ऐसे प्रश्न के रूप में खड़ा है, जो किसी धार्मिक स्थल के अधिकार तक सीमित नहीं होकर हमारी ऐतिहासिक समझ, सांस्कृतिक पहचान और प्रशासनिक इच्छाशक्ति की भी गंभीर परीक्षा लेता है। विडंबना यह है कि जहाँ कभी विद्या और ज्ञान की साधना होती थी, वहीं आज हर वर्ष कानून-व्यवस्था, निषेधाज्ञा और पुलिस बल की तैनाती चर्चा का विषय बन जाती है। भोजशाला विवाद यह स्पष्ट करता है कि स्वतंत्रता के सात दशक बाद भी भारत अपने इतिहास को लेकर कितनी दुविधा और संकोच में जी रहा है।

भोजशाला का नाम 11वीं शताब्दी के परमार शासक राजा भोज से जुड़ा माना है। राजा भोज भारतीय इतिहास में विद्या, साहित्य, विज्ञान और कला के महान संरक्षक के रूप में प्रतिष्ठित हैं। उनके शासनकाल में मालवा क्षेत्र शिक्षा और संस्कृत अध्ययन का प्रमुख केंद्र रहा। इतिहासकारों के अनुसार भोजशाला उसी बौद्धिक परंपरा का प्रतीक थी, जहाँ विद्या की देवी माँ वाग्देवी अर्थात सरस्वती की उपासना होती थी और जहाँ अध्ययन-अध्यापन की समृद्ध परंपरा विकसित हुई। शिलालेख, स्थापत्य शैली और साहित्यिक संदर्भ इस तथ्य की ओर संकेत करते हैं कि भोजशाला केवल एक धार्मिक स्थल नहीं बल्कि एक विद्या केंद्र भी रहा है। इस दृष्टि से इसका महत्व किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं रहकर भारतीय सभ्यता की सामूहिक बौद्धिक धरोहर का प्रतिनिधित्व करता है।

इसके विपरीत मुस्लिम समुदाय द्वारा इसे कमाल मौला की मस्जिद के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। किंतु इस दावे के समर्थन में ठोस ऐतिहासिक प्रमाणों का अभाव दिखाई देता है। न तो स्थापत्य शैली मस्जिद की पारंपरिक संरचना से मेल खाती है और न ही उपलब्ध ऐतिहासिक स्रोत इस दावे की पुष्टि करते हैं। इसी दोहरी पहचान ने भोजशाला विवाद को जन्म दिया, जो समय के साथ धार्मिक न रहकर सामाजिक और राजनीतिक विवाद में परिवर्तित हो गया। भोजशाला विवाद का एक अत्यंत महत्वपूर्ण किंतु अक्सर उपेक्षित पक्ष माँ वाग्देवी की प्राचीन मूर्ति से जुड़ा है। मान्यता है कि राजा भोज ने 1034 ईस्वी में इस मूर्ति की स्थापना कराई थी। यह मूर्ति धार्मिक आस्था का प्रतीक होने के साथ ही मध्ययुगीन मालवा की उत्कृष्ट शिल्पकला की अद्वितीय मिसाल भी थी। ब्रिटिश शासनकाल में भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों की जो व्यापक लूट हुई, भोजशाला भी उससे अछूती न रह सकी। 1902 में तत्कालीन वायसराय लार्ड कर्जन के मालवा दौरे के दौरान भोजशाला में स्थापित माँ वाग्देवी की मूर्ति ने उनका ध्यान आकर्षित किया। इसके पश्चात प्रशासनिक आदेश के तहत इस मूर्ति को धार से गुजरात की खंभात खाड़ी के माध्यम से समुद्री मार्ग द्वारा इंग्लैंड भेज दिया गया, जहाँ आज यह लंदन के एक संग्रहालय में सुरक्षित है। स्वतंत्र भारत में इस मूर्ति की वापसी की मांग समय-समय पर उठती रही है। 1950 और 60 के दशकों में स्थानीय धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों ने केंद्र सरकार और ब्रिटिश अधिकारियों से पत्राचार किया। 1962 में प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर स्वयं लंदन गए और देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री से माँ वाग्देवी की मूर्ति की वापसी का आग्रह किया। 2011 में डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने भी इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया और केंद्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा की। मध्य प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी यह घोषणा की थी कि सरकार इस मूर्ति को वापस लाने का प्रयास करेगी, किंतु राजनीतिक इच्छाशक्ति और ठोस कूटनीतिक प्रयासों के अभाव में अब तक कोई परिणाम सामने नहीं आ सका। यह उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में भारत कई प्राचीन मूर्तियाँ और कलाकृतियाँ विदेशों से वापस लाने में सफल रहा है। भगवान बुद्ध और भगवान शिव की कुछ दुर्लभ प्रतिमाएँ भारत लौट चुकी हैं। इससे स्पष्ट होता है कि यदि सरकार ठान ले और अंतरराष्ट्रीय कानूनी प्रक्रियाओं को गंभीरता से आगे बढ़ाए तो माँ वाग्देवी की मूर्ति की वापसी भी असंभव नहीं है। भोजशाला विवाद कई बार न्यायालयों तक भी पहुँच चुका है। प्रशासन ने दशकों से कानून-व्यवस्था के नाम पर पूजा और सीमित नमाज़ की व्यवस्था लागू कर रखी है। यह व्यवस्था तात्कालिक शांति तो बनाए रखती है किंतु स्थायी समाधान प्रदान नहीं करती।

## सेहत मंत्र

# स्वाइन फ्लू के प्रकोप से बचना है तो करें अर्क फूल का सेवन, पास भी नहीं आएगा रोग

स्वाइन फ्लू एक बार फिर से अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। आलम यह है कि सिर्फ आम व्यक्ति ही नहीं बल्कि बड़े बड़े नेता और सेलेब्रिटी भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। पिछले दिनों बीजेपी के बड़े नेता रविशंकर प्रसाद को स्वाइन फ्लू हुआ था तो अब बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह भी स्वाइन फ्लू की चपेट में आ चुके हैं। आप भी अपने आसपास के लोगों को स्वाइन फ्लू की चपेट में आते हुए देख रहे होंगे। कहने का मतलब यह है कि जिस तेजी से यह रोग फैल रहा है उससे लगता है कि यह इतनी जल्दी जाने वाला नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपना खुद ख्याल रखें। यह एक संक्रमित रोग है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। अगर इसके लक्षणों के बात करें तो वह जुकाम से काफी मिलते हैं। ऐसे में आपको समझ ही नहीं आएगा कि आपके आसपास के व्यक्ति को सामान्य जुकाम है या फिर वह स्वाइन फ्लू का मरीज है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी सुरक्षा के इंतजाम खुद ही करें। आज हम आपको स्वाइन फ्लू से बचने के लिए अर्क या आक फूल के फायदे बता रहे हैं। अर्क, आक, अकोवा और मदार इस फूल के कई नाम है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं। यह सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके फूल-पत्तियों का इस्तेमाल करने से स्वाइन फ्लू रोग आसपास भी नहीं आता है। इसके लिए आपको रोजाना गुनगुने पानी के साथ इस फूल को या फिर इसकी पत्तियां चबानी है। सिर्फ स्वाइन फ्लू ही नहीं बल्कि इसके सेवन से अस्थमा, डायबिटीज, कुष्ठ रोग और बवासीर जैसी बीमारियों को दूर करने में मदद करता है। इससे स्किन में एलर्जी या खुजली जैसी समस्याओं को दूर किया जा सकता है। विषैला होने के बावजूद भी इस पौधे में कई गुण हैं। आपको बता दें कि मदार का पुष्प भगवान शिव को भी चढ़ाया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस पुष्प से भगवान शिव प्रशन्न होते हैं। तो आइए जानते है किस तरह इस पौधे के फूल, पत्ते का इस्तेमाल से बड़ी-बड़ी बीमारियों को दूर करने में मदद करता है। पुराणों में इसके महत्ता का वर्णन किया गया है। अर्क को आक भी कहते हैं, यह सफ़ेद और लाल दो रंग का होता हे।

## धर्म मंत्र

# घर पर नहीं रखी जाती है शनि की प्रतिमा

कई बार आपके काम बनते बनते बिगड़ जाते हैं, या आप लगातार बीमार हैं, किसी परेशानी में हों या परिजनों या मित्रों से मनमुटाव हो जाए तो संभव है कि आपकी कुंडली में शनि की स्थिति सही ना हो। आप पर शनि की महादशा, साढ़ेसाती, ढैय्या आदि का प्रकोप हो सकता है। ऐसे में उसे शांत करने के उपाय करने आवश्यक हो जाते है। इसके लिए आप शनिदेव की पूजा घर पर भी कर सकते हैं। बस कुछ विशेष बातों का ध्यान रखें। वास्तव में शनिदेव को श्राप है कि वे जिस किसी को वो सीधी नजरों से देखेंगे, उसका अनिष्ट हो जाएगा। इसलिए वास्तु शास्त्र के अनुसार घर पर शनिदेव की मूर्ति रखना वर्जित है। इसलिए याद रखें कि उनको मन में ही स्मरण करके उनकी पूजा करें। शनिवार को हनुमान जी की भी पूजा का विधान है तो आप उनके समक्ष पूजा करें और शनिदेव को भी याद करें। इससे भी शनि प्रसन्न होते हैं। घर पर शनिदेव की पूजा सामान्य रूप से ही करें और उसके बाद किसी भी निकट के मंदिर जा कर शनिदेव को नीले या काले रंग के वस्त्र चढ़ायें। इसके अतिरिक्त शनिवार को व्रत का संकल्प लें और नहा-धोकर काले वस्त्र धारण कर पूजा करें। इस दिन सरसों या तिल के तेल से दिया जला शनिदेव को अर्पित करें। साथ ही शनिदेव को तिल, काली उदड़ या कोई भी काली वस्तु भेंट में चढ़ायें।

## पर्यटन



# चाय और कॉफी के बागानों के लिए जाना जाता है चिकमगलूर

चिकमगलूरभारत के कर्नाटक राज्य के चिक्कमगलुरु जिले में स्थित है। मुल्लयनागिरी पर्वत श्रेणीयों की तलहटी में स्थित यह शहर अपनी चाय और कॉफी के बागानों के लिए जाना जाता है। इस शहर का सब से निकटतम हवाई अड्डा है मंगलोर का बाजपे हवाई अड्डॉ, निकटतम रेलवे स्टेशन है कडुर। चिक्कमगलुर जिले को 1947 तक कडुर जिले के नाम से जाना जाता था। यह लगभग कर्नाटक राज्य के दक्षिण पश्चिमी भाग में स्थित है। इस जिले का एक बड़ा क्षेत्र है, 'मलनाड' यानी, भारी वर्षा होनेवाला एक बड़ा सा पहाड़ी वन क्षेत्र। इस जिले का नाम चिकमगलूर इस मिख्यालय शहर से पडा है जिसका शब्दशः अर्थ है, छोटी बेटी का शहर- चिक्क+मागल+ऊरू-(कन्नडा में)। कहा जाता है कि, सक्रेपटना के प्रसिद्द प्रमुख रुक्मांगद की छोटी बेटी को यह एक दहेज के रूप में दिया गया था। शहर का एक अन्य भाग हिरेमगलुर के नाम से जाना जाता है, जिसे बड़ी बेटी को दिया था। लेकिन कुछ पुराने शिलालेखों से पता चलता है कि, इन दो स्थानों को किरिया-मुगुली और पिरिया-मुगुली के नाम से जाना जाता था। बाबा-बुदन पहाड़ी श्रृंखला के एक उपजाऊ घाटी की दक्षिण में इस जिले का मुख्यालय शहर स्थित है। यह शिक्षा, व्यापार और वाणिज्य का एक केन्द्र है। शहर का वातावरण बहुत ही स्वास्थ्यकारक है और वहाँ पर सभी धर्मों की पूजनीय समाधियाँ हैं- कोदंडराम मंदिर जो की, होयसल और द्रविड़ वास्तुशास्त्र शैली का मिलाप माना जाता है, जामिया मस्जिद तथा न्यू सेंट जोसेफ कैथेड्रल जिस का बरामदा आकर्षक सीप की आकार में बनाया गया है। हिरेमगलूर जो अब चिक्कमगलुर शहर का हिस्सा है, उस में एक ईश्वरा मंदिर है जहाँ पर 1.22 मीटर ऊंचे गोलकार जदेमुनी की बड़े ही चतुराई से बनाई गई प्रतिमा है। मंदिर में एक यूपस्तम्भ भी है जिसे राजा जनमेजय द्वारा अपने सर्प यज्ञ के दौरान स्थापित किया गया था ऐसा माना जाता है। वहाँ एक परशुराम मंदिर और एक काली मंदिर भी है।

# अतिक्रमणकारियों के गुरूर पर गरजा बुलडोजर, अवैध निर्माण ध्वस्त

## डीएम शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर एसडीएम राजेश विश्वकर्मा की अगुवाई में सख्त अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । कस्बा हैदरगढ़ में बुधवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के विरुद्ध ऐसा सख्त रुख अपनाया कि पूरे नगर में हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व और ईओ इंद्रभान की मौजूदगी में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिसमें नालों तक और उनसे सटाकर किए गए अवैध निर्माणों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई इतनी प्रभावी रही कि वर्षों से जमे अतिक्रमण कुछ ही घंटों में मलबे में तब्दील हो गए।

प्रशासन की ओर से इस अभियान से पहले लगातार दो दिनों तक एलाउंस और मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को चेताया गया था, लेकिन चेतावनियों को नजरअंदाज किया गया। बुधवार सुबह अंतिम मुनादी के बाद जैसे ही नगर पंचायत की जेसीबी मौके पर पहुंची, वैसे ही अवैध कब्जाधारियों में अफरा तफरी मच गई और देखते ही देखते उनका वर्षों का ‘गुरूर’ टूटता चला गया।






अभियान की शुरुआत रायबरेली रोड से की गई, जहां नाले को अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया शुरू हुई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ मीट कारोबारियों ने सड़क तक तख्त और टीन शेड लगाकर नाले और मार्ग को संकरा कर रखा था। एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने मौके पर ही सख्त निर्देश दिए और जेसीबी ने तत्काल उन अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद कार्रवाई बछरावा रोड की ओर बढ़ी, जहां नहर तक किए गए अतिक्रमण को हटाकर सार्वजनिक भूमि को पूरी तरह खाली कराया गया। कार्रवाई के दौरान अधिशासी अधिकारी इंद्रभान ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण किया गया तो केवल हटाने की कार्रवाई ही नहीं होगी, बल्कि संबंधित अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए अभियोग भी पंजीकृत कराया जाएगा। प्रशासन की इस चेतावनी ने साफ कर दिया कि अब अतिक्रमण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अभियान में प्रभारी निरीक्षक अतिरिक्त शैलेश यादव, कस्बा चौकी इंचार्ज कपिल देव यादव, टैक्स कलेक्टर विनोद पांडेय, राजेंद्र यादव, अखिलेश मिश्रा, अंकित सहित तहसील और नगर पंचायत के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासन की इस सख्त और सुनियोजित कार्रवाई से जहां अतिक्रमणकारियों में खौफ दिखाई दिया, वहीं आम नागरिकों ने नगर को अतिक्रमण मुक्त कराने की इस पहल की खुलकर सराहना की।

अतिक्रमण हटाने के साथ साथ हिदायत भी दी गई है यदि दुबारा अतिक्रमण किया तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा ।

**श्री इंद्रभान**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत हैदरगढ़**


आज कस्बा हैदरगढ़ में अतिक्रमण हटाया गया है इसके अलावा सख्त चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में अतिक्रमण न करे यह अभियान आगे भी चलता रहेगा ।

**श्री राजेश विश्वकर्मा**
**उपजिलाधिकारी हैदरगढ़**

# दो दिवसीय विराट दंगल पहलवानों ने दिखाए करतब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। स्वर्गीय डॉ. रघुराज बहादुर सिंह और स्व. वीर विक्रम सिंह की स्मृति में खजूरी गांव में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट दंगल में कई प्रदेशों के पहलवानों ने भाग लिया।बुधवार को दंगल की सबसे महत्वपूर्ण कुश्ती अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत मनीरामदास और आगरा के सूरज पहलवान के बीच हुई। लगभग 10 मिनट तक चली इस कुश्ती में बाबा मनीरामदास ने ‘मुल्तानी धोबी‘ दांव लगाकर विरोधी पहलवान को चित कर दिया। उनकी जीत के बाद दर्शकों ने बाबा मनीराम का उत्साहवर्धन किया और उन्हें पुरस्कार व माला पहनाई।अन्य कुश्ती दिल्ली के मोंटी पहलवान और संभल के फिरोज पहलवान के मध्य हुई, जिसमें मोंटी पहलवान विजयी रहे। हरिद्वार, उत्तराखंड के फकीर बाबा सहित अन्य पहलवानों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गुरुवार को आयोजित फाइनल कुश्ती के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख एक हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 51 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। इस दो दिवसीय दंगल के पहले दिन बुधवार को क्षेत्र तमाम गणमान्य लोगों ने पहुंच कर पहलवानों का उत्साह वर्धन किया। दंगल में हिमांशु सिंह, कुलदीप सिंह राजबीर मिश्रा, लवलेश पंडित,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ‘शैलू‘, संरक्षक डॉ. उदय प्रताप सिंह ‘प्रोफ़ेसर साहब‘ और संयोजक डॉ. देव प्रताप सिंह ‘अंशू‘ की देखरेख में दंगल का संचालन संदीप पहलवान ने किया।



# बसंत पंचमी से पूर्व ,कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर धूमधाम व गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा बुधवार को ग्राम अटौटा मोहल्ला रानी 3 रामनगर से चलकर बदोसराय मार्ग होते हुए रामनगर कस्बा अंदर से बुढ़वल चौराहा पहुंची। जहां जगह-जगह कस्बा वासियों ने फूलमाला व आरती से कलश यात्रा का स्वागत किया। सैकड़ो महिलाएं सजे हुए कलश सर पर लिए यात्रा में शामिल हुई। जिसके साथ गायत्री महायज्ञ व भगवती कथा का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम आयोजक रामावती वर्मा,संचालक बबलू वर्मा एवं विहिप के जिला मंत्री राहुल कुमार के कुशल संयोजन में कलश यात्रा निकाली गई। डीजे पर महामाई के भक्तों ने जमकर धूम मचाई तो वहीं शोभा यात्रा में महामाई की दिव्य प्रतिमाओं को देखने वालों का ताता लगा रहा। सैकड़ो महिलाएं सिर पर कलश के साथ पैदल यात्रा में सम्मिलित हुई। प्रत्येक दिन सुबह पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा शाम को हरिद्वार के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पंकज शांडिल्य के द्वारा मां भगवती कथा होगी । जिसका समापन 28 जनवरी को सांस्कृतिक संध्या व विशाल भंडारे के साथ होगा। कलश यात्रा में विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश जिला प्रचार प्रसार प्रमुख एसपी शुक्ला पूर्व जिला सेवा प्रमुख निर्मल मिश्रा प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत वर्मा,खंड प्रचारक शिवांश,पूर्व चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी, मनीष कनौजिया, विनय वर्मा,विनोद,करन,विवेक अर्जुन सोनी मनीष मौर्य सहित तमाम हिंदू जनमानस ने कलश यात्रा में सहभाग किया।

बुढ़वल चौराहा पर विहिप जिला मंत्री राहुल कुमार प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत वर्मा सागर अवस्थी ने यात्रा में सहभाग कर रहे भक्तों को पानी वितरण किया। सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय भारी पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।



## छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक गतिविधियां की जानकारी



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देशानुसार पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय शहरी में ‘ट्विनिंग कार्यक्रम’ का आयोजन किया गया। इसके तहत कक्षा 6 से 8 तक के 40 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इन विद्यार्थियों ने औरैला, स्थित श्री सुंदरलाल इंटर एवं डिग्री कॉलेज का अवलोकन किया।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कॉलेज की विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, बाल प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, बागवानी, झूले और कक्षा शिक्षण सहित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय से सहायक अध्यापक सचिन जायसवाल, नीलेश कुमार तिवारी, राजन कुमार वर्मा और अनुदेशक कमरुज्जमा उपस्थित रहे। श्री सुंदरलाल कॉलेज के समस्त स्टाफ और प्रबंधक राकेश कुमार दीक्षित ने बच्चों को कॉलेज की सुविधाओं की जानकारी दी और सहयोग प्रदान किया, जिसके लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उनका आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक राकेश कुमार दीक्षित ने भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर विद्यालय स्तर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## कार की टक्कर बाइक सवार महिला समेत तीन जख्मी

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में बुधवार शाम एक सड़क दुर्घटना में अपाचे बाइक पर सवार मोहम्मद कासिफ अपनी पत्नी और बच्चे के साथ ससुराल बिहूरा से लौट रहे थे।फतेहपुर-बेलहरा संपर्क मार्ग पर साईं डिग्री कॉलेज के पास बाइक रोककर वे अपनी जैकेट की चेन बंदकर रहे थे, तभी बेलहरा से आ रही एक तेज रफ्तार वेन्यूकार ने बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क किनारे खाई में गिर गए। 29 वर्षीय साजिया, 30 वर्षीय मोहम्मद कासिफ और 3 वर्षीय बच्चा अनाइज जख्मी हुए। पुलिस ने घटना की जानकारी से इनकार किया।

# पीड़ित परिवार को कानूनी सहायता, प्रशासनिक सहयोग और सामाजिक समर्थन पूरी मजबूती के साथ दिया जाएगा : अभिनव सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। थाना असंद्रा क्षेत्र में गैर समुदाय के लोगों द्वारा कथित रूप से प्रताड़ित किए गए एक हिंदू परिवार से आज हिंदू संगठन करणी सेना व सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं सहित मुलाकात की। जिसकी अगुवाई करणी सेना के बाराबंकी जिला अध्यक्ष सनातन प्रकोष्ठ कौशलेंद्र सिंह ने की। पीड़ित परिवार की आपबीती सुनकर पदाधिकारियों ने घटना पर गहरा आक्रोश जताया और हर स्तर पर न्याय दिलाने का भरोसा दिया।

हिंदू संगठन करणी सेना के प्रदेश महामंत्री अभिनव सिंह व सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष राहुल बाजपेई आदि प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार के सदस्यों से विस्तार से घटना की जानकारी ली और कहा कि किसी भी हालत में हिंदू समाज के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पदाधिकारियों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान में संगठन के नेताओं ने कहा कि पीड़ित परिवार को कानूनी सहायता, प्रशासनिक सहयोग और सामाजिक समर्थन पूरी मजबूती के साथ दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू संगठन करणी सेना व सवर्ण आर्मी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।मुलाकात के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिनमें घटना को लेकर रोष देखा गया। हिंदू संगठनों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है।घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग प्रशासन की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं। इस मौके पर उपनिरीक्षक ओमित कौशल दीवान मुन्ना यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। इस मौके पर करणी सेना से दीपक सिंह उदल सिंह जसवीर सिंह मोनू सरदार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं सवर्ण आर्मी जिला अध्यक्ष राहुल बाजपेई,जिला संयोजक मनोज शुक्ला, अमित मिश्रा , वेद प्रकाश पांडे, लवकुश पांडे,बबलू पांडे, हिमांशु, प्रिंस, अंशु, विवेक, पंकज, राणा प्रताप सिंह, शुभम सिंह, संदीप, देवेन्द्र, अनुपम, राज, आदित्य, दीपू, गोलू , उत्तम, संदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।



**करणी सेना व सवर्ण आर्मी ने खोला मोर्चा राजस्व प्रशासन की शिथिलता पर जताया आक्रोश**

## कोटवा मेला का भ्रमण कर लिया जायजा

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोटवाधाम में समर्थ जगजीवन दास साहेब के जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले माघ सप्तमी मेला व्यवस्था क दृष्टिगत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट तेजस और पुलिस उपाधीक्षक गरिमा पंत ने अधिकारियों के साथ बैठक की। आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आगामी 25 जनवरी को इस मेले में लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।है।जिसके लिए सुरक्षा और सुविधा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। आज की इस बैठक में उपजिलाधिकारी तेजस, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक रामनगर गरिमा पंत, प्रभारी निरीक्षक अजीत विद्यार्थी , प्रभारी निरीक्षक टिकैतनगर मनोज कुमार, बीडीओ दरियाबाद संस्कृता मिश्र, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अर्शी फारूखी और अवर अभियंता विद्युत रामनारायण, नगर पंचायत टिकैतनगर के वरिष्ठ लिपिक राजकुमार पाण्डेय मेला कमेटी के सदस्य साहेब प्रसाद, मगन बिहारी शुक्ला, मनोज कुमार और राजकुमार दीक्षित भी उपस्थित थे। नायब तहसीलदार अन्नू सिंह और लेखपाल प्रदीप कुमार वर्मा को 24 जनवरी से 26 जनवरी तक मेला में प्रवेश रोकने के कड़े निर्देश दिए गए।

## भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हरख ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेरा में भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कथा स्थल से बाबा कनक भारतीय मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।यह कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से करीब 12 बजे निकाली गई। इसमें गांव की महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।भागवत कथा प्रयागराज के प्रसिद्ध विद्वान पंडित अंकित जी महाराज द्वारा की जाएगी।कलश यात्रा में ग्राम प्रधान टेरा राकेश वर्मा, सुनील, मास्टर देशराज, इंद्र कुमार, रोहित, मोनू, अरुण यादव सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ननिहाल गए युवक की संदिग्ध दशा में मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के लिलौली निवासी राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को बताया कि उसका 22 वर्षीय भतीजा रवि कुमार देवा के माती गांव में अपने मामा के यहां रहता था।बुधवार सुबह युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।युवक का शव उसके कमरे में छत के कुंडे से लटकता मिला।बड्डूपुर थानाध्यक्ष मनोज सोनकर ने बताया कि युवक की मौत उसके मामा के यहां देवा के माती में हुई थी। परिवारजन शव गांव ले आए थे।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात शव बरामद

निंदूरा बाराबंकी । बड्डूपुर थाना क्षेत्र के रीवाँ सीवाँ पुल के पास शारदा सहायक नहर में करीब पाँच बजे एक अज्ञात शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज सोनकर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अशोक को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दो भेजा। मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

## कुत्तों के हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बेलहरा कस्बे में मोहल्ला बखरिया टोला बायपास मोड के पास रहने वाले पंकज की 10 वर्षीय बेटी ज्योति घर से पैदल दूध लेने जा रही थी तभी कुछ दूर सूनसान रास्ते में आवारह कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। मासूम बचने के लिए चीखती रही तभी एक राहगीर ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बच्ची को बचाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया जहां से हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पूर्व में भी आवारह कुत्तों के हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं,इसके बावजूद भी शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## छत से गिरा बालक गंभीर

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला काजीपुर 1 निवासी अश्चोक कुमार का पुत्र मर्थक कुमार (4) बच्चों के साथ अपने घर की छत पर खेल रहा था। खेलते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर गया।बालक के गिरने की आवाज सुनकर परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों और पड़ोसियों ने घायल मर्थक को तुरंत उठाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया डाक्टर ने बालक कोभर्ती कर प्राथमिक उपचार शुरू किया।

## फतेहपुर में अवैध कब्जा, चेताया अभियान आज से

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बे में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत अधिशासीअधिकारी संध्या मिश्रा ने दुकानदारों को अंतिम चेतावनी जारी की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि बुधवार शाम सड़क पर लगाए गए टीनशेड,अस्थायी ढांचे और अवैध रूप से फैलाया गया सामान स्वयं नहीं हटाया गया,तो गुरुवार को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा। ईओ ने बताया कि नगर की स्वच्छता, सुंदरता और सुचारुयातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। उन्होंने दुकानदारों स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की है। ऐसा न करने पर नगर पंचायत और प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की जाएगी,जिसमें अतिक्रमण हटाने के साथ -साथ नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

# कवि सम्मेलन वीर गाथा से गूंजा धनुष यज्ञ पंडाल, साकेंद्र ने की पूजा अर्चना




कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। कस्बा कुर्सी में आयोजित धनुष यज्ञ मेला पंडाल में आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य, व्यंग्य और देशप्रेम से ओत-प्रोत कविताओं ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कवियों की सशक्त प्रस्तुतियों से पंडाल तालियों और ठहाकों से गूंज उठा। कवि सम्मेलन की शुरुआत कवि संदीप अनुरागी की चर्चित पंक्तियों- अतना जादा चोटानि छोटे, सब खाना-पानी भूला है। भोरहे शीशा मा मुंह देखिन, तौ हनूमान कस फूला है३ से हुई, जिस पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। कवि सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कवियों ने अपनी कविताओं और छंदों के माध्यम से देश प्रेम, सामाजिक सरोकार और साम्प्रदायिक सद्भाव का संदेश दिया। हास्य-व्यंग्य कवियों ने समसामयिक विषयों पर तीखे व्यंग्य कर श्रोताओं को खूब हंसाया। कवि अजय प्रधान ने पढ़ा ‘एतनी ज्यादा तेज आंच है, चाय उबलि कै बहै लागि है। मुला वहौ अभ्यस्त, मस्त है, डंडा-पानी सहै लागि है।’ जिसमें सामाजिक विडंबनाओं पर करारा प्रहार दिखा। कवि प्रदीप महाजन ने कवि सुनील हर्ष ने दहेज और महंगाई पर व्यंग्य कसा और श्रोताओं को गुद्‌गुदाया। कवि संजय बावरा ने खूब तालियां बटोरी। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता एस.पी. सिंह ने की तथा संचालन संजय सांवरा व संयोजन सुनील हर्ष ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुर्सी थाना उप निरीक्षक तेज बहादुर, मेला कमेटी अध्यक्ष मंगल जायसवाल, रमाकांत वाजपेई, शिवदयाल जायसवाल, राम-लखन शुक्ला सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। मेला कमेटी की ओर से सभी कवियों को शाल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीश रावत, शिव दयाल जयसवाल,राम-लखन जायसवाल, दुर्गा प्रसाद राठौर, सुभाष मौर्य, दीपक यादव, अनुज जायसवाल, पंकज यादव, रामकुमार रावत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सीओ सिटी संगम, महाकुम्भ सेवा मेडल से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आज बाराबंकी । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के ऐतिहासिक और सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया है। इसी क्रम में जनपद में नियुक्त क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार को प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता, समर्पण और विशिष्ट सेवाओं के लिए ‘महाकुंभ सेवा मेडल‘ एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। बुधवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा संगम कुमार को यह मेडल प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने उनके द्वारा महाकुंभ के सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सहायता के क्षेत्र में किए गए अनुकरणीय कार्यों की सराहना भी की गई।



## श्री बाबा जंगली नाथ धाम से निकली भव्य कलश शोभायात्रा, शिवमय हुआ इलाका

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के दावतपुर वलीपुर गांव स्थित श्री बाबा जंगली नाथ महादेव धाम से बुधवार को भव्य कलश शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धा और आस्था से ओतप्रोत इस शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया,जबकि बड़ी संख्या में पुरुष श्रद्धालु भी यात्रा में शामिल रहे। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा।





# आईसीसी वनडे रैंकिंग: विराट कोहली से नंबर-1 का ताज छीनकर डैरिल मिचेल बने शीर्ष बल्लेबाज़

एजेंसी



नई दिल्ली । न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज़ डैरिल मिचेल ने ताज़ा आईसीसी वनडे रैंकिंग में विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए नंबर-1 बल्लेबाज़ का स्थान हासिल कर लिया है। मिचेल ने यह उपलब्धि भारत के खिलाफ हाल ही में संपन्न वनडे सीरीज़ में शानदार प्रदर्शन के दम पर हासिल की, जिसमें न्यूजीलैंड ने ऐतिहासिक रूप से 2-1 से सीरीज़ अपने नाम की। 34 वर्षीय डैरिल मिचेल ने तीन मैचों की इस सीरीज़ में 84, नाबाद 131 और 137 रनों की पारियां खेलते हुए कुल 352 रन बनाए। यह किसी तीन मैचों की वनडे सीरीज़ में किसी न्यूजीलैंड बल्लेबाज़ द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। ओवरऑल रिकॉर्ड में यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनसे आगे केवल पाकिस्तान के बाबर आज़म (2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 360 रन) और भारत के शुभमन गिल (2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 360 रन) हैं। हालांकि न्यूजीलैंड को वडोदरा में खेले गए पहले वनडे में चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम ने शानदार वापसी करते हुए राजकोट में दूसरा मुकाबला सात विकेट से जीता और इंदौर में निर्णायक मैच 41 रनों से जीतकर सीरीज़ अपने नाम की। भारतीय स्टार विराट कोहली ने भी इस सीरीज़ में 240 रन बनाए, जिसमें इंदौर वनडे में खेली गई 108 गेंदों में 124 रनों की शानदार पारी शामिल है, हालांकि वह मैच भारत हार गया था। आईसीसी रैंकिंग के अनुसार विराट कोहली के खाते में फिलहाल 795 रेटिंग अंक हैं, जबकि डैरिल मिचेल उनसे 50 अंक आगे निकल चुके हैं। यह मिचेल के करियर का दूसरा मौका है जब वह वनडे रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज़ बने हैं। इससे पहले नवंबर में वह महज तीन दिनों के लिए शीर्ष पर पहुंचे थे, जिसके बाद रोहित शर्मा ने उन्हें पीछे छोड़ दिया था। इस बीच अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान ने भी बड़ा फायदा उठाया है। 764 अंकों के साथ वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं और भारत के कप्तान रोहित शर्मा (757 अंक) को पीछे छोड़ दिया है। रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज़ में तीन पारियों में केवल 61 रन ही बना सके थे। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज़ केएल राहुल ने भी रैंकिंग में सुधार किया है। सीरीज़ में कुल 142 रन बनाने वाले राहुल, जिसमें राजकोट में नाबाद 112 रन की पारी शामिल है, अब 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं और उन्होंने श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया है। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को भी बड़ा फायदा हुआ है। इंदौर वनडे में 88 गेंदों पर 106 रन बनाने वाले फिलिप्स ने मिचेल के साथ 219 रनों की मैच पलटने वाली साझेदारी की थी। इस प्रदर्शन के बाद वह बल्लेबाज़ों की रैंकिंग में 16 स्थान की छलांग लगाकर 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# भारत बनाम नीदरलैंड्स डेविस कप क्वालिफायर्स: शेड्यूल और टिकट बिक्री का ऐलान

एजेंसी



बेंगलुरु । भारत और नीदरलैंड्स के बीच डेविस कप क्वालिफायर्स राउंड-1 मुकाबले का कार्यक्रम और टिकट से जुड़ी जानकारी आधिकारिक रूप से घोषित कर दी गई है। यह हाई-वोल्टेज मुकाबला 7 और 8 फरवरी 2026 को खेला जाएगा, जिसमें दो दिनों तक रोमांचक टीम टेनिस देखने को मिलेगा। दो दिवसीय इस टाई के पहले दिन शनिवार (7 फरवरी) को दो एकल मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि दूसरे दिन रविवार (8 फरवरी) को युगल मुकाबले के बाद रिवर्स सिंगल्स होंगे।

मुकाबले से पहले 6 फरवरी 2026 को आधिकारिक ड्रा सेरेमनी आयोजित की जाएगी, जिससे मुकाबले की तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी। विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम के सामने कड़ी चुनौती होगी, क्योंकि नीदरलैंड्स की टीम इस समय दुनिया में चौथे स्थान पर है और 2024 डेविस कप की उपविजेता भी रह चुकी है। मुकाबलों में सुमित नागल की अगुआई में दक्षिणेश्वर सुरेश और करण सिंह उतरेंगे, जबकि युगल में युकी भांबरी और ऋत्विक बोल्लिपल्ली जिम्मेदारी संभालेंगे। भारतीय टीम के कप्तान रोहित राजपाल होंगे, जबकि कोच की भूमिका में अशुतोष सिंह रहेंगे।

वहीं, नीदरलैंड्स की टीम एकल मुकाबलों में जेस्पर डी जोंग और गाइ डेन आउडेन पर भरोसा करेगी, जबकि युगल में अनुभवी जोड़ी डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स टीम को मजबूती देगी। टीम की कमान कप्तान पॉल हारहुइस के हाथों में होगी। इस मौके पर केएसएलटीए के मानद संयुक्त सचिव सुनील यजामन ने कहा, ‟डेविस कप भारतीय टेनिस के लिए हमेशा से खास रहा है। हम इस अहम क्वालिफायर्स मुकाबले के लिए दर्शकों का स्वागत करने को उत्साहित हैं। टिकट बिक्री शुरू हो चुकी है और हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा प्रशंसक स्टेडियम में आकर टीम का समर्थन करें। घरेलू समर्थन डेविस कप में बड़ी भूमिका निभाता है और हमें भरोसा है कि दोनों दिनों में शानदार माहौल बनेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## गुणवत्ता की पहचान बने महाराज सिंह

इटावा। निर्माण क्षेत्र में सफलता केवल इमारतें खड़ी करने से नहीं, बल्कि भरोसा बनाने से मिलती है। इटावा के ठेकेदार श्री महाराज सिंह ने पिछले 40 वर्षों में यही भरोसा कायम किया है। एक समय राजमिस्त्री के रूप में काम शुरू करने वाले श्री सिंह आज जिले के जाने-माने ठेकेदार हैं। उनकी इस यात्रा में गुणवत्ता को सर्वोपरि रखने की सोच और एसीसी जैसे भरोसेमंद ब्रांड का साथ निर्णायक रहा। श्री सिंह का कहना है कि एसीसी के मजबूत उत्पाद, तकनीकी मार्गदर्शन और स्लैब सुपरविजन जैसी सेवाओं ने उनके काम को नई मजबूती दी। इसी निरंतर गुणवत्ता के कारण एसीसी ने उनके योगदान को सम्मानित किया।

## एसीसी के सहयोग से प्रतापगढ़ में उभरे नए निर्माण नेतृत्व

लखनऊ/प्रतापगढ़। बचपन में निर्माण स्थलों को देख कर देखे गए सपने आज प्रतापगढ़ के ठेकेदार श्री अनिल कुमार की पहचान बन चुके हैं। मजदूर के रूप में करियर शुरू करने वाले अनिल कुमार ने सीखने की ललक और तकनीकी समझ के दम पर खुद को जिले के सक्रिय और भरोसेमंद ठेकेदारों में शामिल किया है। पिछले पांच वर्षों से एसीसी के साथ जुड़ाव ने उनके कार्य को नई दिशा दी है। तकनीकी प्रशिक्षण, साइट पर इंजीनियरों का सहयोग और गुणवत्तापूर्ण उत्पादों ने उन्हें कई निर्माण परियोजनाओं का नेतृत्व करने में सक्षम बनाया। आज वे प्रतापगढ़ में कई सक्रिय साइटों पर एसीसी उत्पादों के साथ गुणवत्ता आधारित निर्माण को आगे बढ़ा रहे हैं।

## आईपीएल 2026 से पहले केकेआर के फील्डिंग कोच नियुक्त हुए दिशांत याग्निक

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने अपने सहयोगी स्टाफ में अहम बदलाव करते हुए पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिशांत याग्निक को टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। यह नियुक्ति याग्निक के कोचिंग करियर में एक नया और अहम अध्याय मानी जा रही है। अपने खेल करियर के दौरान दिशांत याग्निक एक भरोसेमंद विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में पहचाने जाते थे। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया और 2011 से 2014 के बीच आईपीएल में 25 मुकाबले भी खेले। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद याग्निक लगातार आईपीएल से जुड़े रहे और कई सत्रों में फील्डिंग कोच के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे हैं। केकेआर को याग्निक से फील्डिंग में नई धार और अनुभव का फायदा मिलने की उम्मीद है। फ्रेंचाइजी आईपीएल 2026 में एक नए और मजबूत सपोर्ट स्टाफ के साथ उतरने जा रही है। इस नए सहयोगी स्टाफ का नेतृत्व अभिषेक नायर (मुख्य कोच) करेंगे, जबकि डीजे ब्रावो (मेंटॉर), शेन वॉटसन (सहायक कोच), टिम साउदी (गेंदबाजी कोच) और आंद्रे रसेल (पावर कोच) भी टीम का हिस्सा होंगे। केकेआर प्रबंधन को विश्वास है कि दिशांत याग्निक की नियुक्ति से टीम की फील्डिंग में सुधार आएगा और युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी का लाभ मिलेगा।

## भारत की खेल शिक्षा को नई दिशा देगा ‘सेतु 2026’, एलएनआईपीई ग्वालियर में होगा राष्ट्रीय मंथन

नई दिल्ली। लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एलएनआईपीई) ग्वालियर 23 और 24 जनवरी को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ‘सेतु 2026 S स्पोर्ट्स इकोसिस्टम फॉर ट्रेनिंग अपग्रेडेशन’ की मेजबानी करने जा रहा है। यह राष्ट्रीय कॉन्क्लेव केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के संरक्षण तथा युवा कार्य एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। एलएनआईपीई, ग्वालियर देश का प्रमुख डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी संस्थान है, जो शारीरिक शिक्षा, खेल और शोध के क्षेत्र में समर्पित रूप से कार्य कर रहा है। इसकी स्थापना वर्ष 1957 में भारत सरकार के शिक्षा एवं संस्कृति मंत्रालय द्वारा की गई थी और बाद में इसे युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के प्रशासनिक नियंत्रण में लाया गया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से नीति-निर्माता, शिक्षाविद, खेल प्रशासक, कोच, खेल वैज्ञानिक और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य भारत में खेल शिक्षा और प्रशिक्षण के भविष्य पर गंभीर विमर्श करना है। युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन एलएनआईपीई की कुलपति प्रो. कल्पना शर्मा द्वारा किया जा रहा है। इसमें खेल विश्वविद्यालयों के कुलपति, राष्ट्रीय खेल महासंघों के वरिष्ठ अधिकारी और विषय विशेषज्ञ भाग लेंगे। सेतु 2026’ सम्मेलन प्रधानमंत्री के 2030 के बाद ओलंपिक में सफलता के विज़न के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य खेल विज्ञान, कोचिंग, स्किलिंग और अकादमिक शिक्षा को एकीकृत कर एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है। सम्मेलन का एक प्रमुख लक्ष्य खेल और शिक्षा नीतियों को विकसित भारत 2047 के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से जोड़ना है, ताकि प्रतिभा की पहचान, प्रशिक्षण, शिक्षा और खेल क्षेत्र में रोजगार एक समन्वित और परिणामोन्मुखी ढांचे में आगे बढ़ सकें। यह मंच जमीनी स्तर के खेल, उच्च शिक्षा और एलीट प्रदर्शन के बीच सेतु का कार्य करेगा। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप अकादमिक पाठ्यक्रमों में खेल विज्ञान, आधुनिक कोचिंग पद्धतियों और कौशल विकास को शामिल करने के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार करने पर चर्चा होगी। साथ ही, तकनीक आधारित और कौशल केंद्रित खेल शिक्षा प्रणाली विकसित करने, विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और खेल महासंघों के बीच सहयोग बढ़ाने तथा खेल क्षेत्र में मानव संसाधन विकास की जरूरतों पर भी जोर दिया जाएगा।

‘सेतु 2026’ के तहत खेल विज्ञान और परफॉर्मेंस एनालिटिक्स, कोचिंग पेडागॉजी, स्किलिंग एवं रोजगार के अवसर, पाठ्यक्रम विकास, शोध का एकीकरण और खेल प्रशासन में सुधार जैसे विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। सम्मेलन में खेल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में विश्वविद्यालयों की भूमिका और साक्ष्य आधारित प्रशिक्षण व नीति निर्माण पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इस राष्ट्रीय मंथन के अंत में ‘सेतु 2026 घोषणा-पत्र’ जारी किए जाने की उम्मीद है, जिसमें भारत में खेल शिक्षा के भविष्य के लिए साझा दृष्टि और कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी। यह घोषणा खेलो भारत नीति 2025 और राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के अनुरूप होगी।

# टी20 विश्व कप: आईसीसी ने बांग्लादेश की भारत से बाहर मैच कराने की मांग खारिज की, अंतिम निर्णय के लिए दिया एक और दिन का समय

एजेंसी



नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को टी20 विश्व कप 2026 में भारत आकर खेलने को लेकर अंतिम निर्णय लेने के लिए एक दिन का और समय दिया है। यदि बांग्लादेश सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत आने से इनकार करता है, तो आईसीसी बोर्ड ने टीम रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को उसकी जगह टूर्नामेंट में शामिल करने का फैसला किया है। यह निर्णय बुधवार को हुई आईसीसी बोर्ड बैठक में लिया गया, जहां अधिकांश निदेशकों ने बांग्लादेश की जगह वैकल्पिक टीम को शामिल करने के पक्ष में मतदान किया। बैठक में मौजूद 15 निदेशकों में से केवल पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बीसीबी के रुख का समर्थन किया। यह बैठक उस समय बुलाई गई, जब पीसीबी ने मंगलवार को आईसीसी और अन्य क्रिकेट बोर्डों को पत्र लिखकर बांग्लादेश के पक्ष में अपना समर्थन जताया था। आईसीसी बोर्ड की बैठक में सभी फुल मेंबर देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में आईसीसी चेयर जय शाह के अलावा बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, श्रीलंका क्रिकेट अध्यक्ष शम्मी सिल्वा, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़वी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अध्यक्ष माइक बेयर्ड, जिम्बाब्वे क्रिकेट अध्यक्ष तवेंगा मुखुहलानी, वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष किशोर शैलो, क्रिकेट आयरलैंड चेयर ब्रायन मैकनीस, न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि रोजर ट्वोज़, ईसीबी चेयर रिचर्ड थॉम्पसन, दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधि मोहम्मद मूसा जी और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड अध्यक्ष मीरवाइस अशरफ मौजूद रहे।

इसके अलावा दो एसोसिएट मेंबर निदेशक मुबाशिर उस्मानी और महिंदा वल्लिपुरम, आईसीसी सीईओ संजोग गुप्ता, उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा और आईसीसी के महाप्रबंधक गौरव सक्सेना भी बैठक में शामिल थे। आईसीसी की एंटी करप्शन यूनिट (एसीयू) के प्रमुख एंड्रयू एफग्रेव भी बैठक में मौजूद थे, जो पिछले सप्ताह ढाका जाकर बीसीबी के साथ सुरक्षा को लेकर प्रत्यक्ष बातचीत कर चुके हैं।

बैठक के बाद जारी बयान में आईसीसी ने कहा,‟सभी सुरक्षा आकलनों और स्वतंत्र समीक्षाओं पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। इन सभी रिपोर्टों में यह स्पष्ट किया गया है कि भारत में टूर्नामेंट स्थलों पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, मीडिया कर्मियों, अधिकारियों और प्रशंसकों के लिए कोई खतरा नहीं है।‟

# ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026: अल्कराज ने हान्फमैन की चुनौती पार कर तीसरे दौर में बनाई जगह

मेलबर्न। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में जर्मनी के यानिक हान्फमैन को कड़े मुकाबले में 7-6(4), 6-3, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ अल्कराज ने करियर ग्रैंड स्लैम की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया। पहले दौर में एडम वॉल्टन के खिलाफ आसान जीत दर्ज करने वाले 22 वर्षीय अल्कराज को इस बार रोड लेवर एरीना में हान्फमैन ने कड़ी चुनौती दी। मुकाबले में शुरुआती सेट में अल्कराज को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अनुभव और धैर्य का परिचय देते हुए मैच पर नियंत्रण हासिल किया। पहले सेट में अल्कराज 1-3 से पिछड़ गए थे, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए स्कोर बराबर किया। हालांकि, हान्फमैन की दमदार सर्विस के सामने उन्हें कई ब्रेक प्वाइंट गंवाने पड़े।

# संघर्ष, समर्पण और खेलो इंडिया: स्करमा त्सुल्टिम बनीं लद्दाख की पहली अंतरराष्ट्रीय स्पीड स्केटर

एजेंसी



लेह (लद्दाख) । लद्दाख की बेटी स्करमा त्सुल्टिम आज अंतरराष्ट्रीय स्पीड स्केटिंग में अपनी पहचान बना चुकी हैं, लेकिन उनकी यह यात्रा किसी बड़े सपने या योजना से शुरू नहीं हुई थी। साल 2018 की सर्दियों में, जब उन्होंने पहली बार आइस स्केटिंग के जूते पहने, तब वह महज एक स्कूली छात्रा थीं और 15 दिवसीय विंटर स्पोर्ट्स प्रशिक्षण शिविर में अन्य बच्चों की तरह हिस्सा ले रही थीं। स्केटिंग उन्हें न डरावनी लगी, न भारी-बल्कि स्वाभाविक लगी। यहीं से एक विचार ने जन्म लिया, जिसे आगे चलकर खेलो इंडिया विंटर गेम्स ने नई दिशा दी। हर सर्दी में स्केटिंग और मौसम खत्म होते ही सामान्य जीवन का सिलसिला 2021 तक चला। लद्दाख में सर्दियों के दौरान स्कूल बंद रहते हैं और जमी हुई गुपुख झीलें बच्चों के खेल के मैदान बन जाती हैं। स्करमा भी अपने भाई के साथ वहीं अभ्यास कर रही थीं, तभी कोच अब्बास नोरडाक की नजर उन पर पड़ी। प्रतिभा पहचानते हुए उन्होंने स्करमा को चुना और यहीं से उनके जीवन की दिशा बदल गई। नियमित विंटर कैंप और कड़ी ट्रेनिंग के बाद, एक साल के भीतर ही स्करमा ने गुरुग्राम के आई-स्केट में आयोजित 17वीं राष्ट्रीय स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। हालांकि उनका पहला राष्ट्रीय अनुभव अच्छा नहीं रहा। यह उनका आर्टिफिशियल आइस पर पहला मुकाबला था और प्रतिस्पर्धा का स्तर उन्हें विचलित कर गया। इसके बावजूद प्रशिक्षण जारी रहा। गर्मियों में मसल ट्रेनिंग, रोलर स्केटिंग और फिटनेस पर काम होता रहा। उनके पिता कई बार 20 से 40 किलोमीटर दूर तक उन्हें रोलर स्केटिंग अभ्यास के लिए ले जाते, जबकि उनकी मां उन्हें जमीन से जुड़े रहने और केवल पदकों के लिए नहीं, बल्कि खेल के आनंद के लिए खेलने की सीख देती रहीं। 18वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भी उन्होंने भाग लिया, लेकिन खास सफलता नहीं मिली। साल 2023 में गुलमर्ग में आयोजित तीसरे खेलो इंडिया विंटर गेम्स ने स्करमा के करियर को नई उड़ान दी। पहली बार लद्दाख के सात खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में उतरे। स्करमा ने जूनियर गर्ल्स (15S19 वर्ष) 1000 मीटर शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में रजत पदक जीता। यह पदक सिर्फ एक उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मविश्वास की नींव था। यहीं से उन्हें भारतीय स्पीड स्केटिंग टीम में चुना गया और उन्होंने सिंगापुर में आयोजित साउथ ईस्ट एशियन चैंपियनशिप 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जिसके लिए फिलीपींस में प्रशिक्षण हुआ। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था और वह टीम में लद्दाख की अकेली खिलाड़ी थीं। भाषा की बाधा और झिझक के कारण शुरुआत आसान नहीं रही। जापान, इंडोनेशिया, चाइनीज ताइपे और चीन के खिलाड़ियों की प्रोफ़ेशनल तैयारी देखकर वह घबरा गईं।

# इंडोनेशिया मास्टर्स 2026: सिंधु और श्रीकांत दूसरे दौर में पहुंचे

एजेंसी

जकार्ता । दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु और पूर्व विश्व नंबर एक किदांबी श्रीकांत ने इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीतकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु ने जापान की मनामी सुइज़ू को 53 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 22-20, 21-18 से हराया। सिंधु ने अहम मौकों पर संयम दिखाते हुए सीधे गेम में जीत दर्ज की। पुरुष एकल में विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने जबरदस्त संघर्ष करते हुए विश्व नंबर 22 कोकी वतनाबे (जापान) को एक घंटा 12 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-15, 21-23, 24-22 से शिकस्त दी।

अब अगले दौर में श्रीकांत का सामना चौथी वरीयता प्राप्त चाउ तियेन चेन (चीनी ताइपे) से होगा, जिन्होंने पहले दौर में आयरलैंड के न्हात गुयेन को 21-14, 21-15 से हराया।

हालांकि, अन्य भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन निराशाजनक रहा। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज को पहले दौर में ही इंडोनेशिया के मोह जाकी उबैदिल्लाह के खिलाफ 17-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में आकर्शी कश्यप भी शुरुआती दौर से आगे नहीं बढ़ सकीं। उन्हें डेनमार्क की जूली डावल याकोबसेन से 21-8, 20-22, 17-21 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में भारत का अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। रोहन कपूर और रुथविका गड्डे की जोड़ी को फ्रांस की चौथी वरीयता प्राप्त थॉम गिकेल और डेल्फिन डेलरू ने 9-21, 20-22 से हराया। वहीं ध्रुव कपिला और तनिष क्रास्टो को फ्रांस की जूलियन माओ और लिया पालेर्मो की जोड़ी ने 23-21, 20-22, 6-21 से शिकस्त दी। इस तरह पहले दौर के बाद भारतीय चुनौती सीमित खिलाड़ियों तक सिमट गई है।

# जीआरई रीन्यू इनरटेक ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

नई दिल्ली। सोलर एनर्जी सेक्टर में काम करने वाली कंपनी जीआरई रीन्यू इनरटेक के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को काफी निराश किया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 105 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 10.47 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 96 रुपये के स्तर पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर गिरकर 91.20 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गए और इसी स्तर पर बंद हुए। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 12.96 प्रतिशत का नुकसान हो गया। जीआरई रीन्यू इनरटेक का 39.56 करोड़ रुपये का आईपीओ 13 से 16 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 16.53 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 14.69 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 24.67 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 14.10 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 37.68 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में उतार-चढ़ाव होता रहा है।

# स्टॉक मार्केट में इंडो एसएमसी की सपाट शुरुआत, मामूली फायदे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी



नई दिल्ली। इंडस्ट्रियल सेक्टर के लिए इलेक्ट्रिकल प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी इंडो एसएमसी के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 149 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार-चढ़ाव के 149 रुपये के स्तर पर ही हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर गिरकर 141.55 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गए। हालांकि थोड़ी देर बाद ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर लोअर सर्किट ब्रेक करने में सफल रहे। पूरे दिन का कारोबार होने के बाद इंडो एसएमसी के शेयर 154.80 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह फ्लैट लिस्टिंग होने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशक बाद में हुई लिवाली के कारण पहले दिन का कारोबार होने के बाद 3.89 प्रतिशत का मुनाफा कमाने में सफल रहे। इंडो एसएमसी का 91.95 करोड़ रुपये का आईपीओ 13 से 16 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 110.49 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 94.94 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं, नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 164.59 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 96.13 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 61.71 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी प्लांट का विस्तार करने, मशीनरी की खरीदारी करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत में लगातार मजबूती आई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 46 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर तीन करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध लाभ उछल कर 15.44 करोड़ रुपये रह गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2025 में कंपनी को 11.46 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है।

# नितिन नबीन ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ की अहम बैठक

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नबीन ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं प्रदेश अध्यक्षों की बैठक की अध्यक्षता की। इस अहम बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों, चुनावी तैयारियों और केंद्र और राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में पार्टी के शीर्ष संगठनात्मक पदाधिकारी, विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता शामिल हुए। यह बैठक ऐसे समय में आयोजित हुई है जब पार्टी संगठन पर्व के बाद नए सिरे से संगठनात्मक गतिविधियों को तेज़ करने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटी हुई है। बैठक में भाजपा के संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, विनोद तावड़े, सुनील बंसल, दुष्यंत गौतम, तरुण चुग, सीटी रवि और राधा मोहन दास अग्रवाल सहित कई राष्ट्रीय पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा, विभिन्न राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री (संगठन) और चुनाव प्रभारी भी बैठक में शामिल हुए। कई प्रदेशों के अध्यक्षों ने अपने-अपने राज्यों की राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनौतियों को लेकर राष्ट्रीय नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुति दी। श्री नबीन ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका अनुशासित संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना पार्टी की प्राथमिकता है और हर कार्यकर्ता को पार्टी की विचारधारा और सरकार की उपलब्धियों से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्षों से आग्रह किया कि वे केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं–जैसे गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और युवाओं से जुड़े कार्यक्रमों–को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचायें। श्री नवीन ने सभी पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों से संगठनात्मक अनुशासन ‸बनाए रखने, एकजुट संदेश देने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन और सरकार के बीच बेहतर समन्वय से ही जनता का भरोसा मजबूत होता है और भाजपा इसी मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। बैठक में हाल ही में संपन्न संगठन पर्व, सदस्यता अभियान और पार्टी की आंतरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समीक्षा भी की गई। प्रदेश अध्यक्षों ने अपने राज्यों में संगठन पर्व के दौरान हुए कार्यों, कार्यकर्ता सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि पार्टी के सभी संगठनात्मक निर्णय भाजपा के संविधान और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप लिए गए हैं और आगे भी संगठनात्मक अनुशासन सर्वोपरि रहेगा।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए चुनावी रणनीति पर भी चर्चा हुई। जमीनी फीडबैक, क्षेत्रीय मुद्दों और विपक्ष की रणनीतियों का विश्लेषण किया गया।

सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और युवाओं तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने पर भी विशेष चर्चा हुई। इस दौरान यह तय किया गया कि डिजिटल माध्यमों के साथ-साथ जनसंपर्क अभियानों और प्रत्यक्ष संवाद को और मजबूत किया जाएगा।

## सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया राष्ट्रीय विद्युत नीति का मसौदा

एजेंसी

नयी दिल्ली। विद्युत मंत्रालय ने विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से नई राष्ट्रीय ऊर्जा नीति (एनईपी) 2026 का मसौदा जारी करने की घोषणा की है जो नीति 2005 में अधिसूचित वर्तमान एनईपी का स्थान लेगी। मंत्रालय की ओर से बुधवार को बताया गया है कि फरवरी 2005 में अधिसूचित पहली राष्ट्रीय विद्युत नीति ने विद्युत क्षेत्र की मूलभूत चुनौतियों का समाधान किया जिनमें मांग-आपूर्ति में अंतर के साथ साथ बिजली की सीमित उपलब्धता और अपर्याप्त बुनियादी ढांचा शामिल हैं। इसके बाद से विद्युत क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भागीदारी के साथ स्थापित उत्पादन क्षमता में चार गुना वृद्धि हुई है। विद्युत बाजारों और एक्सचेंजों ने पूरे देश में बिजली खरीद में अनुकूलता और दक्षता में सुधार किया है।उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों के बावजूद वितरण क्षेत्र में जैसे कि उच्च संचित घाटा और बकाया ऋण चुनौतियां निरंतर बनी हुई हैं। कई क्षेत्रों में शुल्क लागत के अनुरूप नहीं हैं और उच्च अंतर-सब्सिडी के परिणामस्वरूप औद्योगिक शुल्क बढ़ गए हैं, जो भारतीय उद्योग की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रहे हैं। राष्ट्रीय विद्युत नीति 2026 का मसौदा महत्वाकांक्षी लेकिन आवश्यक लक्ष्य निर्धारित करता है। नीति का लक्ष्य 2030 तक प्रति व्यक्ति बिजली की खपत को 2,000 किलोवाट-घंटे और 2047 तक 4,000 किलोवाट-घंटे से अधिक करना है। यह भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं के अनुरूप भी है, जिसमें 2030 तक उत्सर्जन तीव्रता को 2005 के स्तर से 45 प्रतिशत कम करना और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना शामिल है, जिसके लिए कम कार्बन ऊर्जा मार्गों की ओर निर्णायक बदलाव आवश्यक है। विभिन्न नए प्रावधानों के साथ एनईपी 2026 का मसौदा भविष्य के लिए तैयार, आर्थिक रूप से व्यवहार्य और पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी विद्युत क्षेत्र के लिए एक व्यापक प्रारूप प्रदान करता है।

## खरगे–राहुल देशभर के मनरेगा श्रमिकों के साथ करेंगे सीधा संवाद

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने गुरुवार को यहां महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया है जिसमें देश के करीब 25 राज्यों से 400 से अधिक मनरेगा श्रमिक तथा कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे और मनरेगा को खत्म करने से हो रहे नुकसान पर व्यापक चर्चा करेंगे।

कंाग्रेस रचनात्मक विभाग के प्रमुख संदीप दीक्षित ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मनरेगा लोगों को अधिकार के रूप में मिला है लेकिन भाजपा सरकार ने इस अधिकार को छीना है और कंाग्रेस इसका विरोध कर रही है और इसकी बहाली के लिए देशव्यापी आंदोलन चला रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने मनरेगा में काम किया है उनके विचार से रू ब रू होने के मद्देनजर गुरुवार को यहां जवाहर भवन में संवाद कार्यक्रम रखा गया है जिसमें मनरेगा से जुड़े देशभर से आये लोग चर्चा करेंगे और आगे के लिए रणनीति बनाएंगे।

इस कार्यक्रम में करीब 25 राज्यों से मनरेगा के रूप में काम करने वाले श्रमिकों के साथ ही मनरेगा के लिए काम करने वाले लोग भी शामिल होंगे और कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिाकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मनरेगा श्रमिकों के साथ सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा को बदलकर भाजपा जिस नए एक्ट (वीबी-जी राम जी) को लाई है, उसका कंाग्रेस लगातार विरोध कर रही है। कई राज्यों और जिलों में ‘मनरेगा बचाओ अभियान‘ चलाया जा रहा है। आखिर सरकार ने श्रमिकों के अधिकारों पर हमला किया है। पंचायत के लोग इस कार्यक्रम में बताएंगे कि किस तरह से मनरेगा ने उनकी मदद की है और उनके गांवों में विकास कार्य हुआ है इन सब मुद्दों पर इसमें चर्चा की जाएगी। कंाग्रेस नेता ने कहा कि मनरेगा योजना कोविड के समय में करोड़ों लोगो के लिए एक संजीवनी बनी थी। मनरेगा ने लोगों के मन में अपनी जगह बना ली थी। ऐसे में हमने तमाम ऐसी संस्थाओं से संवाद किया जो किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए काम करते रहे हैं। संवाद और चर्चाओं में एक ही बात निकल कर आई है कि लोगों के अधिकार छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मनरेगा पर संवाद होगा और जो कार्यकर्ता हैं वे अपने विचार रखेंगे। ये वो लोग हैं, जिन्होंने अपने गांव में मनरेगा का इस्तेमाल कर सड़कें, स्कूल, पंचायत भवन, तालाब, वॉटर हार्वेस्टिंग के प्लांट बनाए हैं। ये सभी वो लोग हैं।

## मुक्त व्यापार समझौते के बाद और अधिक मजबूत होंगे भारत तथा स्पेन के व्यापारिक संबंध : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत तथा स्पेन के बीच व्यापारिक संबंध और अधिक सशक्त होंगे।

स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की।

श्री अल्बारेस का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और स्पेन के बीच आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं तथा व्यापार और निवेश में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग, रेलवे, नवीकरणीय ऊर्जा, शहरी सेवाओं और रक्षा एयरोस्पेस के क्षेत्र में स्पेन की क्षमताएं भारत की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतऽयूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध और अधिक सशक्त होंगे।



उन्होंने कहा कि बहुपक्षवाद के प्रबल समर्थक होने के नाते भारत और स्पेन को संयुक्त राष्ट्र और जी-20 जैसे बहुपक्षीय मंचों पर मिलकर काम करना चाहिए ताकि विश्व में शांति, समृद्धि और स्थिरता के हमारे साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाया जा सके। राष्ट्रपति ने कहा कि आतंकवाद की चुनौती से निपटने के बारे में भारत और स्पेन की साझा सोच है, क्योंकि आतंकवाद वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए हमें अपने संसाधनों और क्षमताओं को एकजुट करना होगा। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत और स्पेन के संबंध सदियों पुराने हैं, जिन्हें व्यापार, संस्कृति और लोकतंत्र तथा बहुलवाद के साझा मूल्यों ने समृद्ध किया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दोनों देशों के राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ है, जिसे ‘भारतऽस्पेन द्विवार्षिक संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता वर्ष‘ के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि यूरोप और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंध लगातार प्रगति कर रहे हैं और भारत अपने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष का मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत करने की प्रतीक्षा कर रहा है।

## न्यू पार्लियामेंट–द वॉयस ऑफ़ भारत का लोकार्पण

### वास्तुकला का अद्भुत समागम है न्यू पार्लियामेंट : राज्यपाल गुरमीत सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। अकादमिक जगत में अपनी कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रसिद्ध दिल्ली विश्वविद्यालय के गांधी भवन के निदेशक व पुस्तकालय विज्ञान विषय के अद्वितीय प्रो. के.पी. सिंह की बहु प्रतीक्षित पुस्तक,'' न्यू पार्लियामेंट - द वॉयस ऑफ भारत '' का मंगलवार को उत्तराखंड सदन में उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। आरंभ में प्रो. के.पी. सिंह ने महामहिम राज्यपाल को पुष्पगुच्छ,अंग वस्त्रम, स्मृति चिन्ह एवं श्रीमद् भागवत गीता की प्रति भेंट कर स्वागत किया।



प्रो. के.पी.सिंह ने अपने स्वागत वक्तव्य में महामहिम राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी वजह से उनको पुस्तकों के लेखन की प्रेरणा प्राप्त हुई है । उन्होंने बताया कि लॉकडाउन के समय से लेकर आज तक लगातार 4 पुस्तकें क्रमानुसार प्रकाशित हुई हैं। अपनी पुस्तक के प्रेरणा का कारण बताते हुए कहा कि नए संसद भवन का उद्घाटन भारतीय संस्कृति की पुनःप्राप्ति का अवसर था और पूरा देश भावुक था तो उस समय को संजोने के लिए इस पुस्तक को प्रकाशित किया। पुस्तक के विषय में चर्चा करते हुए अटल प्रकाशन की ओर से उपासना काबरा ने कहा कि इस पुस्तक में नए संसद भवन के निर्माण के संकल्प में जिस तरह के वास्तु से लेकर पौराणिक एवं आधुनिक भारत के मिश्रण का जिक्र है । उन्होंने बताया कि 307 पृष्ठ की इस पुस्तक में उस समय देश की भावनात्मक मनोदशा एवं वैचारिकी का विवरण है। स्वागत वक्तव्य के पश्चात माननीय महामहिम राज्यपाल श्री गुरमीत सिंह ने प्रो.के. पी. सिंह की पुस्तक का विमोचन किया । अपने उद्बोधन में महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह जी ने प्रो. के.पी. सिंह जी को इस अद्वितीय पुस्तक के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी को लक्ष्य प्राप्ति के लिए खड़ा होना ही पड़ेगा , यही नवीन संसद भवन का विचार है। संसद का नयापन राष्ट्र का नयापन है। विश्वगुरु भारत की हुंकार है। नया संसद भवन 21वीं सदी के भारत का भवन है । उन्होंने कहा कि अपने विचारों को अपने स्थानों को अपने संस्थानों को नयापन देना ही होगा। उन्होंने आगे कहा कि हम सब जानते हैं कि भारत लोकतंत्र की जननी है। यहीं लोकतंत्र जन्मा है। उदाहरण देते हुए कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि यह संसद भवन भारत की अपनी थाती को समाहित किए हुए है।

## कीटनाशकों के ई–कॉमर्स के लिए बनें कड़े कानून : संगठन

एजेंसी

नयी दिल्ली। कीटनाशक बनाने वाली 17 बड़ी कंपनियों के संगठन ‘क्रॉपलाइफ इंडिया‘ ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इनकी बिक्री के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है ताकि घटिया या नकली उत्पादों से किसानों को संभावित नुकसान की स्थिति में जवाबदेही तय की जा सके।

क्रॉपलाइफ इंडिया के अध्यक्ष और क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अंकुर अग्रवाल ने बुधवार को यहां ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर फसलों की सुरक्षा से संबंधित उत्पादों पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि मौजूदा समय में कीटनाशकों का विनियमन इनसेक्टिसाइड्स एक्ट, 1968 के तहत होता है। सरकार ने साल 2022 में इसमें संशोधन कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आम उत्पादों की तरह कीटनाशकों की बिक्री के लिए भी अनुमति प्रदान की थी। अब सरकार पेस्टिसाइड मैनेजमेंट विधेयक लाने की तैयारी कर रही है जिसका प्रारूप तैयार हो चुका है। सरकार ने संगठन से 04 फरवरी तक अपने सुझाव सौंपने के लिए कहा है। विधेयक के प्रारूप का स्वागत करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि जिस प्रकार विक्रेता को लाइसेंस की जरूरत होती है उसी तरह ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों के लिए भी लाइसेंस या मान्यता अनिवार्य की जानी चाहिये। वर्तमान समय में यह सुनिश्चित करने का कोई तरीका नहीं है कि ऑनलाइन बिक रहा पेस्टिसाइड असली है या नकली। उन्होंने कहा कि यदि कोई कंपनी बिना लाइसेंस के कीटनाशक बेच रही है तो उस पर भी नकली उत्पाद की तरह ही कार्रवाई होनी चाहिये। कार्यक्रम को केंद्रीय कृषि आयुक्त पी.के. सिंह और केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड एवं पंजीकरण समिति के सचिव सुभाष चंद ने भी संबोधित किया। श्री अग्रवाल के अनुसार, इस समय देश का घरेलू कीटनाशक बाजार लगभग 26 हजार करोड़ रुपये का है और निर्यात 40 हजार करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा कि घरेलू बिक्री में एक प्रतिशत से कुछ कम हिस्सेदारी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की है। इसमें कई बार नकली और घटिया कीटनाशकों की खबरें भी आती हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी तय करने के लिए कोई नियम नहीं होने के कारण उसके माध्यम से नकली उत्पादों की बिक्री और आसान हो जाती है।

# पेज एक का शेष

### सदन समग्र...

लेकर 24 घंटे सार्थक चर्चा हुई और रात 11 बजे तक लगभग 300 प्रतिनिधि इस चर्चा में शामिल रहे। स्थिति यह रहती है कि सदस्य लंच से ज्यादा चर्चा के लिए उत्सुक रहते हैं। पीठ पक्ष और विपक्ष को भरपूर समय देती है और हम इस चर्चा में आए सुझावों सदस्यों के अनुभवों को प्रदेश के विकास की योजनाओं में शामिल करते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश भी पूरी तरह से तैयार है। ?विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। सरकार ने उत्तर प्रदेश के वि?कसित उत्तर प्रदेश के लिए प्रदेश के सभी लोगों से सुझाव मांगे हैं और लगभग 98 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन सुझावों को श्रेणीवार तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक जिले के लिए एक कमेटी बनाई गई है। प्रदेश के पूर्व नौकरशाह, शिक्षाविद और युवाओं की एक कमेटी इस दिशा में बेहतर काम कर रही है। इन सुझावों को विजन डाक्यूमेंट का हिस्सा बनाएंगे और स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक इस पर अमल में लाएंगे। समापन समारोह में इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कहा कि सदन का हर समय कीमती होता है। इसलिए सदन के अंदर सहमति -असहमति के लिए जगह है, लेकिन गतिरोध के लिए बिल्कुल जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के प्रदर्शन के लिए भी सदन नहीं है। अगर किसी सदस्य को करना है तो राजनीतिक प्रदर्शन सदन के बजाए बाहर करें। ताकि शासन की पारदर्शिता हो सके। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हम सब पीठासीन अधिकारी हैं और हमारी जवाबदेही है। उन्होंने आशा जताई कि दो दिन की चर्चा के बाद हम आगे बढ़ेंगे। हमारी कोशिश होगी कि जनता का संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा बढ़े। सम्मेलन को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने भी संबोधित किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए सभी प्रतिनिधियों को सहयोग के लिए आभार जताया। कहा कि अगर कोई त्रुटि हुई हो तो वे स्वयं जिम्मेदार हैं । उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने मंचस्थ अतिथियों और देश के विभिन्न राज्यों से आए पीठासीन अधिकारियों के प्रति आभार जताया। अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के साथ कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस सम्मेलन में 28 राज्यों, तीन केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं और छह विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। समापन के बाद सभी प्रतिनिधियों का अयोध्या भ्रमण व श्रीराम लला के दर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### विधान मंडलों में न्यूनतम...

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जनता यह चाहती है कि उसके चुने गए प्रतिनिधि विधानसभा में उनकी समस्याओं को उठाएं और सरकार उन समस्याओं का उचित तरीके से समाधान करे। आज सभी राज्यों की विधानसभाएं पेपरलेस हो चुकी हैं। डिजिटलीकरण हो गया है। सब मिलकर कार्य कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि संसद भी विधानसभाओं के साथ मिलकर कार्य कर रही है। सदन का हर समय कीमती है। इसलिए सदन के अंदर सहमति और असहमति के लिए जगह है, लेकिन गतिरोध के लिए नहीं है। नारेबाजी और प्रदर्शन के लिए सदन नहीं हैं। राजनीतिक प्रदर्शन सदन के बजाए बाहर करें। ताकि शासन की पारदर्शिता हो सके। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम सब पीठासीन अधिकारी हैं। हमारी जवाबदेही है। मुझे आशा है कि दो दिन की चर्चा के बाद हम आगे बढ़ेंगे। हमारी कोशिश होगी कि जनता का संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा बढ़े। इस सम्मेलन में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के साथ कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस सम्मेलन में 28 राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों की विधानसभाओं और छह विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया है। सम्मेलन में विधायी प्रक्रियाओं में तकनीक, जनप्रतिनिधियों की क्षमता-विकास और संसदीय जवाबदेही पर विस्तृत चर्चा हुई। आज सम्मेलन का समापन है।

### जनभागीदारी से...

प्रदेश की संस्कृति, स्वाद, शिल्प और विकास दृष्टि को एक साथ प्रस्तुत करे तथा प्रत्येक आगंतुक के लिए यह अनुभव प्रेरणादायी, स्मरणीय और गर्व का विषय बने।

### वायुसेना का ट्रेनी...

प्राथमिक उपचार के बाद सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। प्रशासन ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है। जिस तालाब में विमान गिरा, वहां चारों ओर घनी जलकुंभी और दलदली जमीन है। इसी वजह से दुर्घटनास्थल तक तुरंत पहुंचना मुश्किल रहा। मौके पर फायर ब्रिगेड, पुलिस और एनडीआरएफ-एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गईं। वायुसेना का एक हेलिकॉप्टर भी घटनास्थल पर पहुंचा और ऊपर से हालात का आकलन किया। स्कूल समय के दौरान हादसा होने से अभिभावकों में चिंता फैल गई। सूचना मिलते ही कई पेरेंट्स केपी कॉलेज और आसपास के स्कूलों में पहुंचे और बच्चों को सुरक्षित घर ले गए। स्थानीय प्रशासन ने एहतियातन कुछ समय के लिए इलाके को घेराबंदी में रखा। विशेषज्ञों के अनुसार, इस तरह की घटनाएं ट्रेनिंग उड़ानों के दौरान तकनीकी सतर्कता और आपात प्रतिक्रिया की अहमियत को रेखांकित करती हैं। पायलटों की त्वरित निर्णय क्षमता ने एक बड़े जनहानि वाले हादसे को टाल दिया। जांच पूरी होने के बाद ही तकनीकी खराबी के सटीक कारण सामने आ पाएंगे। फिलहाल, वायुसेना और जिला प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है। विमान को तालाब से निकालने की प्रक्रिया मौसम और जमीन की स्थिति को देखते हुए चरणबद्ध तरीके से की जाएगी।

### मतदाता सूची का...

को संबोधित करते हुए निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु ने कहा कि हर चुनाव के केंद्र में नागरिक का विश्वास होता है और उसकी रक्षा करना निर्वाचन निकायों की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं, निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि आईआईसीडीईएमऽ2026 चुनावों को विभिन्न दृष्टिकोणों से समझने का महत्वपूर्ण मंच है। सम्मेलन में आगामी डॉक्यूसीरीज़ ‘इंडिया डिसाइड्स’ की झलक भी दिखाई गई, जो भारत की विशाल और जटिल चुनावी प्रक्रिया को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है।

### गणतंत्र दिवस से ...

जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। सूत्रों का कहना है कि इन नेटवर्कों का उपयोग हथियारों की तस्करी, धन और रसद सहायता उपलब्ध कराने जैसी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा सकता है। इसे देखते हुए दिल्ली और अन्य महानगरों में सुरक्षा सख्त की जा रही है। गणतंत्र दिवस समारोह से जुड़े सभी स्थानों पर अतिरिक्त बल तैनात करने, गहन जांच करने और तकनीकी निगरानी बढ़ाने के निर्देश जारी किए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने जनता से भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि सभी इनपुट की बारीकी से निगरानी की जा रही है और एजेंसियां किसी भी खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### संयुक्त राष्ट्र प्रभावी होता...

दूसरे कार्यकाल के पहले साल में आठ युद्धों को सुलझाया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने किसी भी युद्ध में उनकी मदद नहीं की। ट्रंप ने कहा, ‘‘मैं उन्हें दोष नहीं दे रहा हूं। मैंने उन्हें मदद के लिए फोन नहीं किया, लेकिन मैंने राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों को एक साथ बैठाया, हमने सख्ती से बात की, आपसी सहमति बनाई और वे मुझे पसंद करने लगे। उन्होंने कहा, ‘‘संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों को सुलझाना चाहिए था, जिन्हें मैंने सुलझाया। मैं उसका मदद के लिए कभी आह्वान नहीं किया। उन्हें वे प्रत्येक युद्ध सुलझाने चाहिए थे जो मैंने सुलझाया लेकिन उन्होंने वह नहीं किया। मेरा मानना है कि संयुक्त राष्ट्र को जारी रहने देना चाहिए, क्योंकि इसकी क्षमता बहुत अधिक है। प्रेसवार्ता के दौरान ट्रंप ने एक बार फिर यह दावा दोहराया कि उन्होंने आठ युद्धों को समाप्त कराया जिनमें भारत-पाकिस्तान, कोसोवो और सर्बिया, कांगो-रवांडा समेत अन्य संघर्ष शामिल हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई वैश्विक नेताओं को ‘बोर्ड ऑफ पीस’ में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। इसे संयुक्त राष्ट्र के प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जा रहा है, जो गाजा में स्थायी शांति लाने की दिशा में काम करेगा और वैश्विक संघर्षों के समाधान के लिए एक ़्रसाहसिक और नया दृष्टिकोण अपनाएगा।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले को दी 538 करोड़ की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

छपरा । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान करोड़ों रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही जन संवाद के माध्यम से सरकार के आगामी योजनाओं को भी जनता के सामने रखा।

मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत सदर प्रखंड परिसर स्थित जीविका दीदियों के सिलाई एवं कटाई प्रशिक्षण केंद्र के निरीक्षण से की। उन्होंने वहां संचालित गतिविधियों की बारीकी से जानकारी ली और जीविका दीदियों के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने सात निश्चय पार्ट-3 के तहत लगाए गए स्टार्टअप स्टॉलों का अवलोकन किया और युवा उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बिन्टोरिया में नवनिर्मित आईटीआई भवन का लोकार्पण




किया। उन्होंने जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉलों का भी जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करें।

समृद्धि यात्रा पर छपरा आए मुख्यमंत्री ने जिले को कुल 538 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। जिनमें 451 करोड़ की लागत वाली 45 नई योजनाओं की आधारशिला रखी और 87 करोड़ की लागत से पूर्ण हो चुकी 24 योजनाओं का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने पूर्ववर्ती सरकार को और आड़े हाथों लिया उन्होंने कहा विकास के नाम पर पिछली सरकार तरह नकारा साबित हुई थी। हमारी सरकार पिछले चार कार्यकाल में निरंतर काम किया है और अब पांचवीं बार जनता ने हमें सेवा का जो अवसर दिया है हम उसे पर खड़ा उतर रहे हैं उन्होंने स्वास्थ्य शिक्षा सड़क बिजली परिवहन जैसे क्षेत्रों मैं हुई प्रगति को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने एक घोषणा करते हुए कहा कि राज्य में मुक्त बिजली के बाद अब घर-घर मुक्त सोलर प्लेट सिस्टम लगाए जाएंगे इससे स्वच्छ ऊर्जा के साथ-साथ आम जनता को बिजली के बिल में और कमी आएगी।दिग्गज नेताओं की रही मौजूदगी इस समृद्धि यात्रा में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय कुमार चौधरी, जिले के प्रभारी मंत्री बिजेंद्र यादव, सांसद राजीव प्रताप रूडी, जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और स्थानीय विधायक छोटी कुमारी सहित एनडीए के कई विधायक एवं पूर्व विधायक उपस्थित रहे।

# संपन्न पोर्टल अब उमंग ऐप पर दूरसंचार विभाग के पेंशनधारकों को मिलेगी आसान सुविधाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग ने अपने करीब चार लाख पेंशनधारकों के लिए पेंशन से जुड़ी जानकारी को आसान बनाने के लिए पेंशन लेखा और प्रबंधन प्रणाली (संपन्न) को एकीकृत मोबाइल अनुप्रयोग (उमंग) से जोड़ दिया है। केंद्रीय संचार मंत्रालय के अनुसार, इससे पेंशनधारक अपने पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) नंबर और जीवन प्रमाण पत्र की वैधता सीधे उमंग वेब पोर्टल या मोबाइल ऐप पर देख सकेंगे। यानी अब उन्हें दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी और जरूरी जानकारी घर बैठे मिल जाएगी। दिल्ली के प्रधान नियंत्रक संचार लेखा अधिकारी आशीष जोशी ने कहा कि इस सुविधा का मकसद पेंशनधारकों को आसान पहुंच देना, पारदर्शिता बढ़ाना और सेवाओं को तेज़ करना है। उन्होंने कहा कि हाल ही में




डिजिलॉकर से भी सेवाएं जोड़ी गई हैं, जिससे वरिष्ठ नागरिकों को और मदद मिलेगी। संपन्न पोर्टल साल 2018 में शुरू हुआ था। यह पूरी तरह डिजिटल मंच है, जहां पेंशन की पूरी प्रक्रिया होती है। मामले की शुरुआत से लेकर ई-पीपीओ जारी करने, भुगतान, लेखा, रिपोर्टिंग और शिकायत निवारण तक। पेंशनधारक अब सीधे अपने बैंक खाते में भुगतान पा रहे हैं और घर बैठे स्थिति देख सकते हैं, जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं, मोबाइल नंबर या पता बदल सकते हैं और शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सुधा मूर्ति ने एआई से तैयार अपने वीडियो को लेकर लोगों को किया आगाह

नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य और इंफोसिस फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुधा मूर्ति ने इंटरनेट पर प्रसारित उन फर्जी वीडियो के प्रति लोगों को आगाह किया जिनमें वित्तीय योजनाओं और निवेश को बढ़ावा देने के लिए उनकी पहचान का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ये 'डीपफ़ेक' वीडियो हैं जो उनकी जानकारी या सहमति के बिना बनाए गए हैं। सुधा मूर्ति ने 'एक्स' पर लोगों को नकली एआई जनरेटेड वीडियो के बारे में अलर्ट करने के लिए पोस्ट किया, जिनमें धोखे से उन्हें फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट स्कीम को एंडोर्स करते हुए दिखाया गया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि उन्होंने कभी भी निवेश को एंडोर्स नहीं किया है और जो वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हो रहे हैं, वे पूरी तरह से झूठे हैं। सुधा मूर्ति ने अपनी छवि के दुरुपयोग पर दुख जताया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, ''एक नियम के तौर पर मैं कभी भी निवेश या पैसों से जुड़ी किसी गतिविधि पर बात नहीं करती हूं। मैं हमेशा काम, भारत की संस्कृति, महिलाओं और शिक्षा के बारे में बात करती हूं। मैं कभी भी पैसे निवेश करने और उससे रिटर्न पाने की बात नहीं करती।''

### अधोईवाला देहरादून ने जीता मुकाबला

पौड़ी गढ़वाल । विकास खंड मुख्यालय कोट में सातवीं राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के तहत बुधवार को को राज्यस्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में अधोईवाला देहरादून ने 16 गढ़वाल राइफल्स को एकतरफा मुकाबले में हरा दिया। वहीं, क्षेत्र पंचायत स्तरीय मुकाबले में कोटसाड़ा ने जीत दर्ज की।

बुधवार को राज्य स्तरीय मैच अधोईवाला देहरादून व 16 गढ़वाल राइफल्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में अधोईवाला देहरादून ने एकतरफा मुकाबले में 16 गढ़वाल राइफल्स को 5-1 से हरा दिया। वहीं, क्षेत्र पंचायत स्तरीय मुकाबले में कोटसाड़ा ने कोट को 1-0 से हराया। इससे पूर्व राज्यस्तरीय मैच के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर आर्य ने ऐसे आयोजनों पर जोर दिया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख कोट गणेश कोली, सितोनस्यूं क्रीड़ा समिति के अध्यक्ष भगवान सिंह, क्षेपं सदस्य अजय कुमार, जितेंद्र सिंह, नंद किशोर, जीवन सिंह, अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

### मुख्य सचिव ने की जमरानी और सौंग बांध परियोजनाओं की समीक्षा

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में जमरानी बहुद्देश्यीय और सौंग बांध पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा की और इन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने और फर्स्ट, सेकंड एवं थर्ड पार्टी क्वालिटी कंट्रोल एवं मूल्यांकन नियमित रूप से कराने पर जोर दिया। उन्होंने प्रभावितों के मुआवजा, पुनर्वास और आवंटन कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी निविदा और आवश्यक प्रक्रियाएं समय पर पूरी की जाएं और परियोजनाओं के प्रत्येक चरण का फ्लो चार्ट तैयार कर काम समयबद्ध तरीके से संपन्न किया जाए। सिंचाई विभाग के सचिव युगल किशोर पंत ने बताया कि जमरानी बहुद्देश्यीय परियोजना की कुल लागत 3,678.23 करोड़ है और इसे जून 2029 तक पूरा किया जाएगा। सौंग बांध परियोजना 130.60 मीटर ऊंची, 150 एमएलडी की गुरुत्व आधारित पेयजल परियोजना है, जिसकी लागत 2,524.42 करोड़ है और इसे नवम्बर 2029 तक पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष सिंचाई सुभाष चंद्र सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा माह: हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व पर जोर

चंपावत। जनपद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एमडीएम एजुकेशनल एकेडमी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ परिवहन विभाग ने छात्रों को सड़क पर सुरक्षित रहने और यातायात नियमों के महत्व के बारे में जानकारी दी।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) सुरेंद्र कुमार ने छात्रों को हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने, तेज गति से वाहन न चलाने और सड़क संकेतों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का संकल्प है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने नागरिकों को 'गुड सेमेरिटन' योजना के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले को कानूनी संरक्षण मिलता है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी दुर्घटना में मानवता के आधार पर आगे आएं और घायलों की मदद करें।


### पंजाब : सीमा पार मॉडयूल के लिए काम कर रहे दो तस्कर काबू, छह पिस्तौल बरामद

चंडीगढ़ । अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर पाकिस्तान आधारित तस्करों से जुड़े सरहद पार से चलाए जा रहे अवैध हथियारों के मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से छह आधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (22) निवासी गांव रत्तोके, तरनतारन और सुरजीत सिंह (35) निवासी चेला कॉलोनी, तरनतारन के रूप में हुई है। सुरजीत सिंह का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। बरामद किए गए हथियारों में दो जिंदा कारतूसों सहित 9 एमएम के दो ग्लॉक पिस्तौल और चार .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं। डीजीपी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्ति विदेशी हैंडलरों के निर्देशों के तहत अवैध हथियारों की तस्करी और गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने में शामिल थे। इस मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आरोपित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से पाकिस्तान-आधारित तस्करों से सीधे संपर्क में थे और गैंगस्टरों को इन हथियारों की सप्लाई करने के लिए अवैध हथियारों की खेप प्राप्त कर रहे थे, जो कि ड्रोन के माध्यम से आ रही थी। सीपी ने कहा कि गुरप्रीत उर्फ गोपी के खुलासों के आधार पर पुलिस टीमों ने उसके साथी सुरजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से हथियार बरामद किया है।

# जल संरक्षण उत्तराखंड के सतत विकास की आधारशिला: महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल । नगर पंचायत सतपुली में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलागम विकास घटक के अंतर्गत जलागम महोत्सव 2025-26 का आयोजन कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में किया गया। कैबिनेट मंत्री ने विभागीय स्टॉलों के निरीक्षण के उपरांत बीरोंखाल के मैठाणाघाट, स्यूंसी व फरसाड़ी में बनी जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना यूनिट कार्यालयों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जलागम महोत्सव 2025-26 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ऽ जलागम विकास घटक 2.0, उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना, स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवेनेशन अथॉरिटी (सारा), हरित कृषि परियोजना व जैफ-6 परियोजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गयी।



जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि जल संरक्षण और जल संसाधनों का समुचित प्रबंधन उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य के सतत विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। जलागम योजनाओं के माध्यम से वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जलागम विकास घटक से सूखे क्षेत्रों में हरियाली लौट रही है, किसानों की आय बढ़ रही है और गांवों को जल-सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

सचिव जलागम दिलीप जावलकर ने कहा कि जलागम विकास घटक 2.0 के अंतर्गत वैज्ञानिक, सहभागी और परिणाम-आधारित दृष्टिकोण से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जलागम परियोजनाओं का उद्देश्य केवल संरचनाएं बनाना नहीं है, बल्कि पानी को रोकना, मिट्टी को बचाना और लोगों की आय में वृद्धि करना है। इन कार्यों से भू-जल स्तर में सुधार, भूमि की उत्पादकता में वृद्धि और प्राकृतिक आपदाओं के जोखिम में कमी आयी है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर जीईएफ-6 कहकशा नसीम ने कहा कि जलागम परियोजनाओं को जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन एवं क्रियान्वित किया जा रहा है। जीईएफ-6, ग्रीन एग्रीकल्चर तथा स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवेनेशन परियोजनाओं के माध्यम से सूखते नौले-धारे पुनर्जीवित किए जा रहे हैं, मृदा संरक्षण हो रहा है और पर्यावरण-अनुकूल कृषि को बढ़ावा मिल रहा है। इन प्रयासों से ग्रामीण समुदायों की जलवायु सहनशीलता मजबूत हो रही है। जलागम महोत्सव 2025-26 के माध्यम से जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के पुनर्जीवन, कृषि एवं ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के अनुरूप अनुकूलन, तथा जन सहभागिता के माध्यम से स्थानीय विकास पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के तहत वर्षा जल संचयन, स्प्रिंग रिवाइवल, मृदा संरक्षण एवं ग्रीन एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों की आय वृद्धि और गांवों को जल-सुरक्षित बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की गयी। इस अवसर पर जलागम के तहत उत्कृष्ट कृषकों व ग्रामों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सतपुली जितेंद्र चौहान, डीएफओ महातिम यादव, संयुक्त निदेशक जलागम अनुज कुमार डिमरी, उप निदेशक जलागम डॉ. डीएस रावत, ब्लॉक प्रमुख पौड़ी अस्मिता नेगी, ब्लॉक प्रमुख कल्जीखाल गीता देवी आदि शामिल रहे।

### बहुउद्देश्यीय शिविर में बताई समस्याएं

पौड़ी गढ़वाल। जनऽजन की सरकार, जनऽजन के द्वार कार्यक्रम के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत विकासखंड पौड़ी की न्याय पंचायत कंडारा में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राज्यमंत्री एवं राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष रमेश सिंह गड़िया ने कहा कि इस प्रकार के शिविर लोगों को सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित व समयबद्ध समाधान पर बल देते हुए कहा कि इससे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचता है। न्याय पंचायत कंडारा में आयोजित शिविर में स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कुल 23 शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी ने बताया कि शिविर के दौरान विद्युत, पेयजल, घेरबाड़ सहित विभिन्न प्रकार की 23 समस्याएं प्राप्त हुईं, जिनमें से

# लोहिया कॉर्प लिमिटेड को पेटेंट उल्लंघन के खिलाफ अंतरिम रोक का आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। लोहिया कॉर्प लिमिटेड को कोर्ट से एमएस फाइव फिंगर्स एक्सपोर्ट्स इंडिया, कोयंबटूर के खिलाफ अंतरिम रोक का आदेश मिला है। ये आदेश एमएस फाइव फिंगर्स को वाल्व बैग कन्वर्ज़न मशीनों या किसी भी ऐसी मशीन के निर्माण, बिक्री, निर्यात, आयात, उपयोग या किसी भी तरह से लेन-देन करने से रोकता है, जो लोहिया के भारतीय पेटेंट नंबर 431032 के तहत पेटेंट की गई टेक्नोलॉजी का उल्लंघन करती है। कंपनी के प्रवक्ता ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि सभी संबंधित लोगों को एमएस फाइव फिंगर्स की उपरोक्त उल्लंघन करने वाली मशीनों



के साथ किसी भी तरह का लेन-देन करने से सावधान किया है, ऐसा करने पर उन्हें अपने जोखिम पर कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है और उनके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है। लोहिया कॉर्प लिमिटेड प्लास्टिक बुने हुए कपड़े और बोरियों के लिए मशीनरी और उपकरणों के अग्रणी निर्माताओं में से एक है, जिसकी लगभग 100 देशों में बाज़ार में उपस्थिति है। कंपनी बुने हुए कपड़े के पूरे इको-सिस्टम के लिए एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करती है, जो राफिया उद्योग के लिए आवश्यक पूरे उत्पादन जीवनचक्र के दौरान 'कॉन्सेप्ट से कमीशनिंग' तक सेवाएं प्रदान करती है।

उल्लेखनीय है कि कॉर्प लिमिटेड लोहिया एक टेक्नोलॉजी-संचालित कंपनी है, जो गुणवत्ता, उत्पाद डिजाइनिंग और नए उत्पाद विकास पर ज़ोर देती है, जिसने इसे बदलते बाज़ार की ज़रूरतों के अनुरूप उत्पाद विकसित करने में मदद की है। कंपनी रिसर्च एंड डेवलपमेंट में निवेश करना जारी रखे हुए है, जिसमें नवाचारों को पेटेंट ने विधिवत संरक्षित किया है।

# एनएच 319 ए पर आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक की मौत, दो गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बक्सर। बक्सर-चौसा-मोहनिया एनएच-319ए पर रोहिणीभान गांव के पास बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर कैमूर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र के चड़ेस गांव के दो युवक सवार थे, जबकि दूसरी बाइक पर बक्सर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनारपुर गांव के तीन युवक थे। दोनों ही बाइकों की रफ्तार काफी तेज बताई जा रही है और किसी भी युवक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। टक्कर टीवीएस अपाचे और राइडर बाइक के बीच हुई।

हादसे में दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक ने इलाज के लिए ले जाते समय दम तोड़ दिया। घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। मृतकों में दो युवक बनारपुर गांव के और एक कैमूर जिले का निवासी है। मृतकों में बनारपुर निवासी सुभाष सिंह कुशवाहा के 22 वर्षीय पुत्र सूर्यदेव सिंह की पहचान हुई है। सूर्यदेव की शादी अगले महीने 21 फरवरी को होने वाली थी। वह पटना में रहकर पढ़ाई और नौकरी की तैयारी कर रहा था और दो दिन पहले ही घर लौटा था। इस हादसे से दोनों गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है।

# गणतंत्र दिवस सुरक्षा में दिल्ली पुलिस की अनोखी पहल एआई स्मार्ट चश्मों से होगी अपराधियों की पहचान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए दिल्ली पुलिस इस बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित स्मार्ट चश्मों का इस्तेमाल करेगी। इन चश्मों में फ़ेशियल रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) लगा है, जो पुलिस के आपराधिक डेटाबेस से सीधे जुड़ा रहेगा और मौके पर ही संदिग्ध या वांछित अपराधियों की पहचान कर सकेगा। नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त देवेश महला ने प्रेस वार्ता कर बताया कि ये स्मार्ट चश्मे भीड़भाड़ वाले इलाकों में किसी व्यक्ति के चेहरे को स्कैन कर कुछ ही सेकंड में उसे पुलिस रिकॉर्ड से मिलान करेंगे। जैसे ही कोई मिलान होता है, चश्मा पहनने वाले पुलिसकर्मी को तुरंत अलर्ट मिल जाएगा, जिससे बिना किसी देरी के कार्रवाई की जा सकेगी। वरिष्ठ पुलिस



अधिकारी ने बताया कि यह तकनीक मौके पर पहचान की प्रक्रिया को और तेज करेगी और मैन्युअल जांच पर निर्भरता कम होगी। इससे ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की सतर्कता और प्रतिक्रिया क्षमता दोनों बढ़ेंगी। यह पहल दिल्ली पुलिस की व्यापक तकनीक-आधारित सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है, जिसमें सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, ड्रोन सर्विलांस, फ़ेशियल रिकग्निशन सॉफ्टवेयर और एआई आधारित एनालिटिक्स शामिल हैं। यह दिल्ली पुलिस पहली बार इस्तेमाल कर रही है।

पुलिस अधिकारी के अनुसार परेड रूट, एंट्री प्वाइंट्स, सार्वजनिक दर्शक स्थल और ट्रांजिट हब पर तैनात पुलिसकर्मी इन स्मार्ट चश्मों का उपयोग करेंगे। पुलिस का कहना है कि इस कदम से गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।इसमें करीब 65 हजार से ज्यादा आपराधिकलोगों का डेटा इसमें अपलोड किया गया है।







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063